CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

तापमान — अधिकतम :34°C न्यूनतम: 22°C
सेंसेक्स निफ्टी — 81,451.01 24,750.70
सोना चांदी — 98,010 99,900

मुरादाबाद, सोमवार 2 जून 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 293 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 5 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## मई में जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये के पार

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष 2025 के दूसरे महीने मई में जीएसटी राजस्व संग्रह 2,01,050 करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने के 1,72,739 करोड़ रुपये के संग्रह की तुलना में 16.4 प्रतिशत अधिक है। जीएसटीएन पोर्टल पर रविवार को जारी आंकड़ों के अनुसार मई 2025 में सीजीएसटी संग्रह 35434 करोड़ रुपये रहा है। एसजीएसटी 43902 करोड़ रुपये और आईजीएसटी 108836 करोड़ रुपये रहा है तथा क्षतिपूर्ति अधिभार संग्रह 12879 करोड़ रुपये रहा है। रिफंड के बाद मई 2025 में शुद्ध जीएसटी संग्रह 173841 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष में इसी महीने में संग्रहित 144381 करोड़ रुपये के संग्रह की तुलना में 20.4 प्रतिशत अधिक है। मई 2025 में 27210 करोड़ रुपये का रिफंड किया गया है।

## आर्मी अफसर की याचिका खारिज, बर्खास्तगी बरकरार

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने भारतीय सेना के एक अधिकारी की बर्खास्तगी को सही ठहराया है, जिसे धार्मिक परेड में हिस्सा न लेने के कारण 2017 में सेवा से हटा दिया गया था। अधिकारी सैमुअल कमलेसन ने यह कहते हुए परेड में शामिल होने से इन्कार कर दिया था कि वे ईसाई धर्म से हैं। कमलेसन ने कोर्ट में याचिका दायर कर बर्खास्तगी को चुनौती दी थी। उन्होंने पेंशन और ग्रेच्युटी की मांग के साथ नौकरी पर दोबारा बहाल करने की अपील की थी, लेकिन 30 मई को जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस शालिंदर कौर की पीठ ने सेना के फैसले को बरकरार रखा।

## मान ने वरिष्ठ एयर स्टाफ ऑफिसर का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** एयर मार्शल जसवीर सिंह मान ने रविवार को भारतीय वायुसेना की पश्चिमी वायु कमान के वरिष्ठ एयर स्टाफ ऑफिसर का पदभार संभाला। वह राष्ट्रपति के 'अति विशिष्ट सेवा पदक' और 'वायुसेना पदक' से सम्मानित एयर मार्शल मान इससे पहले वायुसेना मुख्यालय में महानिदेशक (हथियार प्रणाली) थे। एयर मार्शल मान राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के छात्र रहे हैं और 16 दिसम्बर-1989 को भारतीय वायुसेना में लड़ाकू पायलट के रूप में नियुक्त हुए थे। उन्हें विभिन्न प्रकार के लड़ाकू विमानों में 3000 घंटे से अधिक की उड़ान का अनुभव है। वह एक पायलट अटैक इंस्ट्रक्टर हैं और अपने ऑपरेशनल करियर में उन्होंने एक फाइटर स्क्वाड्रन की कमान संभाली है।

# ऑपरेशन सिंदूर से उजागर हुआ जासूसी नेटवर्क

## पाक से हुए यूपीआई, हवाला लेनदेन से पकड़े गए 12 जासूस

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ नौ आतंकी ठिकाने तबाह होने पर पाक ने भारत में एक्टिव किए थे जासूस

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत में गिरफ्तार किए गए पाकिस्तान के 12 जासूसों तक आखिर खुफिया एजेंसियां कैसे पहुंचीं? इस सवाल का जवाब चौंकाने वाला है।

इन एजेंसियों से जुड़े सूत्रों ने बताया कि जब भारत ने 9 आतंकी ठिकाने तबाह किए, तभी बौखलाए पाक ने भारत में अपने सभी जासूस एक्टिव किए। उनसे सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से भारतीय सैन्य ठिकानों, सेना के मूवमेंट्स, सैन्य बेस, एयरबेस की संवेदनशील जानकारियां मंगाना तेज कीं। इसके लिए इन्हें पाकिस्तान से पे-पल पेमेंट एप, ऑनलाइन गैंबलिंग एप, ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी, हवाला, यूपीआई और क्रिप्टोकरेंसी के जरिये 20 हजार से लेकर एक लाख रुपये तक मिले। सीजफायर के बाद भारतीय खुफिया एजेंसियों के रडार पर वे सोशल मीडिया अकाउंट और फोन नंबर आए, जो लड़ाई के दौरान लगातार एक्टिव थे और आईएसआई उनसे संपर्क में थी। सूत्रों ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाक से भारत में हुए हवाला, यूपीआई और बिटकॉइन ट्रांजेक्शन की जानकारी डार्क वेब पर मिली। इन ट्रांजेक्शन्स की पड़ताल में पाकिस्तान की जासूस ज्योति मल्होत्रा, अरमान, देवेंद्र सिंह ढिल्लो, मोहम्मद मुर्तजा अली, सुखप्रीत सिंह, करनबीर सिंह, नोमान इलाही, हारून, तुफैल, सुखदेव सिंह गोहिल, शहजाद और मोतीराम जाट की जानकारी मिली। गृह मंत्रालय को इसकी जानकारी दी गई। यदि कार्रवाई में जरा भी देरी होती, तो जासूस भाग सकते थे। इसलिए तय हुआ कि जो जासूस जिस राज्य का है, वहां की जांच एजेंसी को पकड़ने की जिम्मेदारी दें। नतीजा इन 12 समेत 15 पकड़े गए।

## दिल्ली-एनसीआर में तेज आंधी और बारिश, छाया अंधेरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ 76 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाएं

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में एक बार फिर से मौसम ने करवट ली है। रविवार शाम को दिल्ली और आसपास के इलाकों में तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई।

शाम करीब 5 बजे 76 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। कई जगहों पर हल्की से मध्यम और भारी बारिश भी देखने को मिली है। शाम को दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में काले बादलों की वजह से अंधेरा छा गया। कई जगहों पर तेज आंधी की वजह से नुकसान की खबरें आ रही हैं। मौसम विभाग ने दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में तेज आंधी और बारिश के लिए पहले ही अलर्ट जारी किया था। दिल्ली के प्रगति मैदान में 76 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। नोएडा और गाजियाबाद के क्षेत्रों में भी 65 से 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार की हवाएं दर्ज की गईं। कई जगहों पर पेड़ों के टूटने और वाहनों को नुकसान होने की खबरें सामने आ रही हैं। बिजली विभाग की ओर से सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए कई इलाकों में बिजली सप्लाई को बंद किया गया है। दिल्ली के पालम, झरोदा कलां, सफदरजंग समेत कई इलाकों में शाम करीब 4.30 बजे 37 से 65 किलोमीटर प्रति घंटे की हवाएं दर्ज की गईं।

## मणिपुर में नई सरकार पर भाजपा में बनी सहमति

**इंफाल।** जातीय हिंसा से जूझ रहे मणिपुर में नई सरकार बनाने की कवायद तेज हो गई है। भाजपा के 27 विधायकों ने 30 मई को बैठक की थी। इसमें नई सरकार बनाने पर सहमति बन गई है। बैठक से पूर्व मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह और स्पीकर रहे सत्यव्रत सिंह को दूर रखा गया था। बैठक में बीरेन सिंह के खिलाफ विद्रोह करने वाले भाजपा विधायकों के साथ-साथ 9 फरवरी को सीएम पद से इस्तीफा देने तक उनका समर्थन करने वाले विधायक भी शामिल थे। एक विधायक ने बताया कि बीरेन सिंह को नहीं बुलाया गया था। बैठक के बाद विधायकों ने बयान जारी कर कहा है कि सरकार गठन की दिशा में काम करने के लिए व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं को अलग रखने का संकल्प लिया गया है।



## अब्बास अंसारी की विधायकी खत्म

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की मऊ सदर सीट से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक अब्बास अंसारी को एक चुनावी रैली के दौरान भड़काऊ भाषण देने के मामले में दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद उत्तर प्रदेश विधानसभा की सदस्यता से रविवार को अयोग्य घोषित कर दिया गया।

इस संबंध में प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे ने रविवार को अधिसूचना जारी की। अधिसूचना के अनुसार अब्बास अंसारी को 31 मई से अयोग्य माना जाएगा और मऊ सदर सीट को रिक्त घोषित कर दिया गया है। अब्बास अंसारी मुख्तार अंसारी के बेटे हैं। अब्बास अंसारी ने 2022 के चुनावों में मऊ सीट से जीत दर्ज की थी, जब सुभासपा का समाजवादी पार्टी (एसपी) के साथ गठबंधन था।

## नौ दिन में देश में 1300 प्रतिशत बढ़े कोरोना केस

### 48 घंटे में 21 मौतें, 3783 एक्टिव केस, बेंगलुरु में वैक्सीन की तीनों डोज ले चुके मरीज की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या 3783 पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट के मुताबिक 22 मई को भारत में 257 केस थे। 9 दिन में कोरोना के मामलों में 14 गुना की बढ़ोतरी हुई है। केरल में सबसे ज्यादा 1400 मामले हैं। वहीं महाराष्ट्र में 485 और दिल्ली में 436 एक्टिव केस हैं। जनवरी 2025 से अब तक कोरोना से 28 मौतें हो चुकी हैं। यह जानकारी केंद्र सरकार ने जारी की है। इससे पहले 30 मई को सुबह 8 बजे तक सिर्फ 7 मौतों का आंकड़ा सामने आया था। ऐसे में बीते दो दिनों में देश के अंदर 21 लोगों की मौत दर्ज की गई। 31 मई को बेंगलुरु में 63 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। उसे दोनों वैक्सीन के साथ बूस्टर डोज भी लगी थी। वहीं दिल्ली में 60 साल के बुजुर्ग की मौत हुई है। महाराष्ट्र-केरल में सबसे ज्यादा 7-7 लोगों ने जान गंवाई है। कर्नाटक सरकार ने पब्लिक एडवाइजरी जारी की। इसमें लोगों से भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क लगाने, शारीरिक दूरी बनाए रखन




## डांटना आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा: कोई नहीं सोच सकता ऐसी घटना हो सकती है, आरोपी हॉस्टल वार्डन बरी**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी को डांटना उसे सुसाइड के लिए उकसाना नहीं माना जा सकता। इसके साथ ही कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को खारिज कर दिया। जिसमें हॉस्टल वार्डन को आईपीसी की धारा 306 के तहत स्टूडेंट को सुसाइड के लिए उकसाने का दोषी माना था। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने कहा- कोई यह सोच भी नहीं सकता कि डांटने से ऐसी घटना हो सकती है।

दरअसल, वार्डन ने एक स्टूडेंट की शिकायत पर एक अन्य स्टूडेंट को डांट लगाई थी। इसके बाद स्टूडेंट ने अपने कमरे में फांसी लगा ली थी। वार्डन का तर्क था कि उसने पैरेंट के तौर पर स्टूडेंट को डांटा था, जिससे वो आगे से गलती न करे। वार्डन ने कहा था कि उसके और सुसाइड करने वाले स्टूडेंट के बीच कोई निजी संबंध नहीं था। इससे पूर्व कोर्ट ने अन्य मामले जिनमें सुप्रीम कोर्ट ने आत्महत्या के लिए उकसावा नहीं माना। दिसम्बर 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि व्यक्ति पर किसी की आत्महत्या के लिए उकसाने का दोष तभी लगाया जा सकता है, जब इसका पुख्ता सबूत हो। सिर्फ प्रताड़ना का आरोप इसके लिए काफी नहीं है। दरअसल, गुजरात हाईकोर्ट ने एक महिला के उत्पीड़न और उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में उसके पति और ससुराल वालों को बरी करने से इन्कार किया गया था। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए बरी कर दिया था।



# रेसलिंग चैंपियन अंकुश अधाना सम्मानित

## गोल्ड मेडल जीतने पर खुशी की लहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** राष्ट्रीय आर्म रेसलिंग चैम्पियनशिप 2025 में गोल्ड मेडल हासिल करने वाले अंकुश को ग्रामीणों ने कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया।

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित 47 वीं राष्ट्रीय आर्म रेसलिंग चैम्पियनशिप 2025 में नांगल क्षेत्र के ग्राम सुंगरपुर बेहड़ा निवासी अंकुश अधाना पुत्र खिलेन्द्र सिंह पहलवान ने उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए सीनियर वर्ग के 85 किग्रा भार उपवर्ग में लेफ्ट हैंड से खेलते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया था।

रविवार को ग्रामीणों ने गांव का नाम रोशन करने पर अंकुश अधाना को फूलमालायें पहनाकर एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

ग्राम प्रधान डा. महिपाल सिंह ने कहा कि अंकुश की सफलता गांव एवं क्षेत्र के अन्य युवकों के लिये भी प्रेरणादायक बनेगी।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान डा. महिपाल सिंह के अलावा पीतम सिंह, राजपाल सिंह, कैलाश सिंह, देवेन्द्र सिंह, जगमाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## हीमपुर दीपा में नहीं रूक पा रहा अवैध खनन

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र में अवैध खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। आलम यह है कि जिलाधिकारी के आदेश केवल कागजों तक ही सिमट कर रह गए है और माफिया है कि अपने काम को आराम से अंजाम दे रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम छोईया नंगली से चौकपुरी को जाने वाले कच्चे मार्ग पर 20 से भी अधिक डंपरों द्वारा खनन ले जाया जा रहा है, जिस पर प्रशासन का जरा भी रोकटोक नहीं है। विशेष बात यह है कि यह खनन हीमपुर दीपा, हल्दौर और नूरपुर थाना पार कर अपनी मंजिल पर पहुंच रहा है। तीन-तीन थानों को पार कर यह खनन अपनी मंजिल को पहुँच रहा है और प्रशासन को भनक तक नहीं है यह करिश्मा भी लोग देखकर हैरान है।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उपायुक्त उद्योग बिजनौर ने आयुक्त एवं निदेशक उद्योग, उ.प्र. कानपुर के पत्र हवाले से जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के पारंपरिक कारीगरों जैसे बढ़ई, नाई, लोहार, टोकरी बुनकर, राजमिस्त्री, हलवाई एवं दर्जी आदि को उद्यम के आधार पर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए लक्ष्य आवंटित किये गये है। जिसमें ट्रेड से सम्बन्धित कारीगरों को 10 दिवसीय कौशल प्रशिक्षण एवं कार्य को सफल संचालन के लिए आधुनिकतम तकनीक पर आधारित उन्नत किस्म के टूलकिट उपलब्ध कराये जायेंगे।

उन्होंने बताया कि प्रदेश की विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद बिजनौर के लिए 1100 लक्ष्य आवंटित किया गया है। जिसमें बबई-100, लोहार-50, नाई-75, कुम्हार-25 राजमिस्त्री-75, हलवाई-225, मोची-25 एवं दर्जी-525 ट्रेड सम्मिलित हैं। योजना आधार प्रमाणीकरण के आधार पर ऑनलाइन मोड में संचालित की जा रही है, जो मुख्यमंत्री डैश बोर्ड पोर्टल की महत्वपूर्ण योजनाओं में भी सम्मिलित है। उन्होंने जनपद बिजनौर के पारम्परिक कारीगरों का आह्वान किया है कि उपरोक्त ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक पात्र कारीगर एंव हस्तशिल्प कारीगर विभागीय बेवसाइट https://msme.up.gov.in@ पर अपना आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने योजना की पात्रता की शर्तों की जानकारी देते हुए बताया कि आधार कार्ड एंव आधार से लिंक मोबाइल नम्बर, बैंक पासबुक की छाया प्रति तथा आवेदक की पासपोर्ट साईज फोटो, आवेदक जनपद का निवासी तथा न्यूनतम आयु 18 वर्ष या अधिक होनी चाहिए। आयु की गणना आवेदन करने की तिथि से की जायेगी। आवेदक को बढ़ई, नाई, लो. हार, राजमिस्त्री, हलवाई एवं दर्जी आदि ट्रेडों अथवा दस्तकारी व्यवसाय से जुड़ा होना चाहिये। योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त किये जाने हेतु किसी प्रकार की शैक्षिक योग्यता आवश्यक नहीं है। उन्होंने बताया कि परिवार का केवल एक सदस्य ही योजनान्तर्गत आवेदन हेतु पात्र होगा तथा योजनान्तर्गत पात्रता हेतु जाति एक मात्र आधार नहीं होगा। योजना में लाभ प्राप्त करने हेतु ऐसे व्यक्ति भी पात्र होगें, जो परम्परागत कारीगरी करने वाली जाति से भिन्न हों। ऐसे आवेदकों को परम्परागत कारीगरी से जुड़े होने के प्रमाण के रूप में ग्राम प्रधान, अध्यक्ष नगर पंचायत अथवा नगर पालिका के सम्बन्धित वार्ड के सदस्य द्वारा निर्गत किया गया प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसके अलावा इस आशय का शपथ पत्र कि इससे पूर्व में किसी प्रशिक्षण योजना में टूलकिट एवं मानदेय का लाभ नहीं लिया गया है।

## सनातन प्रेमी ले रहे पूजा-पाठ की विधि व शुद्ध श्लोक उच्चारण का प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** अनन्त श्री शिव शक्तिपीठ एवं संस्कार शाला आश्रम के श्री सीताराम कुटी हाल पर चले रहे दस दिवसीय भारतीय संस्कृति संरक्षण संवर्धन शिविर के माध्यम से सनातन प्रेमी जन, बच्चे-बड़े, माताएं-बहनें, भारतीय संस्कृति से संबंधित ज्ञान, पूजा-पाठ की विधि, शुद्ध श्लोक उच्चारण की सुन्दर विधि का प्रशिक्षण ले रहे हैं।

प्रतिदिन नगर के गणमान्य जन अतिथि के रूप में प्रत्येक सत्र में उपस्थित रहते हुए प्रशिक्षण ले रहे लोगों को,बच्चों को प्रोत्साहित करते हैं। आश्रम के संस्थापक आचार्य डॉ. दिनेश चन्द्र भारद्वाज के मार्गदर्शन में यह शिविर चल रहा है। आचार्य जी ने बताया कि प्रशिक्षण ले रहे बच्चे सामुहिक रूप से गीता पाठ, रामायण पाठ, शुद्ध श्लोक उच्चारण में दक्ष हो गये हैं।

आज शिविर में शालु वर्मा, अनीता वर्मा, उर्मिला भारद्वाज, नवीन वर्मा, विवेक कुमार राम रहीम मेडिकल वाले, प्रणव भारद्वाज, शिवांश भारद्वाज, राजवर्धन, देववर्धन, कन्हैया शर्मा, कविता भारद्वाज, खुशी वर्मा, अंशु वर्मा, प्रियांश भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों का बुरा हाल

## खेत खलिहान व तालाब सूखने के कगार पर, किसानों को सता रही चिंता

**मौहम्मद हनीफ**

**चांदपुर।** पिछले एक सप्ताह से पड़ रही लगातार गर्मी ने जहां अपने पिछले सभी रिकार्ड तोड़ डाले। वहीं जून माह का प्रथम दिन भी गर्म रहा। उधर इस बारे मे किसानों को सबसे ज्यादा चिंता सता रही है।

किसानों का कहना है कि लगातार पड़ रही भीषण गर्मी के चलते जहां खेत खलिहानों में फसले सूख रही हैं। वहीं तालाबों में पानी के सूखने से पशु पक्षियों के सामने भी पानी पीने की समस्या बढ़ने लगी है। पिछले चार-पांच दिनों से गर्मी ने सितम सा ढा रहा रखा है। यहां वहां पानी की डिमांड बढ़ गई है।

नगर में समाजसेवा का दम भरने वाले भी तेज गर्मी में छबील लगाकर राहगीरों को ठण्डा पानी या शर्बत पिलाने के लिये तैयार नहीं हो पा रहे है। कुल मिलाकर गर्मी ने सितम ढा



रखा है। हर आमजन अब ऊपर वाले से ही प्रार्थना कर रहा है कि बारिश हो जाये, तभी जाकर कहीं कुछ सकून मिलेगा।

गांव व सिटी में पशु पालकों के सामने भी तेज गर्मी एक बड़ी समस्या बनी हुई है। उनका कहना है कि पशुओं को इस गर्मी से बचाने से लिये उन्हें ठंडा रखा जाता है। पशुओं की अच्छी देखभाल व उन्हें नहलाने के लिये पानी नहीं मिल पा रहा है। पशुओं के लिए इस समय चारे की भी कमी हो जाती है।

रही बात पक्षियों की उनके लिये भी तेज गर्मी मौत का कारण बन रही है। चिड़ी परंद भी इस गर्मी से बिलं. बलाये व हलक सुखाये देखे जा सकते है।

किसानों का यह भी कहना है कि बिजली की कटौती के चलते समय पर उनकी खेतों में खड़ी फसलों को पानी नहीं मिलने से फसले गर्मी की मार झेल रही हैं।

# सिपाहियों के ऑन स्पोर्ट फैसला करने की चर्चा

## थाने में खड़ी बाइक छोड़ी

**परीक्षित गुप्ता**

**हीमपुर दीपा।** कुछ सिपाहियों के ऑन स्पोर्ट फैसले कराने के चलते क्षेत्र में चर्चा है कि इन दिनों हीमपुर दीपा थाने को किसी थाना प्रभारी अथवा हल्का दरोगा की आवश्यकता नहीं है। क्षेत्र में अपना रुतबा जमाये हुए सिपाही ही बिना किसी मुकदमे और धारा के ऑन स्पोर्ट ही केस को फाइनल करने की क्षमता रखते है।

ताजा मामला हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम सब्दलपुर का है जहां बीती शनिवार को देर शाम एक बुलेट बाइक चालक की एक 14 वर्षीय युवती से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबदस्त थी कि बाइक चालक का पैर फट गया जबकि युवती की नाक से खून आ गया। सूचना पाकर हीमपुर दीपा थाने का सिपाही फैय्याज घटनास्थल पर पहुंच गया और बुलेट बाइक को कब्जे में लेकर थाने ले आया। बताया जाता है कि सिपाही फैय्याज ने चंद मिनटों में ही उक्त बुलेट बाइक को छोड़ दिया। उधर जब उक्त दुर्घटना के बारे में थाना प्रभारी से जानकारी ली गई तो उन्होंने पूरी घटना ही उनकी जानकारी में न होने की बात कही, जबकि थाने में आई बाइक तक को छोड़ दिया गया। उधर क्षेत्र में चर्चा है कि सिपाही द्वारा जमकर धर्मदारी निभाई जा रही है और ऑन सपोर्ट ही फैसला करा दिया जाता है। उधर इसी क्षमता का आरोप लगाते हुए कुछ युवा हिन्दू नेताओं और संगठन कार्यकर्ताओं ने भी हिन्दू धर्म विरुद्ध कार्य कराए जाने का आरोप लगाया है।

## भाजपा शासन में ईमानदार अधिकारियों को किया जा रहा दरकिनार

**कालागढ़।** राज्य आंदोलनकारी और उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूर्व मंत्री धीरेंद्र प्रताप ने उत्तराखंड की जानी-मानी आईपीएस पुलिस अधिकारी रचिता जुयाल के पुलिस सेवा से इस्तीफा की पेशकश पर गहरा दुख पहुंचा और सरकार से नाराजगी व्यक्त की है। रचिता जुयाल जैसी योग्य और कर्तव्यनिष्ठ व ईमानदार अधिकारी को इस्तीफा इसलिए देना पड़ा है। क्योंकि उन्होंने एक भ्रष्ट पुलिस अधिकारी को भ्रष्टाचार करते पकड़ा था और जिस टीम ने उनके नेतृत्व में इस कारनामे को अंजाम दिया था। उस टीम के कनिष्ठ अधिकारियों को पुरुस्कृत किए जाने की बजाय राज्य सरकार द्वारा तिरस्कृत किया जा रहा है और उन अधिकारियों के तबादले किए जा रहे हैं। इस मामले में उत्तखण्ड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूर्व मंत्री धीरेंद्र प्रताप ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से अनुरोध किया है कि वह स्थिति की गंभीरता को समझे और उत्तराखंड की एक योग्य पुलिस अधिकारी और आईपीएस रैंक के अधिकारी के सम्मान की रक्षा करें और अधिकारियों को दंडित करने के बजाय उनके सम्मान की रक्षा करें। यही उत्तराखंड के हित में है। उन्होंने कहा कि पुलिस हो या प्रशासनिक अधिकारी हो यदि वह अच्छा काम करते हैं, उनका सम्मान करें। लेकिन उन्हें पुरस्कृत करने की बजाय दंडित किया जाता है, तो इससे पुलिस और प्रशासनिक सेवाओं का मनोबल गिरता है। इसलिए सरकार को चाहिए कि वह आईपीएस रचित जुयाल की भावना को समझे और बेईमान लोगों के खिलाफ जो अभियान चल रहा है। उस अभियान में अच्छे अधिकारियों की सुनवाई करें। जनता पहले ही महंगाई और भ्रष्टाचार से बहुत तंग है।

# हनुमान चालीसा पाठ में भजनों पर झूमे श्रद्धालु



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया।

मॉडल कॉलोनी स्थित अरविंद कुमार के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। जिसका शुभारंभ राम दरबार के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन हनुमान के सीने में रहते हैं श्री राम जानकी सबको बहुत अच्छा लगा। सब ने तालियां बजाकर उत्साह वर्धन किया। अंत में आयोजक परिवार को राम दरबार का चित्र भेंट किया गया।

आयोजक परिवार में देवेंद्र सिंह, ममता देवी, अरविंद कुमार, ज्योति रघुवंशी, अयांश रघुवंशी, आयशा रघुवंशी, हेमंत चौहान, लोकेश चौहान, डॉ. हरिराज सिंह आदि शामिल रहे। अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, मनोज रस्तौगी, राम प्रकाश वर्मा, सुनील चौहान, प्रीतम सैनी, संदीप भारद्वाज, राजकुमार प्रजापति, सतीश रस्तौगी, दिनेश राणा, नंदकिशोर रस्तौगी आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

## पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप

**चांदपुर।** आपत्तिजनक फोटो खीचने व उन फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर लगातार उसका शारीरिक शोषण करने व घर में घुसकर गाली गलौच कर मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपियों को पुलिस मामला दर्ज होने के बाद भी गिरफ्तार नहीं कर पा रही है। गौरतलब है कि इस संबंध में पीड़ित महिला ने 3 मार्च 25 को थाना चांदपुर में तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही के करने की गुहार लगाई थी। जिसमें थाना चांदपुर पुलिस ने 6 मार्च 25 को तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जाँच शुरू कर दी थीं। चांदपुर पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर पा रही है, जिसको लेकर पीडित महिला दर-दर की ठोकरे खा रही है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि इन दबंग लोगों से उनको जान का खतरा बना हुआ है, जिसके लिए पीड़ित पक्ष ने जान व माल की रक्षा करने व आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने के लिए अब एसपी से गुहार लगाई है।

## त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत महिला सफाईकर्मी सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर पंचायत साहनपुर के परिसर में महारानी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत मुख्य वक्ता पूर्व सांसद/पूर्व मंत्री बिजनौर राजा भारतेन्द्र सिंह ने महिला सफाईकर्मियों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्होंने महिला सफाईकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर हमारे समाज के लिए प्रेरणा स्रोत थी। उन्होंने समाज के लिए अपना सर्वस्व समर्पित किया। उनके जीवन से हमें सीखना चाहिए। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह, मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, जिला मंत्री विनीता शर्मा, जिला मंत्री अनुसूचि मोर्चा गायत्री निराला साथ रहे। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख तपराज देशवाल, भाजपा अनुसूचित मोर्चा की जिला मंत्री गायत्री निराला, सचिन देशवाल, कमल सैनी, राजकुमार प्रजापति, गोपीचंद, मयंक चौहान, कपिल राजपूत, मोहित चौहान, तंजीम राईन नगर पंचायत सभासद सहित काफी लोग उपस्थित रहे।

# गांव में गुलदार की आमद से ग्रामीण चिंतित

## वन विभाग को किसी बड़ी घटना का इंतजार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम लुतफीपुर में बीती रात्रि नौ बजे दो गुलदार व उनके दो शावक के गांव में आने से ग्रामीणों में दहशत पैदा हो गई। गांव वाले जाग कर रात गुजारने पर मजबूर हो गए हैं।

गांव के ही रहने वाले प्रदीप कुमार व देवेंद्र कुमार आदि ने बताया कि रात तीन से चार बार गांव में शिकार के लिए दो गुलदार व उनके शावक घूमते पाये गये तो फिर सभी ग्रामीण एकत्र होकर उनको भगाया। फिर भी गुलदार ने एक कुत्ते को अपना निवाला बना लिया। ग्रामीणों को किसी अप्रिय घटना का डर सता रहा हैं। तीन दिन से लगातार गुलदार गांव मे घूमते नजर आ रहे है। पहले भी एक कुत्ते को निवाला बनाया था। गांव वालों ने वन रेंजर को सूचना रात में ही दे दी और पिंजरे लगाने की बात की। मगर वन विभाग के अधिकारी किसी बड़ी घटना के इंतजार कर रहे हैं। गुलदारों ने किसानों का जंगल जाना दुश्वार कर दिया है। गुलदार अब तक सैकड़ों लोगों को अपना शिकार बना चुका है, मगर अधिकारियों के सिर पर जूं तक नहीं रेंगती हुई नजर नहीं आ रही है।

तेज गर्मी व भूख प्यास की वजह से गुलदार अपना रूख बस्ती की तरफ कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## राम मंदिर की दूसरी प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की तैयारी पूरी

**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में नवनिर्मित दिव्य और भव्य राम मंदिर की द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।



श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने बताया कि राम मंदिर की दूसरी प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इससे पूर्व दो जून को अर्थात कल महिलाओं के द्वारा मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा सरयू तट के संत तुलसी घाट से अपरान्ह चार बजे से शुरू होगी और लता चौक से रामपथ होते हुए हनुमानगढ़ी, बड़ा स्थान व रंगमहल होकर श्रीराम मंदिर परिसर में यज्ञ मण्डप तक जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए पहले मां सरयू का पूजन एवं यजमान का प्रायश्चित कर्म भी सम्पादित होगा। तीन जून से अनुष्ठान का विधिवत शुभारम्भ शुरू हो जाएगा। तीन व चार जून को सुबह साढ़े छह बजे से सायंकाल साढ़े छह बजे तक बारह-बारह घंटे का अनुष्ठानन होगा। इस दौरान मध्यान्ह में एक घंटे फलाहार के लिए विश्राम दिया जाएगा। श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट के मुता. बिक पांच जून को अनुष्ठान सुबह साढ़े छह बजे प्रारम्भ होगा और अभिजीत मुहूर्त के बाद देवविग्रहों में प्राणों के आधान की प्रक्रिया होगी और फिर आरती के साथ अपरान्ह एक बजे अनुष्ठान की पूर्ण आहुत हो जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा के लिए सभी तैयारियां वैदिक रीति-रिवाज के साथ की जा रही है ताकि यह समारोह पूर्ण विधि-विधान के साथ सम्पन्न हो। अयोध्या में श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थायें की जा रही हैं ताकि वे इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बन सकें।

# जम्मू-कश्मीर भारत-पाक के बीच युद्ध का मैदान बना

## हमारी हालत दो हाथियों की लड़ाई में कुचली जा रही घास जैसी: मुफ्ती

**श्रीनगर, वार्ता**

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध का मैदान नहीं, बल्कि दोस्ती और समझ का पुल बनना चाहिए। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर हमेशा युद्ध और हिंसा का सबसे ज्यादा नुकसान झेलता रहा है। हमारी हालत दो हाथियों की लड़ाई में कुचले जाने वाले घास जैसी हो गई है।

महबूबा ने कहा कि पीडीपी हमेशा शांति की बात करती रही है और लोगों की भावनाओं को आवाज देती रही है। हमें युद्ध के डर को खत्म करना होगा ताकि लोग अपनी जिंदगी की प्लानिंग कर सकें और अर्थव्यवस्था को फिर से खड़ा किया जा सके। महबूबा बोलीं- हमारी पाकिस्तानी लोगों से असहमति नहीं। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला की पाकिस्तान के खिलाफ सख्त सैन्य कार्रवाई की मांग समेत नेशनल कांफ्रेंस के नेताओं के हालिया बयानों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान खतरनाक



**हमें युद्ध के डर को खत्म करना होगा, ताकि लोग अपनी जिंदगी की प्लानिंग कर सकें**

सोच को दर्शाते हैं। महबूबा ने कहा कि जब भारत सरकार ने सिंधु जल संधि को सस्पेंड किया था, तब जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इसका स्वागत किया था और पाकिस्तान को पानी की सप्लाई तुरंत बंद करने की मांग की थी।

उन्होंने ने कहा कि हमारी पाकिस्तान सरकार से राजनीतिक असहमति हो सकती है, लेकिन वहां के लोगों से नहीं। यह दुख की बात है कि देश के एकमात्र मुस्लिम बहुल राज्य का नेता इस तरह की बातें कर रहा है। शांति और बातचीत के प्रति अपनी पार्टी की प्रतिबद्धता दोहराते हुए उन्होंने कहा कि युद्ध और नफरत की भाषा बोलने वाले नेताओं को और लाशें चाहिए, लेकिन पीडीपी ही एकमात्र पार्टी है जो लगातार शांति की बात कर रही है और लोगों के सम्मान से जीने के हक के लिए आवाज उठा रही है।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद फारूक अब्दुल्ला ने कहा था कि ये हमला लोकल सपोर्ट के बिना नहीं हो सकता। क्योंकि आतंकवादी वहां कैसे आए, ये सवाल आज भी बना हुआ है। किसी लोकल ने उनकी मदद तो जरूर की है। अब्दुल्ला के इस बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कड़ी आपत्ति जताई थी। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि फारूक अब्दुल्ला का ऐसा बयान देश के बाकी हिस्सों में रह रहे कश्मीरी लोगों के लिए खतरा बन सकता है। उन्होंने कहा कि इससे कुछ मीडिया चैनलों को कश्मीरियों और मुस्लिमों को बदनाम करने का मौका मिल जाएगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाइड्स Sale







शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बिजनौर में इज्जत का लुटेरा फरार चंदन वर्मा गिरफ्तार

## तेजाब डाल कर जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने शादी का झांसा देकर इज्जत लूटने एवं बाद में तेजाब डाल कर जान से मारने की धमकी देने के आरोपी फरार चंदन वर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को इस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश है।

प्राप्त समाचार के अनुसार शहर कोतवाली पुलिस ने कांशीराम कॉलोनी निवासी चंदन वर्मा पुत्र नीटू वर्मा को गिरफ्तार किया है। पीड़िता ने 31 मई को शहर कोतवाली में तहरीर दी थी कि चंदन वर्मा ने उसे प्रेम जाल में फंसा कर शादी का झांसा देते हुए इज्जत लूट ली। उसने वर्ष 2023 में पीड़िता को घर ले जाकर तिलक जैसी रस्म भी करवाई और बाद में शादी के लिए मना कर दिया। चंदन व उसके परिजन दो-तीन अज्ञात व्यक्तियों के साथ जबरन उसके घर में घुस आए और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौच की। साथ ही मारपीट करते हुए तेजाब डाल कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में कई गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। महिला उप निरीक्षक ममता ने चंदन वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पुलिस आगे भी कार्यवाही कर रही है।

# शेख शाहनवाज खलील ने किया उद्घाटन

## नगरवासियों को मिलेगी सुविधा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** शाहनवाज खलील ने इलेक्ट्रिक इण्डिया ट्रेडर्स का फीता काटकर उद्घाटन किया।

रविवार को मुख्य अतिथि शेख शाहनवाज खलील जिला अध्यक्ष चेयरमैन संघ बिजनौर अपने समर्थकों के साथ स्थानीय रायपुर रोड नगीना पार्क के सामने पहुंचे, जहां उन्होंने इलेक्ट्रिक इण्डिया ट्रेडर्स का फीता काट कर उद्घाटन किया। इलेक्ट्रिक इण्डिया ट्रेडर्स के स्वामी शाहनवाज आलम अंसारी ने उद्घाटन में आये सभी लोगों का स्वागत किया। इलेक्ट्रिक इण्डिया ट्रेडर्स के स्वामी ने बताया कि हमारे यहां ई-रिक्शा, स्कूटी, थ्री व्हीलर ऑटो सीएनजी, इन्वर्टर, बैटरा, सोलर, फ्रिज, वाशिंग मशीन, आदि सामान उचित मूल्य पर मिलेगा।




इस मौके पर अशरफ अंसारी, खलील अहमद, परवेज आलम, अब्दुल्ला, आसिफ खमर, अब्दुल आहद, दीपक, शानू, तेजपाल, शमीम, अकबर, अबरार अहमद, हुमायू अहमद, फैजान, रोहताश सिंह, राम अवतार, तुलाराम, फिरोज, शेख जमशेद आदि के अलाव कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्याऊ।** जनपद बिजनौर के चांदपुर के ग्राम लतीफपुर चूखेड़ी निवासी सुधांशु शर्मा (24 वर्ष) की 29 मई को हुई दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए सुधांशु की इलाज के दौरान दिल्ली एम्स में मौत हो गई। मौत से घर में मातम का माहौल है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।



प्राप्त समाचार के अनुसार जनपद बिजनौर के चांदपुर के ग्राम लतीफपुर चूखेड़ी निवासी सुधांशु शर्मा 29 मई को अपनी बाइक से काशीपुर स्थित प्राइवेट कंपनी में ड्यूटी के लिए जा रहा था। कांठ क्षेत्र के ग्राम खूटखेड़ा के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी थी। राजगीरों की मदद से घायल सुधांशु को पहले सीएचसी कांठ ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे मुरादाबाद के लिए रैफर कर दिया। वहां से स्थिति बिगड़ने पर दिल्ली एम्स भेज दिया गया। देर शाम उपचार के दौरान सुधांशु की मौत हो गई। मृतक के मामा सत्येंद्र कुमार शर्मा की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। बताया जा रहा है कि परिजनों के पहुंचने पर ही पुलिस को दुर्घटना की जानकारी मिली पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

# पत्नी को जहर देकर मारने का आरोपी बास्टा का नदीम अरेस्ट

## पांच हत्यारोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** चांदपुर पुलिस ने पत्नी को जहर देकर मारने के आरोपी बास्टा के नदीम को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार 30 मई को वादी सुक्खे खा पुत्र इलाही बख्स निवासी ग्राम कमालपुर ने चांदपुर थाने में तहरीर दी थी कि उनकी पुत्री शमा को पति नदीम पुत्र सरफराज, सास खैरूल निशा, ननंद रूबिना, देवर सलमान एवं ससुर सरफराज दहेज को लेकर प्रताड़ित करते हुए मारपीट करते थे। वह लगातार शमा पर दहेज लाने के लिए दबाव डाल रहे थे। इस बीच सास खैरूल निशा , ननंद रूबिना व ससुर सरफराज ने उनकी पुत्री शमा को जहर दे दिया। जिससे शमा की मौत हो गई। तहरीर के आधार पर चांदपुर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 306/2025 धारा 85, 115 (2), 352 व 80 (2) बीएनएस एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने आज नदीम को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।



# पशु मंडियों व व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए : इरफान मंसूरी

## मिलजुल कर त्यौहार मनाने की अपील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारतीय पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौहम्मद इरफान मंसूरी ने एक प्रेस नोट में कहा कि पशु मंडियों व व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।

इरफान मंसूरी ने कहा कि बकरीद पर देश भर में कुर्बानी के जानवरों की मंडियां लगती है। जिसमें कुरैशी बिरादरी के साथ-साथ पसमान्दा समाज के लोग भी इस कारोबार से जुड़े होते हैं। जो महीनों से खरीदारी कर ईद पर लगने वाले पशु बाजारों में लाकर बिक्री करते हैं। इस व्यापार में सिर्फ मुस्लिम ही नहीं हमारे हिन्दू भाई भी होते है। कुछ समय से पशु व मीट व्यापारियों को कुछ असामाजिक तत्व परेशान करते हैं और हद तो यह है कि कहीं-कहीं उनपर जानलेवा हमला भी करते है। जिसका ताजा उदाहरण अलीगढ़ जिले की घटना है। उसी को मद्देनजर रखते हुए हमारी केन्द्र व प्रदेशों की सरकारों से मांग है कि वह देश भर में पशु व मीट व्यापारियों की जानमाल की सुरक्षा की व्यवस्था करे। ताकि देश का माहौल खुशगवार रहे और असामाजिक तत्वों पर अंकुश लग सके। अंत में इरफान मंसूरी ने देशवासियों से मौहब्बत व भाईचारे से रहने, मिलजुलकर त्यौहार मनाने की अपील की और बिरादराने वतन का ख्याल रखते हुए कुर्बानी खुले में न करें। कुर्बानी की वीडियो न बनाए। किसी भाई के जज्बात को ठेस न पहुंचे। इस बात का पूरा ख्याल रखें।



## एक नजर

### नज्जू को तीन वर्ष का कारावास

**बिजनौर।** वादिनी ने 18 अगस्त 2021 को नजीबाबाद थाने में तहरीर दी थी कि अभियुक्त नज्जू पुत्र शरीफ निवासी मौहल्ला पाईबाग ने उनकी नाबालिग पुत्री का पीछा करते हुए अश्लील फब्तियां कसी और रास्ता रोक लिया। उसके साथ छेड़खानी की गई। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। न्यायालय स्पेशल पॉक्सो एक्ट ने अभियुक्त नज्जू को तीन वर्ष के कठोर कारावास एवं 15500 रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

### जनपद में चार अभियुक्त गिरफ्तार

**बिजनौर।** विभिन्न न्यायालयों के आदेशों पर जनपद में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में नगीना का शाहिद हुसैन, नहटौर का केशव व शादाब एवं नांगल का ललित कुमार शामिल है।

### मई में 70 गुमशुदा बरामद

**बिजनौर।** जनपद में पुलिस के द्वारा चलाए गए ऑपरेशन स्माईल अभियान के अंतर्गत मई में 70 गुमशुदा व अपहृताओं को बरामद किया गया। इसमें सबसे अधिक मामले थाना धामपुर, चांदपुर व नजीबाबाद के है।

### हल्दौर में रोहित गिरफ्तार



**बिजनौर।** हल्दौर पुलिस ने सहारनपुर जनपद के थाना देवबंद के अंतर्गत ग्राम रणखंड़ी निवासी रोहित पुत्र रामफूल को गिरफ्तार किया है। वादी ने छह मई को हल्दौर थाने में तहरीर दी थी कि रोहित पुत्र रामफूल व निकुल पुत्र प्रमोद निवासीगण ग्राम रणखंडी ने दो अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिलकर जाति सूचक शब्द कहते हुए गाली-गलौच व मारपीट की। साथ ही जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से वार किया। पुलिस ने एससी/एसटी एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी।

### बढ़ापुर में शांति समिति की बैठक



**बिजनौर।** बढ़ापुर थाने में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें चेयरमैन डॉक्टर दिलशाद व वरिष्ठ अधिवक्ता मौहम्मद आरिफ खान सहित अन्य वक्ताओं ने आपसी सौहार्द व भाईचारा बनाए रखने का आह्वान किया।

### आग लगने से हजारों का नुकसान

**अफजलगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के गांव अलियारपुर में जंगल की तरफ ग्रामीण बाबू सिंह, जय प्रकाश, सीताराम, राजपाल, रामोतार, रोशन, राम. वती, अमर सिंह, सुरेश आदि के उपलों के बिटोडें रखें व खाद की कुड़िया पड़ी है। सुबह किसी ने जलती राख आदि का कचरा कूडियों में डाल दिया, जिससे वहां पड़ी गन्ने की पत्ती व घास फूस में आग लग गई। धीरे धीरे आग बिटोडों तक पहुंच गई, जिससे आग ने विकराल रूप ले लिया और हजारों रूपए का नुकसान हो गया। साथ ही आस-पास पानी की व्यवस्था न होने से आग बढ़ती चली गई, जिसकी सूचना ग्रामीणों ने 112 पुलिस को दी। पुलिस ने नगीना से अग्निशमन के दो वाहनों को बुलवाया तब करीब तीन घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि आस-पास कोई मकान व पशुशाला नहीं थी अन्यथा कोई बड़ी हानि हो सकती थी। किसनों ने उप जिलाधिकारी से मुआवजे की मांग की है।

# ईद पर चेयरमैन मुअज्जम की शानदार व्यवस्था

## शांति समिति की बैठक में वक्ताओं ने रखे विचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर पालिका चेयरमैन इंजी. मुअज्जम ने कहा कि ईद उल अजहा के मौके पर पालिका के द्वारा शानदार व्यवस्था की जाएगी। सफाई एवं जल आपूर्ति पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।



प्राप्त समाचार के अनुसार ईद उल अजहा के मद्देनजर प्रशासन के द्वारा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने सौहार्द व आपसी भाईचारा बनाए रखने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि मिल जुलकर त्यौहार मनाने का अपना आनंद होता है। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि कोई भी नई परम्परा शुरू नहीं होनी चाहिए और किसी की भी भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाई जानी चाहिए। मांस ढक कर ले जाने एवं खुले में कुर्बानी न करने की भी गुजारिश की गई।

नगर पालिका चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने कहा कि ईद उल अजहा के मौके पर पालिका के द्वारा सफाई एवं जलापूर्ति की शानदार व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि पशुओं के अवशेष नगर पालिका की कूड़ा गाड़ी में ही डाले। कोई भी ऐसा काम न करें, जिससे अव्यवस्था एवं भाईचारे को खतरा पैदा होता हो। उन्होंने कहा कि सभी त्यौहारों को मिल-जुलकर भाईचारे के साथ ही मनाया जाना चाहिए। जलालाबाद के पूर्व चेयरमैन एवं मौजूदा चेयरपर्सन के ससुर याकूब राईन ने कहा कि नगर पंचायत के द्वारा ईद उल अजहा के मौके पर सफाई एवं जल आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त रखी जाएगी। बैठक में मौजूद समाजसेवियों एवं अन्य धर्म गुरुओं ने भी शांति व्यवस्था व भाईचारा बनाए रखने के साथ ही प्रशासन को सहयोग करने का आह्वान किया।

# नशे की गिरफ्त में युवाओं का भविष्य हो रहा खराब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** आज का युवा वर्ग देश की रीढ़ की हड्डी माना जाता है, लेकिन बदकिस्मती से यही युवा वर्ग आज नशे की गिरफ्त में तेजी से फंसता रहा है। शराब, तंबाकू, गुटखा, चरस, गांजा, हेरोइन नशीले कैप्सूल, जैसी घातक नशीली चीजों ने युवाओं को अपनी चपेट में ले लिया है। यह एक ऐसा संकट बन चुका है, जो न केवल उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि उनके उज्जवल भविष्य को भी अंधेरे में धकेल रहा है।

नगर के गणमान्य लोगों का मानना है कि नशे की ओर युवाओं का बढ़ता झुकाव बेरोजगारी, पारिवारिक कलह, मानसिक दबाव, असफल प्रेम संबंध, सोशल मीडिया का अत्यधिक प्रभाव और गलत संगत के कारण हो रहा है। नशे की लत के कारण न केवल अपराध दर में बढ़ोतरी हो रही है, बल्कि आत्महत्या जैसे मामले भी बढ़ते जा रहे हैं। यह एक गंभीर सामाजिक समस्या बन चुकी है, जिस पर समय रहते ध्यान न दिया गया तो देश की युवा शक्ति खोखली हो जाएगी। समाज, सरकार और परिवार को मिलकर इस दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है, नशामुक्ति अभियान, जागरूकता कार्यक्रम, काउंसलिंग सेंटर, और युवाओं के लिए रोजगार के बेहतर अवसर पैदा करके ही इस दलदल से उन्हें निकाला जा सकता है। आईए हम सब मिलकर युवा पीढ़ी को इस अंधेरे रास्ते से उजाले की ओर ले जाएं, ताकि उनका मुस्तकबिल महफूज और उज्जवल हो।

## बंदूक के साथ दीप व मिथुन अरेस्ट

**बिजनौर।** मण्डावर पुलिस ने शहर कोतवाली के ग्राम चंदपुरा बंगाली कॉलोनी निवासी दीप पुत्र अशोक एवं मिथुन पुत्र जोधू को 12 बोर की अवैध बंदूक के साथ गिरफ्तार किया है।

# पूल पार्टी में बच्चों ने मचाया धमाल



## पब्लिक प्ले स्कूल के समर कैंप का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रहमत नगर स्थित पब्लिक प्ले स्कूल के पांच दिवसीय समर कैंप का समापन आज एक रोमांचक पूल पार्टी के साथ हुआ।

नन्हे-मुन्हे बच्चों ने स्विमिंग पूल में जमकर अठखेलियां की। पानी के खेलों का लुत्फ उठाया और गर्मी की छुट्टियों को यादगार बनाया। इस दौरान स्कूल परिसर उत्साह और चहकती हंसी से गूंज उठा, बच्चों ने रंग-बिरंगे गुब्बारों, वाटर बॉल और स्लाइड्स के साथ खेलते हुए खूब मस्ती की। संगीत की धुनों पर उन्होंने डांस भी किया।

स्कूल की डायरेक्टर डॉ. इरम नूर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे गैजेट्स की दुनिया से दूर प्राकृतिक खेलों में रमते हैं। इस समर कैंप ने न केवल मस्ती भरे पल दिए। बल्कि बच्चों में सामाजिक कौशल और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता भी जगाई।

इस अवसर पर शाइस्ता, परवीन, शाहीन परवीन, फौजिया, अरीबा, सानिया, आयशा, डॉ. असमा नौरीन आदि का शिक्षिकाएं शामिल रही।

# हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर विचार गोष्ठी

## पत्रकारों को अपनी गरिमा व कर्तव्यों का भी बोध होना जरूरी : रघुवंशी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजी. द्वारा हिन्दी पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष में आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार डॉ. सूर्यमणि रघुवंशी ने सवाल पूछने पर जोर देते हुए कहा कि पत्रकारों को बेखौफ अपना कार्य करते रहना चाहिए। उन्होंने आत्मचिंतन को जरूरी बताते हुए कहा कि पत्रकारों को अपनी गरिमा व कर्तव्यों का भी बोध होना जरूरी है।



जैन धर्मशाला के सभागार में उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजीकृत के जिलाध्यक्ष मरगूब रहमानी की अध्यक्षता व वरिष्ठ पत्रकार चन्द्रमणि रघुवंशी के संरक्षण व यूनियन के महामंत्री अनिल चौधरी के संचालन में आयोजित गोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ. सूर्यमणि रघुवंशी ने ऑपरेशन सिंदूर पर इलेक्ट्रोनिक मीडिया की गैर जिम्मेदाराना रिपोर्टिंग का जिक्र करते हुए कहा कि आज के हाईटेक युग में भी प्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता कम नहीं हुई है। उन्होंने पत्रकारों से आत्मचिंतन का आह्वान किया।

यूनियन अध्यक्ष मरगूब रहमानी ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर जश्न के साथ-साथ पत्रकारों को आत्मचिंतन करना चाहिए। उन्होंने अपने शेर खुद ही मुजरिम, खुद ही शाहिद, खुद ही फैसला हो गया। अच्छा खासा आदमी था टीवी चैनल हो गया के माध्यम से चीख-पुकार का माध्यम बन चुकी टीवी डिबेट पर तंज किया।

पत्रकार वेदव्रत वेणु ने पत्रकारिता के गिरते स्तर के लिए खुद पत्रकारों को जिम्मेदार ठहराते हुए आचरण में सुधार लाने की आवश्यकता बताई। इससे पूर्व गोष्ठी का शुभारंभ कलम के योद्धा स्व. बाबू सिंह चैहान पर चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया।

गोष्ठी में आसिफ अंसारी, राशिद मलिक, अतीक अली जैदी, अध्क्षय रघुवंशी, एस.एम. असलम, खुर्शीद अंसारी, मौहम्मद इरशाद, मुशब्बर हुसैन, अरबाब रहमानी, शाहनवाज आलम, मुअज्जम हुसैन रियाजी, विपिन भारद्वाज, मिर्जा तालिब बेग, हुक्का बिजनौरी, सुशील कर्णवाल, सतीश त्यागी, नीरज चौधरी, रिफाकत मिर्जा, सरदार बिक्रम सिंह, मनोज कात्यायान, नौशाद मुल्तानी, धर्मवीर चौहान, रामेन्द्र सिंह, राजकुमार, अभिषेक, चौधरी मूलचंद, रूकन राजपूत, मुकुल पाल, डॉ. अमानत अली, डॉ. सज्जन, मोहित कर्णवाल, मंसूर कस्सार आदि पत्रकार मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

## इमरतपुर की बेटी की ईंट और चाकू से वार कर जसपुर में नृशंस हत्या

### आरोपी पति मौके से फरार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** ग्राम इमरतपुर की बेटी की जसपुर उत्तराखंड में उसके ही पति ने ईंट और चाकू से वार कर नृशंस हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी पति फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक अवैध संबंधों के शक में महिला की हत्या हुई है। आरोपित नशेड़ी बताया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम इमरतपुर निवासी नन्हे सिंह कश्यप ने लगभग नौ वर्ष पूर्व अपनी पुत्री नीमां का विवाह उत्तराखंड के जिला उधम सिंह नगर के जसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मंडुआ खेड़ा निवासी राहुल कश्यप पुत्र दिलीप सिंह के साथ किया था। राहुल कश्यप अपनी पत्नी नीमां (32 वर्ष) व दो बच्चों के साथ माता-पिता से अलग रहता था। दोनों के पास एक आठ वर्षीय पुत्री कु. नेहा एवं छह वर्षीय पुत्र लव कुमार भी हैं। बताते हैं कि शुक्रवार को राहुल और नीमां अपने दोनों बच्चों के साथ गांव इमरतपुर में मेहमानदारी करने आए थे और जून की छुट्टियों के चलते दोनों बच्चों को उनके नाना नन्हें सिंह कश्यप के घर छोड़ गए थे। शनिवार रात को राहुल कश्यप (35 वर्ष) पुत्र दिलीप सिंह का अपनी पत्नी नीमां से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ा कि राहुल कश्यप ने अपनी पत्नी नीमां के सिर पर ईंट से बार कर दिया। बदहवास होने पर उसने पत्नी का गला, हाथ, पैर चाकू से रेत दिया। अत्यधिक रक्त स्राव के चलते नीमां की मौत हो गई। हत्या के बाद राहुल कश्यप घर से फरार हो गया।

रविवार सुबह राहुल की मां ने जसपुर पुलिस को हत्या की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। ग्रामीणों के मुताबिक आरोपी राहुल कश्यप हलवाई की दुकान पर काम करता था, जबकि पत्नी नीमां एक प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करती थी। जसपुर कोतवाल जगदीश ठकरियाल ने बताया कि राहुल कश्यप अपनी पत्नी नीमां पर शक करता था। अवैध संबंधों के शक में दोनों में झगड़ा हुआ। उसके बाद राहुल ने ईंट एवं चाकू से बार कर उसकी हत्या कर दी। बताया कि अभी घटना की तहरीर नहीं आई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं हत्या की सूचना मिलने पर आलाधिकारी जसपुर पहुंच गए हैं।

मृतका के पिता नन्हे सिंह कश्यप, मां मुन्नी देवी और भाई राजू कश्यप जसपुर के लिए रवाना हो गए।

## राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम

### पेंशन शिविरों की तारीखों की जानकारी दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) के अन्तर्गत समाज कल्याण, महिला कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा पेंशन से वांछित वृद्धजनों, निराश्रित महिलाओं (विधवा) एवं दिव्यांगजनों को पेंशन योजना से जोड़ने के लिए चिन्हांकन शिविर का आयोजन विकास खण्ड कार्यालय परिसर में किया जायेगा।

उक्त संबंधी उन्होंने सभी उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर निकायों को निर्देशित किया कि अपने नगरीय क्षेत्र एवं विकास खण्ड के अन्तर्गत निवासरत वृद्धजनों, निराश्रित महिलाओं (विधवा) एवं



दिव्यांगजनों को नगर पालिका परिषद, नगर क्षेत्र के अधिशासी अधिकारी, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी / ग्राम विकास अधिकारी/लेखपाल के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराते हुए निम्नानुसार निर्धारित तिथियों में सम्बन्धित विकास खण्ड मुख्यालय पर पेंशन के लिए चिन्हांकन कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि वृद्धावस्था पेंशन चिन्हांकन शिविर में पेंशन के लिए जरूरी अभिलेख जैसे आधार कार्ड, तहसील द्वारा निर्गत ग्रामीण क्षेत्र रुपए 46080/- वार्षिक, शहरी क्षेत्र हेतु रुपए 56460/- से कम आय प्रमाण-पत्र, बैंक की किताब तथा एक पासपोर्ट साइज फोटो, विधवा पेंशन के लाभार्थी के लिए आधार कार्ड, तहसील द्वारा निर्गत रुपए 200000/- से कम आय प्रमाण-पत्र, बैंक की किताब, पति का मृत्यु प्रमाण-पत्र तथा एक पासपोर्ट साइज फोटो जबकि दिव्यांगजन पेंशन का लाभ प्राप्त करने के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, तहसील द्वारा निर्गत ग्रामीण क्षेत्र रुपए 46080/- वार्षिक, शहरी क्षेत्र हेतु रुपए 56460/- से कम आय प्रमाण-पत्र, बैंक की किताब तथा एक पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है।

उन्होंने आयोजित होने वाले पेंशन शिविरों की तारीखों की जानकारी देते हुए बताया कि तीन जून को नजीबाबाद, चार जून को किरतपुर, पांच को स्योहारा, छह को हल्दौर, 10 को अफजलगढ़, 11 को मुहम्मदपुर देवमल, 12 को कोतवाली, 13 को अल्लैहपुर, 17 को जलीलपुर, 18 नहटौर एवं 19 को नूरपुर विकास खण्ड में सम्मिलित नगरीय क्षेत्र विकास खण्ड मुख्यालय पर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने उक्त संबंध में सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निर्धारित तिथियों में आयोजित शिवरों में वृद्धजनों, निराश्रित महिलाओं (विधवा) एवं दिव्यांगजनों के बैठने व स्वच्छ पीने के पानी की व्यवस्था आदि के साथ लाभार्थियों के सहयोग के लिए अपने अधीनस्त कर्मचारियों की तैनाती करना सुनिश्चित करें।

## अनियंत्रित ऑटो ई-रिक्शा से टकरा कर पलटा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** तेज गति के कारण एक लोडेड ऑटो अनियंत्रित हो गया तथा ई-रिक्शा से टकराते हुए हाईवे पर पलट गया। इस हादसे में ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दो अन्य युवक भी मामूली रूप से चोटिल हो गए। ई-रिक्शा और एक बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव मंझेडा निवासी शाहनवाज अफजलगढ़ से सामान भरकर अपने गांव जा रहा था। जब वह शेरकोट स्थित एक देव स्थल के पास पहुंचा, तो तेज गति के कारण ऑटो अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा से टकरा गया। ई-रिक्शा चालक नींदरु निवासी दानिश गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल दानिश को सीएचसी भेजा और आरोपी ऑटो चालक को अपने साथ ले गई। पुलिस ने हाईवे पर पड़े वाहनों को हटवाया और यातायात को सुचारु रूप से चलाने के लिए व्यवस्था की।

## दूसरों की भावनाओं व सफाई का ध्यान रखें: सीओ

### शांति समिति की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** आगामी त्यौहार बकरीद के मद्देनजर रविवार को थाना रेहड़ में पुलिस द्वारा आयोजित पीस कमेटी की बैठक को मुख्य रूप से संबोधित करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ राजेश सोलंकी ने त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाते हुए व कानून व्यवस्था में सहयोग का आह्वान किया और लोगों से साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने को कहा।

प्राप्त समाचार थानाध्यक्ष रेहड़ विकास कुमार के संयोजन में आयोजित बैठक को आगे संबोधित करते हुए सीओ राजेश सोलंकी ने कहा कि किसी को भी कोई नई परंपरा डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी और ऐसा करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। नमाज पढ़ने वालों को सड़कों पर नमाज अदा न करने की



हिदायत करने के साथ-साथ कुर्बानी करने वाले लोगों को नसीहत देते हुए राजेश सोलंकी ने कहा कि बकरीद के मौके पर लोग दूसरे लोगों की भावनाओं का विशेष ध्यान रखें और साफ सफाई में लाप. रवाही न बरतें।

थानाध्यक्ष विकास कुमार ने कहा कि ईद के मौके पर यदि किसी को कहीं भी कोई असुविधा या दिक्कत हो तो वह स्थानीय पुलिस टीम को तुरंत अवगत कराए ताकि समय रहते समस्या का समाधान किया जाएगा।

इस अवसर पर थाना रेहड़ के उपनिरीक्षक यशपाल सिंह चावड़ा, बलवीर सिंह एवं पुलिसकर्मियों में हेमंत कुमार, अनस सैफी सहित ग्राम व क्षेत्र के अनेक ग्राम प्रधान धार्मिक गुरु एवं सभ्रांत नागरिकों रेहड़ ईदगाह के इमाम मौलाना युनुस, समाजसेवी शानू फरीदी, मौलाना शाहबाज, मौलाना नसीम, ग्राम प्रधान ऋषिपाल सिंह, शाहरुख फरीदी, मौहम्मद गुफरान, छोटे सिंह, बाबू अहमद, डॉ. मुशर्रफ कारी खलील, दिनेश वर्मा मौजूद रहे।

## सुरक्षा के मद्देनजर फ्लैग मार्च



**शेरकोट।** बकरीद से पहले शेरकोट में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पुलिस और पैरामिलिट्री बल ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च किया तथा फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों को सुरक्षा का संदेश दिया। टेम्पू स्टैंड स्थित पुलिस चौकी सुभाष चंद्र बोस से शुरू हुआ फ्लैग मार्च अली मस्जिद चौक, नगर पालिका परिषद शेरकोट और नेजो चौक होते हुए वापस टेम्पू स्टैंड पर समाप्त हुआ। साथ ही त्योहार सौहार्द बनाए रखने की अपील की। बता दे कि आगामी 7 जून को मनाए जाने वाले बकरीद त्योहार को लेकर जिला प्रशासन सतर्क है। प्रशासन का उद्देश्य है कि त्यौहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जाए।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम

### खरीफ फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीक की जानकारी दी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत प्राकृतिक खेती, धान की डीएसआर तकनीक से बुआई, पशुपालन, ब्रांड आधारित कृषि तकनीक एवं खरीफ फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीक, गन्ना उत्पादन तकनीक, मृदा परिक्षण एवं संतुलित उर्वरक प्रबंधन साथ ही सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया।

अभियान के दौरान अन्य कई महत्वपूर्ण विषयों जैसे सब्जी अनुसंधान, जलवायु-अनुकूल फसल किस्में, जल संरक्षण तकनीक और एकीकृत कीट प्रबंधन तकनीक, पोषण उद्यान अपनाने और जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों से लड़ने की भी जानकरी दी गई। किसानों द्वारा लाये गए गन्ने का निरिक्षण करके उसका समुचित इलाज भी बताया गया।

इस कार्य को कई टीमें बनाकर किया गया। टीम -1 में डॉ. केके सिंह, डॉ. शिवांगी, डॉ. राजीव रंजन एवं कृषि विभाग, गन्ना विभाग के अधिकारी कर्मचारी रहे। जबकि टीम - 2 डॉ. शकुंतला गुप्ता, डॉ. पिंटू कुमार, डॉ. अंजलि एवं कृषि विभाग, गन्ना विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी रहे और टीम-3 में डॉ. प्रतिमा गुप्ता, डॉ. भूपेंद्र कुमार, डॉ. नेमीचंद एवं कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी रहे।

इस दौरान जनपद स्तरीय अधिकारी उप कृषि निदेशक गिरीश चंद्र, आदित्य कुमार उपस्थित रहे। रविवार को ब्लॉक नजीबाबाद के ग्राम सर्वानपुर, फतेहल्लापुर, पूरनपुर नरा. त्तम, ब्लॉक- किरतपुर के ग्राम पाड़ली, भोजपुर, पाडला, बेगमपुर शादी, नंदपुर, फतेहपुर राजाराम आदि गांवों में किसानों से वार्ता की गई।

## शादी समारोह में जमकर चले धारदार हथियार

### चाकू लगने से दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** झालू मार्ग पर स्थित एक बैंकट हॉल में बारात में आए लोगों के बीच धारदार हथियार चलने से हड़कंप मच गया। एक किशोर सहित दो लोग चाकू लगने से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।



मंडावली क्षेत्र के गांव नयागांव निवासी सादाब की बारात रविवार को नहटौर क्षेत्र के गांव सलारपुर में आई थी। शादी का कार्यक्रम झालू मार्ग स्थित एक बैंकट हॉल में चल रहा था। शादी का कार्यक्रम चल रहा था। बताया जाता है कि बच्चों बच्चों के विवाद में चाकू जैसे धारदार हथियार चल गए। बारात में आए लोगों में हड़कंप मच गया। 14 वर्षीय आमिर पर चाकू से हमला कर दिया। जब उसे बचाने सरताज हुसैन आए तो उन पर भी हमला कर दिया गया। बैंकट हॉल में चाकू जैसे धारदार हथियार चलने से हड़कंप मच गया। कुछ लोगों ने बीच बचाव कराया। घायल आमिर व सरताज हुसैन को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## खेल के नहीं मैदान, बच्चे हो रहे परेशान, मोबाइल से चला रहे काम



### प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल मैदान होने के शासनादेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए शासन की मंशा के अनुरूप, प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर एक खेल मैदान की अनिवार्यता को दिशा निर्देश दिए गए हैं ताकि ग्रामीण क्षेत्रों से खेल प्रतिभाएं उभर कर सामने आए। परंतु अधिकतर ग्राम पंचायतों में भूमाफियाओं द्वारा सरकारी भूमियों पर कब्जा कर खुर्द बुर्द कर दी गई है।

यदि ब्लॉक अफजलगढ़ (कासमपुर गढ़ी) की कुल 78 ग्राम पंचायत का अवलोकन करें, तो मात्र चार पंचायतों में खेल के मैदान बने है, जिसमें जयनगर, इस्लामनगर, सुआवाला, जाब्तानगर शामिल है। मौहम्मदपुर राजौरी ग्राम पंचायत की भूमि पर भू-माफियाओं द्वारा कब्जा कर रखा है, जिसे कब्जा मुक्त कराने के लिए ग्राम प्रधान द्वारा राजस्व विभाग को अग्रिम कार्यवाही लिए भेजा गया है। बाकि गांवों में खेल के मैदान न होने से बच्चों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। हालांकि छोटे-बड़े बच्चे आज मोबा. इल फोन के जाल में फंसकर जीवन का अमूल्य क्षण बर्बाद कर रहे है। बच्चों और युवाओं का खेल से मोहब्बत होने या खेल से दूरी का मुख्य कारण ग्रामीण क्षेत्रों मे मैदान आदि की सुविधाओं का अभाव होना माना जा रहा है। वॉलीबाल, फुटबॉल, किक्रेट, बैडमिंटन, दौड़ आदि जैसे खेल प्रेमियों को मजबूरी वंश राष्ट्रीय राजमार्ग व जन सम्पर्क मार्गों पर जान हथेली पर रखकर अभ्यास करना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, लेकिन संसाधनों के अभाव में ग्रामीण प्रतिभाएं आगे नहीं बढ़ पा रही हैं। कई ऐसे उदाहरण हैं झोंपड़-पट्टियों में खेल-कूद कर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर देश का नाम रोशन कर चुके हैं। खेल इंसान की जन्मजात प्रवृति है। खेलों को स्वस्थ जीवन का आधार माना जाता है। बच्चे हो या बड़े, खेल सभी को पसंद हैं, लेकिन बढ़ती आबादी के चलते गांव के खेत-खलियान सिमट कर छोटे हो गए हैं। ग्राम समाज और खलियान की भूमि पर भू-माफिया ने अवैध रूप से कब्जे कर लिए या जो स्थान बचे हैं, तो उनका ग्रामीण कूड़ा डालने के लिए प्रयोग कर रहे हैं। अब ऐसे में बच्चे खेलें तो कहां ? स्कूल कॉलेजों में भी खेल के मैदानों का टोटा है। खेल के मैदान नहीं होने से ग्रामीण खेल प्रतिभाएं आगे नहीं बढ़ पा रही हैं, जबकि कई खिलाड़ी इन्हीं ग्रामीण परिवेश में खेल कर राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचे हैं। कासमपुर गाड़ी ब्लॉक कार्यालय से सटी आपस में मिली तीन ग्राम पंचायत मानियावाला, सीरवासुचन्द, कासमपुर गढ़ी में दर्जनों ऐसी खेल प्रतिभाएं मौजूद हैं, जो खेल मैदान न होने के अभ्यास से वंचित है। ग्राम पंचायत मानियावाला निवासी मौहम्मद रय्यान पुत्र निसार अहमद 400 मीटर दौड़ व सीरवासुचन्द निवासी रिहान बिलाल तथा आकिब पुत्र इरशाद 600 मीटर दौड़ के ऐसे उभरते हुए सितारे है। जिन्हें अभ्यास करने के लिए काशीपुर उत्तराखंड स्टेडियम जाना पड़ता है। मध्यवर्गीय होने तथा संसाधनों के अभाव उसके रास्ते की रुकावट बने हुए है। यदि ऐसी प्रतिभाओं को सरकार या शासन अधिकारी प्रोत्साहित करें, तो वह राष्ट्रीय एंव अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकते हैं।

## युवक पर छेड़छाड़ का आरोप

**अफजलगढ़।** कस्बा निवासी एक महिला ने मौहल्ले के ही एक युवक पर घर में घुसकर छेड़छाड़ व अश्लील हरकत का आरोप लगाया है। पीड़िता की मां ने बताया कि घटना के समय वह घर के पड़ोस में बैठी थी तभी अचानक करीब दोपहर 3:30 बजे प्रार्थिनी की पुत्री को अकेला पाकर गलत इरादे से युवक घर में घुस गया और महिला की पुत्री के साथ अश्लील हरकत करने लगा। गलत काम करने के लिए जबरदस्ती कपड़े आदि फाड़ दिए। पुत्री के विरोध करने पर उक्त युवक ने पुत्री के साथ मार पीट भी की। जिससे पुत्री के काफी चोटें आई है। वहीं पुत्री के शोर मचाने पर महिला ने आकर पुत्री को बचाया। जिसपर उक्त व्यक्ति जान से मारने की व समाज में बदनाम करने की धमकी देकर भाग गया। पीड़िता की मां ने उक्त व्यक्ति पर आरोप लगाते हुए पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह मुहजोर, झगडालू, दबंग किस्म का व्यक्ति है और उक्त व्यक्ति से महिला की पुत्री को जान व माल इज्जत का खतरा है।

## राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ

**नहटौर।** ग्राम संगठन के तत्वावधान में रविवार को नूरपुर मार्ग स्थित बैंकट हॉल संगम सरोवर में सेमिनार आयोजित किया गया। स्कूली बच्चों ने राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें वक्ताओं ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष लोगों की हत्या करने वाले व पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर एक तिरंगा यात्रा भी निकाली गई। मुख्य अतिथि डायरेक्टर सीपीडीएचई यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली की प्रोफेसर गीता ने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और देश हित सर्वोपरि है। जैसी देश की परिस्थिति होगी, उसी परिस्थिति में रहना होगा। रिटायर्ड मैजर जनरल जावेद इकबाल ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष लोगों की हत्या करना कायरता पूर्ण है। ऐसे लोगों को सबक सिखाने की आवश्यकता है। भारत एक नेशन एक मिशन पर काम करता है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के खिलाफ जो कार्रवाई की गई है वह पाकिस्तान को एक सबक है। पाकिस्तान के खिलाफ और भी सख्त कार्रवाई करने के लिए भारत हमेशा तैयार है। इस मौके पर एक तिरंगा यात्रा भी निकाली गई। इस मौके पर राष्ट्रीय कवि गजेंद्र सोलंकी ने कविता पाठ के माध्यम से अपनी बात रखी। आयोजक मिसाल मेहंदी, सुभाष वाल्मीकि, इदरीस अहमद, बबीता रानी, सुधीर अग्रवाल, मजहर अली, अंकुश अग्रवाल, महावीर सैनी आदि ने भाग लिया। संचालन अहमद रजा व अध्यक्षता रजिया जैदी ने किया।

## नेशनल परिवार एकता संगठन के कार्यालय का उद्घाटन

### गरीब, मजलूम व बेसहारा लोगों की मदद करने को दी जाएगी प्राथमिकता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** जसपुर मार्ग पर मौहल्ला बेगम सराय स्थित सामाजिक संस्था नेशनल परिवार एकता संगठन के राष्ट्रीय कार्यालय का शेख इरशाद हुसैन, जावेद विकार व सलीम अंसारी एड. ने संयुक्त रूप से फीता काटकर भव्य उद्घाटन किया।

इस अवसर पर अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व पालिका अध्यक्ष पति व वरिष्ठ नेता शेख इरशाद हुसैन एंव संचालन शोएब कुरैशी ने किया। मौजूद मंच. ासीन अतिथियों ने संगठन को पूर्ण रूप से सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शेख इरशाद हुसैन ने कहा कि सामाजिक संस्था नेशनल परिवार एकता संगठन का गठन करने वाले मौहम्मद शहवेज व मौहम्मद कफील वाकई बधाई के पात्र हैं जो उन्होंने सामाजिक संस्था का गठन किया। उन्होंने आशा व्यक्त कि के संगठन के माध्यम से गरीब, मजलूम, बेसहारा लोगों की मदद करने का काम किया जाएगा।




नेशनल परिवार एकता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौहम्मद शाहवेज और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मौहम्मद कफील के कहा कि नेशनल परिवार एकता संगठन एक सामाजिक संगठन है, जिसका उद्देश्य समाज में फैली बुराइयों को दूर करना और गरीब, मजलूम व बेसहारा लोगों की मदद करने को प्राथमिकता दी जाएगी। संगठन के परिवार से ताल्लुक जुड़ने वाले लोगों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता शेख इरशाद हुसैन, चेयरपर्सन पति जावेद विकार, पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एड. के अलावा युवा बसपा नेता मौहम्मद जैद, मौ. आमिर प्रॉपर्टी डीलर, सभासद शहनवाज सिद्दीकी, सभासद रिजवान नसरुल्ला, मौहम्मद आरिफ खान ताइक्वांडो ट्रेनर, मौहम्मद शौकीन मुजफ्फरनगर, शहराज सैफी उर्फ जिम्मी एड., अब्दुल करीम अंसारी, मौहम्मद दिलशाद, सभासद मौहम्मद शाहिद कुरैशी वरिष्ठ पत्रकार शेख मौहम्मद यूसुफ, इशरत अली, सुनील धस्माना, विनय भार्गव, सोहेल इदरीसी, अजमल खान, डॉ. सलमान सैफी, जावेद सलाम, अमानत हुसैन, अब्दुल बारी, रोहित कुमार, बसन्त कुमार, सन्नी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# सीएम डैशबोर्ड पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा

## रानी लक्ष्मीबाई योजना के अंतर्गत लंबित प्रकरणों को निस्तारित करने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय परिवार कल्याण योजना के अंतर्गत पांच लंबित प्रकरणों को तत्काल निस्तारित करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने रानी लक्ष्मीबाई योजना के अंतर्गत लंबित 22 प्रकरणों को निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया कि पुलिस एवं संबंधित अधिकारियों के साथ मीटिंग कर उनको निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले में जिन स्थानों पर राशन की दुकान रिक्त चल रही है। उनको प्राथमिकता के आधार पर उनका चयन कराएं ताकि अनावश्यक रूप से लंबित प्रकरण निस्तारित किये जा सकें।



जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर आज कलेक्ट स्थित महात्मा विदुर सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर लंबित विभागीय प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रही थीं। उन्होंने कहा कि कुछ विभागों के कारण सीएम डैशबोर्ड पर जिले की रैंकिंग प्रभावित हो रही है, जो किसी भी तौर पर स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने संबंधित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राथमिकता के आधार पर अपने प्रकरणों को तत्काल निस्तारित करें और भविष्य में पूरी तरह ध्यान रखें कि कोई भी प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित नहीं पाया जाना चाहिए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बिजनौर को निर्देशित किया कि सभी नगर पालिकाओं के प्रकरणों का डाटा मिलान कर पोर्टल के आधार पर दुरुस्त करते हुए उसकी आख्या प्रस्तुत करें। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि डैश बोर्ड पर उपलब्ध प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करायें और किसी भी अवस्था में उनको लंबित न रहने दें।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, डीसी मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी दमनप्रीत अरोड़ा, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी धर्मवीर सिंह सहित अन्य विभाग अधिकारी मौजूद थे।

# किसानों को मिली नवीनतम जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उपनिदेशक कृषि गिरीश चंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि आज जनपद में विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 अन्तर्गत विकास खण्ड जलीलपुर के तीन ग्राम पीपलसाना, ईस्माइलपुर व बागडपुर, विकास खण्ड कोतवाली के तीन ग्राम जहानाबाद, सांगरवाला, ब्राहमनवाला एवं विकास खण्ड अफजलगढ़ के तीन ग्राम- जाफ्तानगर, रायपुरी एवं जयसिंह जोत में जिलाधिकारी बिजनौर द्वारा गठित तीनों टीमों (केव.ीके नगीना के वैज्ञानिक, आईसीआर दिल्ली के वैज्ञानिक एवं कृषि विभाग के तकनीकी कर्मचारी) द्वारा गोष्ठियों का आयोजन किया गया।

विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 अन्तर्गत आयोजित गोष्ठियों में विकास खण्ड जलीलपुर के ग्रामों में इस अवसर पर गिरीश चन्द्र उप कृषि निदेशक बिजनौर, डॉ. केके सिंह, कृषि वैज्ञानिक, डॉ. शिंवागी, डॉ. रविन्द्र कुमार सीआईआरसी, विकास खण्ड-कोतवाली में डॉ. शकुन्तला गुप्ता, डॉ. पिन्टू कुमार, डॉ. सिद्वार्थ साहा सीआईआरसी, विकास खण्ड-अफजलगढ़ डॉ. प्रतिमा गुप्ता, डॉ. भूपेन्द्र सिंह, डॉ. दिव्या सीआईआरसी एवं कृषि विभाग के तकनीकी कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

उप कृषि निदेशक बिजनौर द्वारा ग्राम पीपलसाना, ईस्माइलपुर में आयोजित गोष्ठी में कृषि विभाग में चल रही योजनाओं तथा खरीफ सीजन के बीजों एवं उन पर देय अनुदान के विषय में भी जानकारी दी गयी। साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि योजना के विषय में बताया गया। डॉ. केके सिंह कृषि वैज्ञानिक द्वारा किसानों को वर्तमान में गन्ने की फसल में आ रही बीमारियों एवं उनके निदान के विषय में जानकारी दी गयी। साथ ही, हरी खाद के महत्व के विषय में भी विस्तृत रूप से जानकारी उपलब्ध करायी गयी। डॉ. शिवांगी द्वारा गोष्ठी में उपस्थित कृषकों को मृदा की जांच क्यो आवश्यक है? तथा मृदा की जांच के परिणामों के आधार पर उर्वरकों का प्रयोग करने की सलाह दी गयी। साथ ही धान की डीएसआर पद्धति के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। डॉ. रविन्द्र कुमार वैज्ञानिक सीआईआरसी द्वारा गोष्ठी में उपस्थित कृषकों को पशुपालन के विषय में नवीनतम जानकारी उपलब्ध करायी गयी।

डॉ. शकुन्तला गुप्ता, प्रभारी केवीके नगीना द्वारा गोष्ठी में उपस्थित कृषकों को मशरूम की खेती की तकनीकी जानकारी दी गयी। मुकेश कुमार सहायक विकास अधिकारी (कृषि) द्वारा ग्राम जहानाबाद, सांरग.वाला में आयोजित गोष्ठी में कृषकों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत ईकेवाईसी आधार सीडिंग एवं अन्य जानकारी दी गयी। डॉ. पिन्टू कुमार कृषि वैज्ञानिक द्वारा भी किसानों को खरीफ सीजन की मुख्य फसल धान की नई-नई प्रजायितों एवं धान में लगने वाले रोगों की रोकथाम के विषय में विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। डॉ. सिद्वार्थ साहा, सीआईआरसी द्वारा कृषकों को पशुपालन के विषय में नवीनतम जानकारी दी। डॉ. प्रतिमा गुप्ता कृषि वैज्ञानिक द्वारा किसानों को ग्रीष्मकालीन सब्जियों की खेती के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी।

डॉ. दिव्या, सीआईआरसी की कृषि वैज्ञानिक द्वारा भी गोष्ठी में उपस्थित कृक्षकों को कृषि एवं पशुपालन एवं औद्योनिक फसलों के विषय में नवीनतम जानकारी उपलब्ध करायी गयी।

# समर कैम्प में राष्ट्रीय खिलाड़ी निष्ठा ने तीरंदाजी के गुर सिखाए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज बेनीपुर कोपा में समर कैम्प के अंतर्गत तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 30 बच्चों ने पंजीकरण कराया।

समर कैंप के अंतर्गत आयोजित तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर में राष्ट्रीय तीरंदाज खिलाड़ी निष्ठा गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को तीरंदाजी के बारे में बताया। निष्ठा ने बताया कि तीरंदाजी में तीन वर्गों के खेल होते हैं। रिकर्व, कंपाउंड तथा इंडियन राउंड। तीनों के लिए अलग-अलग दूरी होती है।

## शिविर में 30 बच्चों ने कराया पंजीकरण

रिकर्व में 70 मीटर,कंपाउंड में 50 मीटर तथा इंडियन राउंड में 30 मीटर दूरी से तीरंदाजी की जाती है। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को तीरंदाजी के गुर सिखाए। उन्होंने धनुष से तीर साधना और तीरंदाजी करना सिखाया।

प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र ने कहा कि विद्यालय में नवीनतम सत्र से तीरंदाजी शुरू कराई जाएगी। इस दौरान देवेंद्र कुमार, हरीराज सिंह, अरुण भारती आदि मौजूद रहे।

# रक्तदान शिविर में उमड़े रक्तवीर

## 50 युवाओं ने ब्लड किया डोनेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** स्थानीय राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज में बिजनौर चैरिटेबल ब्लड बैंक के द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में काफी संख्या में रक्तवीर रक्तदान करने को उमड़े।

रविवार की सुबह 9 बजे रक्तदान शिविर का उद्घाटन राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज नांगल के कोषाध्यक्ष एवं सहकारी चीनी मिल नजीबाबाद के संचालक राघव प्रताप एड. ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महान कार्य है, जो प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को अवश्य करना चाहिये। आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी की जान बचा सकता है। ब्लड बैंक द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि, वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान महादान है। विशिष्ट



अतिथि, थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार सैनी ने कहा कि रक्त बहुमूल्य है, इसका कोई विकल्प भी नहीं है। स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिये।

शिविर में रक्तदान करने को काफी संख्या में रक्तवीर उमड़े। अपराह्न 3 बजे तक लगे शिविर में 50 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। शिविर के आयोजन में स्थानीय प्रसिद्ध व्यवसायी राकेश गोयल , डा. अजीत कर्णवाल , डा. अखलाक हुसैन , रूकन राजपूत का विशेष सहयोग रहा।

इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुधीर भुईयार, अरविन्द विश्वकर्मा, गगन कर्णवाल, वीरेन्द्र शर्मा, गोपाल शर्मा, जितेन्द्र अहलावत, गोपाल सिंह, मनजीत अहलावत, नरेन्द्र गोस्वामी एवं ब्लड बैंक से अमन रंधावा, अभिषेक राजपूत, अनुज सैनी, शुभम, पूजा, विशाल, शाहरुख आदि मौजूद रहे।

# भाजपा व लोकदल कार्यकर्ताओं ने अहिल्याबाई को पुष्पांजलि अर्पित की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजमाता अहिल्याबाई होल्कर का अवतरण दिवस मनाते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

भाजपा भागूवाला मंडल अध्यक्ष कमल सैनी की अध्यक्षता कपिल राजपूत के संचालन में श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता चौधरी ईशम सिंह ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन वृत पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा समाज हित में किए गए कार्यों की चर्चा की।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, कपिल राजपूत, ग्राम प्रधान मौहम्मद मुस्तफा, पूर्व प्रधान माजिद अहमद, केशव पाल, अनुज काकरान, सचिन देशवाल, जयपाल सिंह, डॉ. मयंक चौहान, सुमित गुर्जर, युवी चौधरी, राकेश कुमार, नरपाल सिंह, लाला जयप्रकाश, आदित्य,

## समाज हित में किए गए कार्यों पर की चर्चा

मयंक मोहन पाल, विक्की, दीपांशु, शिवपाल, तुषार पाल, प्रिंसपाल आदि उपस्थित रहे।

उधर राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता हरेंद्र तोमर के प्रतिष्ठान पर ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश राणा की अध्यक्षता एवं हलीम दानिश के संच.ालन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर वरिष्ठतम नेता सरदार बलवीर सिंह, ब्रजराज सिंह, देशवाल, चौधरी विजयपाल सिंह, हरेन्द्र तोमर, सुरेश राणा, आकाश कुमार, सोमपाल राठी, सुरेश आर्य, इकबाल चौधरी ने पुष्पांजलि अर्पित की।

# प्राकृतिक खेती से उत्पादन की तकनीक बताई

## योजनाओं की जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत प्राकृतिक खेती, बासमती धान उत्पादन, मोटे अनाज की उत्पादन की तकनीक, पशुपालन, गन्ना उत्पादन तकनीक, मृदा परिक्षण एवं संतुलित उर्वरक प्रबंधन साथ ही सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया।

अभियान के दौरान अन्य कई महत्वपूर्ण विषयों जैसे सब्जी अनुसंधान, जलवायु-अनुकूल फसल किस्में, जल संरक्षण तकनीक और एकीकृत कीट प्रबंधन तकनीक, पोषण उद्यान अपनाने और जलवायु




परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों से लड़ने की भी जानकरी दी गई। किसानों द्वारा लाये गए गन्ने का निरीक्षण करके उसका समुचित इलाज भी बताया गया।

इस अभियान के तहत कृषि विशेषज्ञ व वैज्ञानिक आपस में टीमें बनकर कई गांवों में गए और किसानों को जागरूक किया। टीम -1 में डॉ. केके सिंह, डॉ. सिवांगी, डॉ. रविन्द्र कुमार एवं कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी साथ ही जनपद स्तरीय अधिकारी उप कृषि निदेशक गिरीश चंद्र, आदित्य कुमार उपस्थित रहे।

टीम -2 में डॉ शकुंतला गुप्ता, डॉ. पिंटू कुमार, डॉ. सिद्धार्थ शाहा एवं कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी रहे। टीम-3 में डॉ. प्रतिमा गुप्ता, डॉ. भूपेंद्र कुमार, डॉ. दिव्या देवरा एवं कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी रहे। ब्लॉक जलीलपुर के गाँव पीपलसाना, इस्माइलपुर, ब्लॉक कोतवाली के जहानाबाद, सारंगवाला, ब्राह्मणवाला, ब्लॉक अफजलगढ़ के जाफ्तानागर, रायपुरी, जैसिंह जाट आदि गाँवो में किसानों से वार्ता की गई।

# ईदुल अजहा पर सुचारू रहे बिजली की सप्लाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर पंचायत साहनपुर के चेयरमैन एवं आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मण्डल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी ने अजमल खां मार्ग स्थित विद्युत वितरण खण्ड कार्यालय पहुंचकर वहां अधिशासी अभियंता से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में उन्होंने ईदुल अजहा के मौके पर नगरवासियों को बिजली सप्लाई सुचारू रूप से देने की अपील की। चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि ईद उल अजहा के मौके पर बिजली की कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। नजीबाबाद व साहनपुर में

## चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने सौंपा ज्ञापन

ईदुल अजहा के मौके पर बिजली की कटौती नहीं होनी चाहिए। अगर किसी मौहल्ले के ट्रांसफार्मर या लाइन में कोई फाल्ट आए, तो उसे जल्दी ठीक किया जाना चाहिए, जिससे सप्लाई पूरी तरह से सुचारू रूप से मिले। चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने अधिशासी अभियंता से 24 घंटे विद्युत आपूर्ति देने का आग्रह किया। अधिशासी अभियंता ने विद्युत सप्लाई सुचारू रूप से कराने का भरोसा दिलाया।

## एक नजर

### दो वारंटी गिरफ्तार



**स्योहारा।** ग्राम बूढ़ा नगला निवासी वारंटी कपिल कुमार पुत्र राजपाल संबंधित वाद सं.-14596/24 धारा 138 एनआई एक्ट थाना सिविल लाईन जनपद मुरादाबाद को सम्बन्धित माननीय न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जनपद मुरादाबाद के समक्ष भेजा जायेगा। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, नरेन्द्र सिंह, कुलदीप द्वारा थाना क्षेत्र वारंटी अभियुक्त नदीम पुत्र यासीन निवासी मौ. शेखान कस्बा सहसपुर थाना स्योहारा को संबंधित वाद सं.-14596/24 को सम्बन्धित माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट जनपद बिजनौर के समक्ष भेजा जायेगा।

### मोबाइल चोर गिरफ्तार



**स्योहारा।** मोहल्ला तकी सराय कुम्हारो वाली ढाली के पास के नीरज कुमार पुत्र रामकिशन सिंह थाने में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोर द्वारा वादी के घर से रात में 2 फोन व 1100 रुपये चोरी हो गये थे। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए छानबीन शुरू कर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि विवेचना के दौरान अभियुक्त शोभित उर्फ सोवित पुत्र प्रीतम सिंह निवासी मौ. तलाई हिन्दू चौधरियान निकट विडला कालेज के पास कस्बा व थाना स्योहारा को दो मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया है।

### मुस्तकीम राईन प्रदेश महासचिव बने

**नजीबाबाद।** कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष बंसल ने मौहम्मद नावेद उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश के प्रयासों से मुस्तकीम राईन को उत्तर प्रदेश का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। मुस्तकीम राईन ने इसके लिए मौहम्मद नावेद व प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह उम्मीदों पर खरा उतरते कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ को मजबूत कर शक्ति प्रदान करेंगे।

### अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर कार्यक्रम

**नजीबाबाद।** अपना दल एस के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने अपने कार्यालय पर अहिल्याबाई होल्कर की जयंती की स्मृति में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने अहिल्याबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए अहिल्याबाई के जीवन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर राहुल शर्मा, पवन चौधरी, वकील अहमद, अय्यूब अहमद, सूर्य प्रताप सिंह, अमित, राजीव, डॉ. देवेंद्र, साहब सिंह, प्रदीप, सरदार रक्षपाल सिंह, वकील अहमद, दीपक जाटव, अमित गुर्जर, अनूप वाल्मीकि, अमन, सरदार कुलदीप सिंह, सरदार हरेन्द्र सिंह, कपिल, इमरान, नरेश, नरेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## वन स्टॉप शॉप स्थापना के लिए 30 जून तक करें आवेदन

**बिजनौर।** उप कृषि निदेशक गिरीश चन्द्र ने जानकारी देते हुए बताया कि उप्र सरकार द्वारा बेरोजगार कृषि स्नातकों के लिए एग्रीजंक्शन (प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन) योजनांतर्गत 10 वन स्टाप शॉप स्थापित कराने का जनपद बिजनौर का लक्ष्य निर्धारित है।

स्वतंत्र कृषि व्यवसाय केन्द्र की स्थापना हेतु कृषि व्यवसायियों को प्रशिक्षण, बैंक से ऋण प्राप्त करने में सहायता तथा 7.5% की दर से ब्याज अनुदान एवं खाद, बीज व कृषि रक्षा रसायन के लाइसेंस फीस के व्यय की प्रतिपूर्ति तथा प्रथम एक वर्ष के लिए रुपए 1000 प्रतिमाह एग्रीजंक्शन परिसर के किराये की व्यवस्था है। जनपद के कृषि स्नातक/कृषि व्यवसाय प्रबन्धन स्नातक/ स्नातक, जो कृषि एवं सहबद्ध विषयों यथा-उद्यान, पशुपालन, वानिकी, दुग्ध, पशुचिकित्सा, मुर्गी पालन एवं इसी तरह की गतिविधियां, जो किसी राज्य / केन्द्रीय विश्वविद्यालय किसी या अन्य विश्वविद्यालयों से डिग्रीधारी है और आईसीएआर / यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त हों, पात्र होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी की उम्र 40 वर्ष से अधिक न हो तथा अनुसूचित जाति/जनजाति/महिलाओं को अधिकतम पांच वर्ष की छूट है। पात्र अभ्यर्थियों में जिनकी जन्म तिथि पहले हो, उन्हें वरीयता दी जायेगी। आयु की गणना कार्य योजना जारी होने की तिथि से की जायेगी।

# पत्रकारिता के महत्व, चुनौतियों और दायित्वों पर चर्चा

## पत्रकारों से चुनौतियों का डट कर सामना करने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** प्रगतिशील पत्रकार एसोसिएशन पंजीकृत द्वारा हिंदी पत्रकारिता दिवस पर आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि सूचना आयुक्त उत्तर प्रदेश शासन ने हिंदी पत्रकारिता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये पत्रकारों की समस्याओं पर चर्चा कर पत्रकारों से चुनौतियों का डटकर सामना करने का आह्वान किया गया।

हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर प्रगतिशील पत्रकार एसोसिएशन द्वारा शुक्रवार की देर शाम एम.एम. इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश शासन के सूचना आयुक्त व अमर उजाला के पूर्व संपादक राजेंद्र सिंह चौधरी, मुख्य वक्ता ज्योति लाल शर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौहान व एसोसिएशन के अध्यक्ष डा.रतेंद्र विश्नोई, कार्यक्रम आयोजक मनोज बाल्मीकि द्वारा सरस्वती माता के चित्र के सम्मुख संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्य अतिथि सूचना आयुक्त राजेंद्र सिंह चौधरी ने अपने संबोधन में हिंदी पत्रकारिता दिवस के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि



सोशल मीडिया के इस दौर में मोबाइल फोन रखने वाला हर व्यक्ति आज पत्रकार हो गया है। ऐसे समय में पत्रकारों को चौकन्ना रहकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने पत्रकारों से सोशल मीडिया पर चलने वाली भ्रामक खबरों से बचे रहकर तथ्यों के आधार पर पत्रकारिता करने का आह्वान किया। राजेंद्र सिंह ने प्रिंट मिडिया और इलैक्ट्रोनिक मीडिया के विषय में विस्तार से चर्चा करते हुये पत्रकारों के समक्ष आ रही समस्याओं व चुनौतियों के विषय में भी बताया। मुख्य वक्ता ज्योतिलाल शर्मा ने भी अपने संबोधन मे हिंदी पत्रकारिता पर प्रकाश डालते हुये पत्रकारों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए सरकार से पत्रकारों की समस्याओं पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के दौर में प्रिंट मीडिया पर असर पड़ा है। विशिष्ट अतिथि भाजपा क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि ने भी अपने संबोधन में पत्रकारों से जनहित में कलम चलाने को कहा। कार्यक्रम अध्यक्ष भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौहान ने एसोसिएशन के कार्य की प्रशंसा कर पत्रकारों से एकजुट रहकर गरीब, असाहाय लोगों की मदद व उन्हें न्याय दिलाने के लिए कलम चलाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम को वरिष्ठ पत्रकार मनोज बाल्मीकि, शफाकत भारती, अदनान राइन शेरकोट, डॉ. वीरेंद्र कुमार पुष्पक, आकाश तोमर, खुशीराम सिंह स्योहारा, मेहताब चांद खान नजीबाबाद, मिसबाहुल हसन, प्रदीप चौहान, परवेज अयूब रायपुर, सत्यपाल कटारिया बढ़ापुर, धर्मेंद्र चौधरी, मुकेश त्यागी, डॉ. अभय बिश्नोई, अफसार हुसैन सिद्दीकी, नंद किशोर सैनी, विकास अग्रवाल, होमेश कश्यप, राकेश कुमार, राशिद उस्मानी, गौरव गोयल, यासीन सोनी, मुनीर आलम, शेख जमशेद, यासिर शमसी, अमान शमसी, डॉ मनोज शर्मा, इंजी हसन जेदी, एडवोकेट विश्वास राव, विकास शर्मा, तनवीर जैदी, रोहित सिंह, आकाश शर्मा, अफजाल अंसारी, सत्येंद्र कुमार, सुनील कुमार शर्मा, राजकुमार प्रजापति, डॉ. राकेश कुमार, सुनील कुमार शर्मा, सहित अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया। डा. संदीप शर्मा के सफल संचालन में देर रात तक चले कार्यक्रम में अतिथियों को शाल ओढाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगर व जनपद के पत्रकार मौजूद रहे। एसोसिएशन की ओर से कार्यक्रम में मौजूद पत्रकारों को भी स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में ऐसोसिएशन के अध्यक्ष डा.रतेंद्र विश्नोई ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एसोसिएशन के सभी पत्रकारों का पूर्ण सहयोग रहा।

# रेलवे फाटक पर 12 घंटे बाधित रहेगा यातायात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर से होकर अनूपशहर की ओर जाने वाले मार्ग पर बने उत्तर रेलवे के फाटक संख्या 58 बी पर ओवरहालिंग को लेकर रविवार शाम 6 बजे से सोमवार सुबह 6 बजे तक यातायात का आवागवन 12 घंटे पूर्ण तरीके से बाधित रहेगा। जिसमे नगर के इंदिरा चौक बबराला व नगर के साप्ताहिक बाजार के नजदीक अनूपशहर रोड पर फाटक सं. 58 बी के नजदीक पुलिस की तैनाती कर बेरियर लगाकर यातायात को पूर्ण रूप से बंद किया जाएगा। इस अवधि में बबराला से अनूपशहर की ओर से जाने वाले यातायात को उत्तर रेलवे के फाटक संख्या 56 ए से होते हुए निकाला जाएगा।

### रेलवे ट्रैक पर हो रहा मरम्मत कार्य

जिससे यात्रियों व चालकों को अपने वाहन को 6 से 7 किलोमीटर की दूरी तय कर अनूपशहर रोड पर निकलना पड़ेगा। जिससे यात्रियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। बबराला चौकी इंचार्ज विशाल शर्मा ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर मरम्मत कार्य के कारण यातायात बबराला से अनूपशहर रोड़ पर बन्द रहेगा। पुलिस का बैरियर लगाया जायेगा। वाहन घूमकर जायेंगे।

# कलियुग देव असुर धर्म-अधर्म की लड़ाई पर टिका: कुलकर्णी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सम्भल।** बॉलीवुड अभिनेत्री ममता कुलकर्णी से किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बनी ममता नंद गिरीने कहा कि जब मैंने समाधि ली थी, तब कल्कि अवतार देखा था। वे अमर हैं, कई वर्षों से सह्याद्रि पर्वत पर तपस्या कर रहे हैं।

वह रविवार को पहली बार कल्किधाम एचौड़ा कम्बोह पहुंची। गले में रूद्राक्ष की मालायें पहनें कार से उतरते ही पुजारियों के मंत्रोच्चारण के साथ स्वागत कर पीले रंग का पटका पहनाकर फूल बरसाये गए। तत्पश्चात ममता ने कल्कि धाम में स्वयं मंत्रोच्चार कर शिलापूजन किया। तत्पश्चात उन्होने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि आज समुद्र मंथन की तरह कलियुग भी देव-असुर और धर्म-अधर्म की लड़ाई पर टिका है। धर्म का पालन करने वाले कुछ लोगों के कारण समय अभी ठीक है, लेकिन जब धर्म नष्ट हो जाएगा, तब कलियुग चरम पर होगा। उन्होने कहा कि हमने प्रकृति को नष्ट कर दिया है। अब उसका खामियाजा भुगत रहे हैं। मुगलों ने भारत पर कई वर्षों तक शासन किया और कई मंदिरों को ध्वस्त किया। हर व्यक्ति अपने धर्म को बढ़ावा देता है। अगर मुगल दोबारा आए, तो वही सब कुछ दोहराएंगे। पीएम मोदी पर तो सीधे महाकाल की कृपा है। सनातन के प्रसार और धर्म की रक्षा में पीएम मोदी और सीएम योगी बहुत महत्वपूर्ण काम कर रहे हैं।



सम्भल। कल्कि धाम एचौड़ा कम्बोह में शिला पूजन करती महामंडलेश्वर बनी पूर्व अभिनेत्री ममता कुलकर्णी



असमोली। क्रिकेट मैच में विकास को मैन ऑफ द मैच देते प्रभारी निरीक्षक राजीव मलिक।

## महिला के साथ घर में घुसकर अश्लील हरकतें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** घर पर बैठी महिला के साथ मारपीट की जबकि विरोध करने पर उसके साथ अशलील हरकतें की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला जगत निवासी महिला रोशन आरा पत्नी शुएब अपने घर पर बैठी हुई थी। आरोप है कि 26 मई को शाहवेज खतरी अपने साथी मुजाहिद शूटर के साथ पहुंचा और घर में घुस गए। आरोपियो ने महिला के साथ गाली-गलौंच करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर उसकी कोलिया भर ली और अशलील हरकतें करने लगे। आरोप है कि महिला के गले में दुपटटे से मारने की कोशिश भी की। शोर मचने पर छत पर बैठी उसकी पुत्रियां आयीं। जिन्हाने शोर मचाया और आरोपियों से अपनी मां को बचाया।

# नियमिति निरीक्षण न करने पर नोडल अधिकारी को चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी के नियमिति निरीक्षण न करने पर नाराजगी जताते हुए चेतावनी जारी करने व ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान को कठोर चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने विकास खण्ड बहजोई के ग्राम घासीपुर स्थित गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। डीएम ने गौ आश्रय स्थल में गो वंशों के लिए चहारदीवारी तथा मध्य में छायादार पौधे लगाने के साथ भूसा के लिए वोंगे लगाने और हरे चारा का लिए नेपियर घास और पानी के टैंकों की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जबकि गौ आश्रय गौ स्थल के नोडल अधिकारी के नियमित निरीक्षण न करने पर चेतावनी जारी करने पर नाराजगी प्रकट की और उन्हे चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्राम सचिव तथा ग्राम प्रधान को भी कठोर चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। गो वंशों को नर तथा मादा एवं बच्चों को अलग अलग रखने के साथ निर्माणाधीन टिन शैड को एक सप्ताह में तैयार करने के निर्देश दिए। जहाँ गो वंश रहते हैं वहां जल भराव की स्थिति न आये इस कारण मिट्टी डलवाने को निर्देशित करते हुए कहा कि गौ आश्रय स्थल में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण हो। जिला विकास अधिकारी तथा जिला पंचायती राज अधिकारी तथा खण्ड विकास अधिकारी बहजोई को निर्देशित करते हुए कहा कि गौ आश्रय स्थल का नियमित निरीक्षण किया जाए। मुख्य द्वार लगवाने तथा आदर्श गौ आश्रय स्थल के रूप में भविष्य में तैयार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राम आशीष, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. शैलेन्द्र सिंह, जिला पंचायती राज अधिकारी उपेन्द्र कुमार पाण्डेय तथा खण्ड विकास अधिकारी बहजोई ओमवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### गो आश्रय स्थल का डीएम ने किया निरीक्षण ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान को कठोर चेतावनी जारी करने के निर्देश



सम्भल। जिला मुख्यालय की स्थापना सम्भल तहसील की परिधि में करने की मांग को मुख्यमंत्री को पत्र लिखते ग्रामीण।

## कड़ी निगरानी में कराई गई बीएड प्रवेश परीक्षा

**सम्भल।** बीएड प्रवेश परीक्षा कड़ी व सीसी टीवी कैमरों की निगरानी में करायी गयीं।

रविवार को आयोजित परीक्षा केन्द्र शंकर कॉलेज पर सुबह से ही परीक्षार्थियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थियों की मुख्य गेट पर तलाशी लेने के बाद ही अंदर प्रवेश दिया गया। जबकि परीक्षा पूरी तरह से नकल विहीन कराने को कक्षों में सी सी टी वी कैमरों की व्यवस्था की गयी थी। इसके अलावा कक्ष निरीक्षकों की निगरानी में प्रवेश परीक्षा करायी गइ।

# खेल को खेल की भावना से खेलें खिलाड़ी

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**असमोली।** क्रिकेट की पिच पर पहुंचे असमोली थाना प्रभारी निरीक्षक ने खिलाड़ियों से खेल को खेल भावना के साथ खेलने का आहवान किया।

असमोली के किसान इंटर कॉलेज के मैदान पर चल रही क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन पिच पर पहुंचे राजीव कुमार मलिक ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होने खिलाड़ियों को खेल भावना अपनाते हुए अच्छा खेल दिखाने का आग्रह किया। वही टूर्नामेंट के सफल आयोजन को बधाई दी तथा खेल प्रतिभा में आगे बढ़ने व देश का नाम रोशन करने के लिए शुभ आशीष प्रदान किया। इसके अलावा आगामी त्यौहार को लेकर क्षेत्रवासियों से अपील की किसी भी भ्रामक पोस्ट व गलत अफवाह पर ध्यान न देते हुए शांतिपूर्ण प्रेम और सौहार्द से ईद का त्यौहार मनाये तथा किसी भी भ्रामक या असामाजिक गतिविधि को नजरअंदाज न करते हुए स्थानीय पुलिस को सूचित करने पर ज़ोर दिया।

# 13 को होगा अलंकरण समारोह

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति भारत की बैठक में वर्ष 2025 का प्रांतीय अलंकरण सम्मान समारोह 13 जुलाई को करने का निर्णय लिया गया। जिसमें देश की महान हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा।

### तैयारियों को लेकर बैठक

नगर के ग्लोरियस इंस्टीटयूट आफ एजूकेशन स्कूल हल्लू सराय में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति भारत की बैठक में कार्यो की समीक्षा करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम और राष्ट्रीय महासचिव कुसुम ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पर पांच जून को सुबह 08 बजे पौधा किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी अमित कुमार और प्रदीप कुमार गुप्ता को सौंपी गई है। जबकि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति का स्थापना दिवस समारोह दो जुलाई को दोपहर 12 बजे से ग्लोरियस इंस्टीटयूट आफ एजूकेशन स्कूल हल्लू सराय में मनाया जायेगा।

# समर कैम्प में छात्राओं ने खेले-खेल

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** सरस्वती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में समर कैंप के अंतर्गत बारहवें दिवस छात्राओं ने योग एवं पी टी के बाद प्रधानाचार्य अल्पना चौधरी ने दो चित्र साझा किया। जिसे देखकर, समझकर छात्राओं ने कल्पनाशील कहानी और कविता लिखी। जिसे छात्राओं ने मंच पर पढ़कर सुनाया। छात्रओं को समूह बांटकर उनसे भाषा वृक्ष का निर्माण कराया गया। छात्राओं ने कल्पनाशील डायरी बनाई। जिसमें से सभी ने अपनी 'भावी दिन की योजना' को सभी के सम्मुख साक्षा किया।

### छात्राओं ने लिखी कविता

इसके अतिरिक्त 'अवसर मंच' पर छात्राओं ने शिक्षिका नेहा यादव की देखरेख शब्द निर्माण, ब्लाक पेंटिंग, कब्डडी, बोलिंग मैच सीखा। छात्रा खुशी वर्मा ने सम्भल जिले का 'चंडोल लोकनृत्य' प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्या अल्पना चौधरी ने कार्यक्रम के अंत में टूर और कल के कार्यक्रम की जानकारी दी।

# जिला मुख्यालय की ग्रामीण अंचल से उठी आवाज़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिला संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने जिला मुख्यालय सम्भल नगर की परिधि में स्थापित किए जाने को मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखने का आहवान किया। जबकि ग्राम प्रधान कल्याण सिंह ने ग्राम वासियों के साथ मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जिला मुख्यालय सम्भल नगर की परिधि में स्थापित किए जाने की मांग की।

इस दौरान बोलते हुए ग्राम प्रधान कल्याण सिंह ने कहां की वर्तमान में प्रस्तावित जिला मुख्यालय यहां से लगभग 50 किलोमीटर पड़ता है और क्षेत्र वासियों को आने-जाने में काफी परेशानी झेलनी पड़ती है हमारी मांग है कि जिला मुख्यालय सम्भल नगर की परिधि में बनाया जाए, जिससे क्षेत्र के लोगों को सहूलियत मिल सके। चमन सिंह ने कहा की सम्भल श्री कल्कि भगवान

### मुख्यमंत्री को लिखे गए पत्र

का नगरी है और यहां देश-विदेश से हिंदू पर्यटक तीर्थ यात्री आते जाते रहते हैं। ज्यादातर हिंदू तीर्थ सम्भल नगर की परिधि में ही स्थित है सुरक्षा के लिहाज से भी जिला मुख्यालय सम्भल नगर की परिधि में बनाया जाना आवश्यक है। चौ. रविराज चाहल एडवोकेट ने कहा कि सम्भल को सम्भल के नाम से जिला बनाया गया है तो जिला मुख्यालय भी सम्भल नगर की परिधि में ही होना चाहिए, सम्भल जिलें की सदर तहसील सम्भल है। जिला कोषागार भी सम्भल तहसील में ही स्थित है। सम्भल नगर में हिंदू अल्पसंख्यक हैं। सुरक्षा के लिहाज से भी जिला मुख्यालय संभल नगर की परिधि में ही बनाया जाना चाहिए। देवेंद्र सिंह ने कहा कि जिला मुख्यालय से सम्भल की परिधि में बन जाने से असमोली क्षेत्र की जनता को काफी सहूलियत प्राप्त होगी। इस दौरान योगेश कुमार, फतेह सिंह, महेंद्र सिंह सैनी ,राहुल कुमार,हरवीर सिंह,जयप्रकाश सिंह,आदि मौजूद रहे।

# समारोह में सम्मानित किए जाएंगे पत्रकार

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** हिंदू जागृति मंच एवं केमिस्ट एसोसिएशन संयुक्त रूप से पत्रकार सम्मान समारोह के साथ पत्रकारिता दिवस पर नगर के डी के रिसोर्ट में 3 जून को शाम 7:00 बजे से मनाया जायेगा। कार्यक्रम में मीडिया जगत के 60 से अधिक पत्रकारों को उनके कर्तव्य निष्ठा, अथक परिश्रम, उपलब्धियां एवं समर्पण के लिए सम्मानित किया जाएगा।

दुर्गा कालोनी के ज्ञानदीप मंदिर में हिंदू जागृति मंच एवं केमिस्ट एसोसिएशन की संयुकत बैठक में पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित करने की तैयारी पर चर्चा करते हुए अतुल कुमार शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारिता को मजबूत करने वाले पत्रकार बंधुओ को समाज द्वारा सम्मानित करने की परंपरा सम्भल में कई वर्षों से अनवरत जारी है। इस वर्ष सम्भल के डी के रिसोर्ट में जनपद सम्भल क्षेत्र के 60 से अधिक पत्रकारों को सामाजिक संस्थाओं द्वारा सम्मानित करते हुए उनकी सेवाओं को स्मरण किया जाएगा। हिंदू जागृति मंच के प्रदेश महामंत्री ने बताया कि कार्यक्रम में सूचना विभाग तथा जिला प्रशासन के अधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में रहेंगे। चंदौसी बबराला गुन्नौर बहजोई असमोली सहित सम्भल जनपद क्षेत्र के सभी पत्रकारों को सादर आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि पत्रकार सम्मान समारोह के साथ पत्रकारिता दिवस दिव्य भव्य तरीके से मनाया जाएगा। बैठक में राहिल भारतीय, अंकुश त्यागी, श्यामशरण शर्मा, मनोज गुप्ता, संजय सहदेव, प्रवीण वर्मा गुल्लू ,दिनेश कुमार जाटव हेमंत वार्ष्णेय, डा. नसीम, मोहम्मद शाहनवाज, विकास कुमार वर्मा, राजेंद्र सिंह गुर्जर, सरिता गुप्ता, शालिनी रस्तोगी, मंजू रावत, सुनीता यादव, सुभाष चंद्र शर्मा, भरत मिश्रा, सीमा आर्य, अरुण कुमार अग्रवाल सहित हिंदू जागृति मंच एवं केमिस्ट एसोसिएशन के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता अजय कुमार शर्मा ने की।

भयंकर गर्मी बनती जा रही आफत

# कभी धूप कभी छांव से मिली राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** लगातार पड़ रही भयंकर गर्मी से निजात पाने को लोग आसमान की तरफ टकटकी लगाये देख रहे लोगों को दोपहर तक भारी तपिश झेलनी पड़ी। भयंकर गर्मी से परेशान जनमानस को रविवार को बादलों की लुका-छिपी से राहत मिली।

गर्मी का पारा रोज़ाना चढ़ता जा रहा हैं, जबकि बारिश का अभी दूर-दूर तक अता-पता नही है। यानिवार की सुबह से भी सूर्य की तपिश ने लोगों को बेहाल करके रख दिया था। सुबह से ही आसमान से आग बरसने लगी

### दिनभर सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा

थी। दोपहर तक भयंकर गर्मी से लोग बुरी तरह बेहाल रहे। भीषण गर्मी के कारण लोग अपने घरों में छिपे रहे। ज़रूरी कार्य से ही लोग बाज़ार और अपने कार्य करने निकले। मौसम का यह भयंकर हाल देर दोपहर तक जारी रहा,मगर उसके बाद सूर्य की तपिश कुछ कम होती गई और आसमान में नमी तथा सूर्य के छिप जाने से तपती गर्मी से कुछ राहत मिलने की आस दिखायी दी। लगभग चार बजे सूर्य जैसे छिपने लगा,जबकि आसमान से बरसती आग बंद हो गई और सूर्य के बादलों में छाने और कभी सूरज के निकलने से भयंकर गर्मी से बड़ी राहत मिली। गर्मी में परेशान लोग सूरज की तपन कम होते ही घरों से बाहर आए।

## दिव्यांगजनों को उपकरणों के लिए किया जागरूक

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** दिव्यांगजनों के उपकरण वितरण शिविर के आयोजन को लेकर दिव्यांगों को जागरूक किया और अधिक से अधिक कैम्प में पहुंचने पर ज़ोर दिया। राष्ट्रीय दिव्यांग एव महिला सशकितकरण विकास फाउंडेशन के मोहम्मद कासिम ने दिव्यांगों को जागरूक करते हुए बताया कि जनपद के सभी ब्लॉकों में कैंप लगाए जाएंगे। उन्होने अपने संगठन के सभी पदाधिकारियों से गांव से लेकर शहर तक सभी दिव्यांगजनों को सूचित करने पर ज़ोर दिया।

## नि:शुल्क शिविर में रोगियों का उपचार

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** आल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड और अल-अशरफ ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में दूसरा नि:शुल्क मेडिकल कैंप लगाकर रोगियों का उपचार किया।

ग्राम ईसापुर मूसापुर स्थित मोहम्मद अशरफ आवास पर आयोजित शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. मौहम्मद अजीम (ब्लू आई केयर एंड ऑप्टिकल सेंटर), अन्य रोगों के विशेषज्ञ डा. जावेद अख्तर, नाक, कान, गला के विशेषज्ञ डा. फैजान खान एहसान ईएनटी मैटरनिटी सेंटर, और यूनानी चिकित्सा के विशेषज्ञ हकीम मोहम्मद गुलफाम रजा ताहिर दारुल शिफा ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। जबकि डा. मोहम्मद सफीन ने शुगर और खून की जांच की।शिविर में लगभग 280 मरीजों को मुफ्त दवाएं दी गई, और खून, आँख, नाक, कान व गले की जांचें की गई। इस अवसर पर शकील एडवोकेट, कारी मुशर्रफ रजा, कारी मुशीर अशरफी, कारी एहसानुल हक अशरफी, मौलाना सलमान रागिब, मौलाना अजीम अशरफ, मा. तनवीर हुसैन अशरफी, करी शाहिद अशरफी, कसीम अशरफी, हाफिज शहनवाज अशरफी, हाजी नकी, अब्दुल कादिर, मो अशरफ और मौ. अनस उपस्थित रहे।

# प्रदूषण भरे वातावरण में रोगो की भरमार से बचने को योग प्राणायाम जरुरी है: श्रीमाली

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रंखला के तहत महायोगी गोरखनाथ महातपा के 45 पैतालिस वीं कड़ी में शनिदेव,राहु देव और केतू देव ग्रह का पूजन अर्चन दान सामग्री अर्पण कर यज्ञ, योग, जाप, तर्पण, सेवा सत्कर्म और दोनो संध्याओं में आरती वंदना की गयी। पंजू सराय कैम्प कार्यालय दुर्गा भवन पर आयोजित कार्यक्रम में आध्यात्मिक गुरु पं राधेश्याम श्रीमाली ने कहा की आज के परिदृश्य में जहां, फल सब्जियां, अनाज आदि सब कुछ कीटनाशक जहर में डूबा हुआ मिल रहा है। जिसका प्राणी मात्र के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पडने कारण, रोगों की भरमार में, मनुष्य की कमाई का एक बड़ा भाग दवाओं पर खर्च होकर भी मानव देह में आलस्य की पृवृति को बढावा दे रहा है। और आज पूर्ण स्वस्थ मानव मिलना इतिहास की बात होती जा रही है। किन्तु हम फिर भी दवाओं की ओर ही दौड़ लगा रहे है। और अपनी सनातन जीवन शैली व पूर्ण श्वास प्रवास की विधि को भूलते जा रहे हैं। अर्थात हमे समझना होगा और आने वाली पीढ़ी को आसन प्राणायाम रेचक पूरक कुम्भक ध्यान धारणा ध्येय नियम संयम से योग शरण में आना ही पड़ेगा तभी हम स्वस्थ समाज की कल्पना को साकार कर सकेगे, तो आइये आज से ही हम योगाभ्यास और प्राणायाम का शुभारम्भ करके प्रतिदिन एक घंटा योग करे और दुसरो को प्ररित करे। इस दौरान नरेश कुमार सैनी विनीत कुमार हर्षवर्धन डा. सुरेश चन्द्र ज्वालेश श्रीमाली लोकेश श्रीमाली नितिन सचिन पप्पू भीकम सैनी, तनिष्क मोहन रितिक मोहन यशवर्धन राघव सैनी आदि महिला मंडल से रुकमनी देवी सुनिता देवी नीरज देवी लक्ष्मी श्रीमाली नीतू श्रीमाली आरती श्रीमाली रिया श्रीमाली पूजा राखी सलोनी देवी नमामि तृप्ती देवी वविता देवी शिवांशी देवी स्वाती देवी संजना देवी उषा देवी आदि रही।



सम्भल।श्रीकल्कि पधारो महातपा कार्यक्रम में योगा करते

# बाल संस्कार में भाविप ने बच्चों को योग के महत्व का दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** भारत विकास परिषद शाखा सम्भल कल्कि द्वारा पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ आज आर्य समाज स्कूल मोहन लेदर पर किया गया। अध्यक्ष प्राची गुप्ता सचिव मुदिता गुप्ता कविता रस्तोगी द्वारा भारत माता एवं विवेकानंद जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात मुदिता गुप्ता ने बच्चों को योग सिखाया गया एवं योग के महत्व के बारे में बताया गया। मेहंदी का प्रशिक्षण कोमल द्वारा बच्चों को दिया गया। पारुल रस्तोगी द्वारा आर्ट एंड एवं क्राफ्ट की जानकारी देकर ड्राइंग सिखाई गई। कविता रस्तोगी ने वेस्ट चीजों से डेकोरेशन को करना और उसका सामान बनाना सिखाया। प्राची गुप्ता ने बच्चों को मंत्रोचार एवं रामचरित मानस की जानकारी दी।

# गंगा में डूबे सेमला के युवक का शव बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** ग्रुप के साथ गंगा नहाने गया युवक पानी के तेज बहाव के साथ डूब गये। इनमें एक का रेस्क्यू कर लिया गया जबकि दूसरा सम्भल निवासी युवक का शव बरामद किया गया।

हरियाणा के गुड़गांव से 14 सदस्यीय एक ग्रुप गंगा स्नान को गया था। ग्रुप में शामिल सभी लोग सिंगटाली पुल के पास थाना लक्ष्मण

### पानी के तेज बहाव में आकर डूबा था युवक, एक का रेस्क्यू

झूला के अंतर्गत नदी किनारे चले गए। इसी दौरान ग्रुप का एक व्यक्ति नहाते पानी के तेज बहाव में आ गया और डूबने लगा। उसे बचाने के लिए एक दूसरा युवक भी कूद गया, लेकिन व्यक्ति को बचाने के दौरान किसी बड़े पत्थर पर आ गया। इसकी सूचना इस घटना पर एस डी आर एफ टीम को सूचित किया गया, बयासी एस डी आर एफ टीम तुरंत पत्थर के ऊपर फंसे युवक को मिलते ही टीम वहां पहुंच गयी। टीम के सदस्यों ने सकुशल रेस्क्यू कर लिया, जबकि डूबे व्यक्ति की सर्चिंग के लिए डीप डाइविंग टीम ढाल वाला को जानकारी दी। डीप डाइविंग टीम ने तुरंत डीप डाइवर किशोर कुमार द्वारा 20 से 25 फीट गहराई में जाकर डूबे युवक ग्राम सेमला थाना गुन्नौर गुडडू यादव पुत्र वीरेन्द्र का शव बरामद किया, सूचना पाकर परिजन भी पहुंच गए। शव को राजस्व पुलिस को सुपर्द किया गया।

## संदिग्ध हालत में फांसी के फंदे पर लटका मिला शव

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में सदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला। अपने घर में पंखे की कुंडे में दुपट्टा से लटका मिला। इसका पता नहीं चल पाया। परिजनों व गांव वालों ने पुलिस बिना बताए गंगाघाट पर अंतिम संस्कार कर दिया।

शाह टाइम्स सम्भल
Mob. 9837240139
नगर पालिका गेट के ऊपर, तहसील रोड, सम्भल।

# छह घरों से लाखों की चोरी, दहशत में ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढ़ापांडे।** मूंढापांडे थाना क्षेत्र के दो गांवो में शनिवार की रात पांच घरों को चोरों ने अपना निशाना बनाकर लाखो की नगदी, सोने, चांदी के जेवर समेट कर ले गए, दौलारी आशक के घर में घुसे चोरों ने 20 हजार रूपये, सोने चांदी के जेवर चुरा लिए इसके बाद अफसर अली के घर में घुस गए वहाँ से सोने, चादी के जेवर ले गए, निवासी दौलरा के सद्दाम के घर की खिड़की की जाली काटकर घर में घुसे चोरों ने वहाँ से सोने, चांदी के जेवर चुराने के बाद ईदुल हसन के घर में दरबाजे से घुसे चोर कमरे में संदूक में रखे 16 हजार रूपये नकद, तीन सोने तथा दो चादी के जेवर चुरा ले गए, इसके चोर कलुआ के घेर को निशाना बनाकर आंगन में मच्छरदानी में सो रही खुशनुमा के कानों से सोने के कुंडल खीच कर भाग गए, मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुर कट्टई के इस्लाम के घर में घुसे चोरों ने सोना चांदी के जेवरात सहित लाखों रुपए की चोरी कर फरार हो गए,सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया पांचों पीड़ितों ने चोरी की तहरीर पुलिस को दी है।



## चोरी किए गए बकरे के साथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद संभल में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों के प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना ऐचोड़ा कम्बोह पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 59/2025 धारा 303(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त सलमान पुत्र सत्तार हुसैन नि0 ग्राम भमालपुर माफी थाना डिडौली जिला अमरोहा को गालबपुर ढकिया के जंगल से गिरफ्तार्री किया गया। अभियुक्त के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित चोरी किया गया एक बकरा भी बरामद किया गया।



# जंगलों में बने सामुदायिक शौचालय महिलाएं बच्ची शौच को जाने से बच रहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापाडे।** ब्लॉक क्षेत्र के गांवों में सामुदायिक शौचालय की स्थिति चिंताजनक है, शौचालय में पानी की बुनियादी व्यवस्था तक नहीं है, टंकी लगी है, लेकिन वह खाली पड़ी है, ब्लॉक मूंढापांडे की ग्राम पंचायत खाईखेड़ा के ग्रामीण मोहनलाल, छत्रपाल, रामप्रसाद ने बताया कि गांव के अन्दर सामुदायिक शौचालय का निर्माण तो हुआ मगर शौचालय के गड्ढे बंद हो जाने से कोई भी ग्रामीण शौचालय के अन्दर शौच करने नहीं जाता है क्योंकि समर सेविल ज्यादातर खघ्राब रहता है और शौचालय के सामने लगे सरकारी नल लगभग एक साल से खराब पड़ा है गांव के अन्दर अगर किसी ग्रामीण की लड़की की बरात आती है तो बारातियों को भी जंगल में शौच के लिए जाना पड़ता है कई बार ब्लॉक अधिकारियों से शौचालय के गड्ढे दोवारा बनाने के लिए कहा गया सरकारी नल की ठीक कराने के लिए कई बार ग्राम प्रधान से भी कहा पर आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई है,बरवाला खास,खबड़िया भूड़ के शौचालय के बाहर उगी घास से जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा है अन्दर शौचालय की टाइल्स टूटी पड़ी हैं, हाथ धोने के लिए नल और वॉश बेसिन लगे हैं, लेकिन इनमें पानी नहीं आता है, लोगों को बाहर लगे नल से पानी भरकर ले जाना पड़ता है,शौचालय की स्थिति और लोकेशन ऐसी है कि महिलाएं बच्चियां शाम के बाद वहां जाने से बचती हैं, ग्रामीणों ने बताया कि शौचालय की रंगाई-पुताई तो की गई है, लेकिन अंदर की स्थिति बेहद खराब है, शौचालय के अंदर पानी की कोई व्यवस्था नहीं है, वाशबेसिन तो लगा है लेकिन उसमें पानी नहीं आता जिसकी शिकायत ग्राम विकास अधिकारी से कई बार कर चुके है लेकिन स्थिति जस का तस बना हुआ है, जो स्वच्छता और स्वास्थ्य के लिए समस्या बन गया है।

## एक नजर


### सड़क निर्माण का कार्य शुरू होने से लोगों को मिली राहत, जल्द ही कार्य पूरा होने की उम्मीद

**कांठ।** सहसपुर बॉर्डर से छजलैट तक होने वाले सड़क के चौड़ीकरण का काम एक बार फिर रफ्तार पकड़ चुका है। सहसपुर बॉर्डर से इस सड़क को काला करने का काम भी शुरू हो गया है जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है। बतादे की सहसपुर बॉर्डर से छजलैट तक लगभग 13 किलोमीटर सड़क चौड़ी करने के लिए पैसा मंजूर हुआ जिस पर इसी साल के शुरुआत में काम चालू हुआ लेकिन यह काम अभी तक पूरा नहीं हो पाया 1 महीने से कांठ से छजलैट के बीच चलने वाला चौड़ीकरण का काम भी रुक गया मगर चार दिन पहले इस काम ने अचानक रफ्तार पकड़ ली, बॉर्डर से सड़क के चौड़ीकरण के उपरांत सड़क काली करने का काम शुरू कर दिया गया अब यह निर्माण कार्य सिकंदराबाद तक पहुंच चुका है जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है लोगों का कहना था कि सड़क के चौड़ीकरण होने से आवागवन काफी सुविधाजनक होने वाला है।



### तंबाकू निषेध दिवस पर छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**कांठ।** दयानन्द इण्टर कॉलेज में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें प्रधानाचार्य मदन सिंह ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि तम्बाकू के सेवन से स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है हमें अपने जीवन को सुखद बनाने के लिए सभी प्रकार के मदक पदार्थों से दूर रहना चाहिए। तम्बाकू का सेवन जीवन के लिए अभिशाप है तम्बाकू का सेवन भविष्य में विभिन्न बीमारियों और मृत्यु का कारण बन सकता है इसलिए हमें अपने आप को तम्बाकू के सेवन से दूर रखने की प्रतिज्ञा लेनी होगी। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, दीपक सिंह तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयं सेवक उपस्थित रहे।



# महापुरुषों की मूर्ति लगाने के विवाद को लेकर 19 लोगों को किया गया मुचलका पाबंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** थाना कुढफतेहगढ़ क्षेत्र के गाँव धनुपुरा में एक समाज के लोगों द्वारा सड़क किनारे खाली पडी ग्राम समाज की भूमि पर महाराणा प्रताप की मूर्ति लगाने के लिए शुक्रवार को बिना अनुमति चबूतरा बनाने के लिए नींव खोदकर निर्माण शुरू किया था, जिसकी खबर गाँव में दूसरे समाज के लोगों को हुई तो उन्होंने एसडीएम चन्दौसी को प्रार्थना पत्र देकर गाँव में दूसरी जगह भीमराव आंबेडकर की मूर्ति लगाने की अनुमति मांगी गई। इसी को लेकर कुढफतेहगढ़ पुलिस ने बिना अनुमति दो पक्षों के बीच मूर्ति लगाने की चल रही चर्चा को लेकर शांति व्यवस्था हेतु दोनों पक्षों की ओर से उन्नीस लोगों के खिलाफ मुचलका पाबंद करने की कार्यवाही की गई। बता दें कि प्रथम पक्ष से लक्की पुत्र वीरपाल सिंह, रामकुमार पुत्र पूरन सिंह, जहारी पुत्र गुलाबी, रिकेश पुत्र तेजसिंह, राहुल पुत्र मदनलाल, सुनील पुत्र किरनपाल, नन्हे पुत्र सावन्ती, गुडडू पुत्र रामप्रसाद, मनोज पुत्र वीरपाल तथा द्वितीय पक्ष से विकेश पुत्र स्व० राजपाल, सतेन्द्र पुत्र विन्नाम सिंह, अवधेश पुत्र कृपाल सिंह, कृष्णपाल पुत्र छत्रसिंह, कप्तान पुत्र पप्पू, अजीत पुत्र सत्यवीर सिंह, दिनेश पुत्र गज्जू सिंह, उमेशपाल सिंह पुत्र बिन्नामी सिंह, पिन्टु पुत्र रघुवीर सिंह, अनुभव पुत्र विनेशपाल सिंह सहित दोनों पक्षों के खिलाफ धारा 126/135 बीएनएसएस के अन्तर्गत मुचलका पाबंद करने के लिए न्यायालय रिपोर्ट भेजी गई है।

# प्रेम शांति स्कूल के समर कैंप का हुआ समापन

## दो से 30 जून तक ग्रीष्म अवकाश की प्रधानाचार्य ने की घोषणा, समर कैंप बच्चों की प्रतिभा निखारने का है एक अच्छा माध्यम: राघव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति इंटर कॉलेज में चल रहे समर कैंप के समापन पर छात्र छात्राओं ने अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तु बनाने का प्रशिक्षण लिया। जल की बर्बादी रोकने के लिए पेड़ों के चारों ओर घेरे बनाए। छात्रों ने योगा कर स्वस्थ रहने के गुण सीखे।

रविवार को सरस्वती वंदना, स्वागत गीत के साथ समर कैंप में मेहंदी प्रतियोगिता, नींबू दौड़ योग व्यायाम, पौधों का रखरखाब अनुशासित तथा पूर्ण विद्यालय बेस में आने वाले छात्र तथा व्यसन मुक्ति रैली में भाग लेने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विजयपाल सिंह राघव ने कहा कि समर कैंप बच्चों की प्रतिभा निखारने का एक अच्छा माध्यम है। समर कैंप में बच्चे फन के साथ साथ ज्ञान भी अर्जित करते हैं। समर कैंप के समापन पर विद्यालय स्टाफ ने छात्रों को पुरस्कार के रुप में पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी द्वारा रचित बाल कहानियां, सत साहित्य तथा शील्ड और मेडल देकर सम्मानित किया गया । छात्रों से ग्रीष्मावकाश में स्वयं अध्ययन कर मेहनत के बल पर देश सेवा के लिए अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विजयपाल सिंह राघव, अनिल कुमार, आदित्य राघव, मनोज कुमार, सुषमा राघव, कुमारी परीक्षा राघव आदि स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा।



# प्राण शरीर की शक्ति है और आत्मा शास्वत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया इस अवसर पर पंडित वीरेंद्र आर्य द्वारा संतोष कुमार गुप्ता की यजमानी में वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया तत्पश्चात कपिल आर्य ने ईश्वर भक्ति का भजन प्रस्तुत किया और डॉक्टर सूर्य प्रकाश द्विवेदी ने वेद मित्रों की व्याख्या की। इस अवसर पर वानप्रस्थी डॉ राम मुनि द्वारा महर्षि दयानंद के अमर ग्रंथ सत्य प्रकाश का पाठ करते हुए उन्होंने बताया कि प्राण और आत्मा की शक्ति के सामंजस से ही शरीर क्रियाशील रहता है।प्राण के महत्व को बताते हुए कहा कि प्राण पांच होते हैं और पांच उपप्राण। प्राण हृदयस्थ रहता है। शरीर के संचालन में पांच प्राणों और पांच उपकरणों का विशेष महत्व ।प्राण वायु से शक्ति लेकर शरीर को ऊर्जा प्रदान करते हैं। ईश्वर की शक्ति प्राण का ही रूप है ।समस्त प्रकृति में भी प्राण रूप विद्यमान है ।शरीर में जो शक्ति चलती है वह प्राण की ही ऊर्जा है जब तक प्राण और आत्मा संयुक्त बने रहते हैं तब तक जीवन रहता है ,मृत होने पर प्राण निकल जाते हैं ।आत्मा और प्राण में विशेष अंतर है। प्राण शरीर की ऊर्जा है तो आत्मा शाश्वत है । ईशोपनिषद में योग प्राणायाम और आत्मा की विस्तृत व्याख्या की गयी है। इस अवसर पर प्रधान डॉक्टर अभय श्रोत्रिय,मंत्री रमेश सिंह आर्य कपिल कुमार आर्य ,रजनीश आर्य मयंक आर्य,प्रज्ञांशु आर्य यशपाल आर्य ,अर्जुन आर्य, राकेश कुमार आर्य अर्जुनवीर वर्मा ,ज्ञान प्रकाश भगत ,रमाशंकर आर्य, निर्मल आर्य संतोष कुमार गुप्ता ,रविंद्र आर्य, अमित आर्य ,सुमित आर्य आदि उपस्थित रहे।



# श्रीगीता सत्संग महिला मंडल ने किया पौधारोपण

**चन्दौसी।** सीतारोड स्थित गीता सत्संग भवन में श्रीगीता सत्संग महिला मंडल की महिलाओं के द्वारा पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में रघुनाथ आश्रम में पौधारोपण एवं शरबत वितरण किया गया। तदोपरांत सभी महिलाओं ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं सीजफायर पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर संयोजिका इंदु अग्रवाल, अध्यक्ष मंजू अग्रवाल, उपाध्यक्ष रानी अग्रवाल, वित्त मंत्री साधना अग्रवाल, मंत्री सीमा अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, पूनम गर्ग, नेहा अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, कविता बच्चन, नीतू अग्रवाल, मधु अग्रवाल, मंजू बाला, लता अग्रवाल, अंजू अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



### खतौनी दुरुस्तीकरण कैंप में आई 99 शिकायतों में 28 का हुआ निस्तारण

**कांठ।** तहसील में खतौनी दुरुस्त करने के लिए एक मेगा कैंप का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 99 शिकायतों में 28 शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया बाकी शिकायत तो की जांच के लिए अलग-अलग क्षेत्र के लेखपालों को निर्देशित किया गया है। रजिस्टर कानून गो करतार सिंह ने बताया कि खतौनी में हुई त्रुटि को ठीक करने के लिए मेगा स्तर पर कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिसमें कैंप लगाकर मौके पर निस्तारण पर विशेष जोर दिया जा रहा है इस तरह का कैंप शनिवार को आयोजित किया गया जिसमें लगभग 99 लोगों ने अपनी विभिन्न शिकायत रखी इनमें 28 का निस्तारण करते हुए बाकी शिकायतों को समय रहते निस्तारित करने के लिए संबंधित लेखपालों को सोपा गया है।



# धूमपान रोकने वाले अधिवक्ता का सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर अधिवक्ताओं ने तम्बाकू खाने के गम्भीर दुष्परिणामों पर चर्चा की तथा न्यायालय परिसर में ध्रूमपान न होने देने का संकल्प लिया।इस अवसर पर न्यायालय परिसर में धुम्रपान करने वालों को रोकने,टोकने वाले निर्भीक अधिवक्ता आदीष कुमार जैन को आर्य समाज, मुरादाबाद के मंत्री रमेश सिंह आर्य एडवोकेट ने लोही और महर्षि दयानंद सरस्वती का अमर ग्रन्थ सत्यार्थ प्रकाश प्रदान करके सम्मानित किया ।

इस अवसर पर बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष त्रिलोक चंद दिवाकर, विजयपाल सिंह अमन कुमार, पारुल अग्रवाल मदनलाल गोस्वामी,नीरज सोलंकी, अंजली,ठा सुनील सिंह, उत्कर्ष, कपिल गुप्ता,राहेमीन,जैनुल हसन, ब्रजेश विश्नोई,सरमिताभ सिंहा, शाकिर हुसैन आदि उपस्थित रहे।



# भारतीय मानव कल्याण समिति ने मनाई पुण्य लोक अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

**चन्दौसी।** भारतीय मानव कल्याण समिति के तत्वाधान में लो. कमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती मनाई गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने उनके चित्र पर पुष्पार्चन करके किया। समिति प्रबन्धक डॉ टी.एस. पाल ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31 मई 1725 में महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के चौड़ी ग्राम में हुआ। आठ-दस वर्ष की आयु में उनका विवाह हुआ। पुत्र मालेराव एवं पुत्री मुक्ताबाई के जन्म के बाद 1754 में उनके पति खंडेराव होल्कर वीरगति को प्राप्त हो गये। फिर 1766 में ससुर मल्हार राव होल्कर का निधन, 1767 में पुत्र मालेराव का देहान्त हो गया। 1791 में दामाद यशवन्तराव फणसे का निधन और उनकी पुत्री मुक्ताबाई सती हो गई, 13 अगस्त 1795 को महारानी ने अंतिम सांस ली। ऐसी पारिवारिक विषम परिस्थिति में भी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने कार्यकाल में ऐतिहासिक कार्य किये जिनको आज भी याद किया जाता है। मुख्य अतिथि सूरत से पधारे संतोष कुमार ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर भारत-भर के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मन्दिर बनवाए, घाट बँधवाए, कुओं और बावडिय्यों का निर्माण किया, मार्ग बनवाए-सुधरवाए, भूखों के लिए अन्नसत्र खोले, प्यासों के लिए प्याऊ बिठलाई, मन्दिरों में विद्वानों की नियुक्ति शास्त्रों के मनन-चिन्तन और प्रवचन हेतु की। मुख्य वक्ता बृजेन्द्र प्रसाद तिवारी ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने होल्कर राजवंश की राजधानी इंदौर से हटाकर नर्मदा के किनारे महेश्वर में स्थापित की।

इस दौरान दिनेशचंद्र गुप्ता, सुभाषचंद्र वार्ष्णेय, मुनेश धनगर, आकाश कुमार शर्मा, राजेश पाल, रतन कुमार वार्ष्णेय, ओमप्रकाश गुप्ता, राहुल पाल, सभासद अमन कोरी, सुशील कुमार भोलेनाथ, विपिन वार्ष्णेय बालाजी, मोहित कुमार, रोशन लाल दिवाकर, मुनीष बाबू, दिनेश धनगर, श्यामसुंदर दुबे, नरेश राघव, दिनेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### हिंदी पत्रकारिता दिवस पर केडीआर में बैठक आयोजित

**कांठ।** 30 मई को होने वाले हिंदी पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष में आज पहली जून को नगर के केडीआर रेस्टोरेंट में प्रेस क्लब की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए हिंदी पत्रकारिता दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी वक्ताओं ने कहा कि इस समय पत्रका. रिता करना बहुत कठिन काम हो गया है आए दिन पत्रकारों के साथ अभद्रता की जा रही है और चौथा स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकार काफी दवाब में काम कर रहे हैं कहा कि पत्रकारों का काम जनता की बात सरकार तक पहुंचाना और सरकार की योजनाओं को जनता के सामने रखना होता है पीड़ितों की आवाज उठाकर उन्हें न्याय दिलाने का काम भी मीडिया करती है। इसलिए सभी को अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह ईमानदारी के साथ करते रहना चाहिए। इस मौके पर अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान गौहर चौधरी मोहित सिंह चंदेल हाफिज तनवीर आलम हाफिज मोहम्मद साबिर डॉक्टर शब्बीर मोमीन केहर सिंह आरके कश्यप आदि मौजूद रहे।



# टीएमयू डेंटल कॉलेज में नशा मुक्त भारत का संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर 150 डेंटल छात्रों, शिक्षकों ने तंबाकू से दूर रहने की शपथ ली। टीएमयू के स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि नो टू टोबैको डे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तंबाकू समाज के संग-संग युवाओं के भविष्य के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

आज हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम स्वयं भी तंबाकू से दूर रहें और दूसरों को भी इसके खिलाफ जागरूक करें। डेंटल की डायरेक्टर गवर्नेंस श्रीमती नीलिमा जैन बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहीं। इस मौके पर डेंटल स्टुडेंट्स की ओर से पोस्टर और वीडियो की प्रतियोगिताएं भी हुईं। विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के 15 प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इससे पूर्व इंटर्न्स और बीडीएस छात्रों की एक लघु फिल्म के जरिए तंबाकू के हानिकारक प्रभावों को प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य वार्ता में पीजी छात्र डॉ. सोनल शुभांगी, डॉ. स्वयम त्रिपाठी और बीडीएस छात्राओं वंशिका त्यागी और योगेश्वरी की उल्लेखनीय भूमिका रही। अध्यक्षता डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रदीप तांगड़े ने की। कार्यक्रम में उप-प्राचार्या डॉ. अंकिता जैन के अलावा एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. उपेंद्र मलिक, फैकल्टीज डॉ. विकास सिंह, डॉ. रूपाली मलिक, डॉ. हर्षिता पांडे के संग-संग 150 बीडीएस एवम् पीजी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन स्टुडेंट हृदयेश सुरेखा ने किया।




# कार की टक्कर से बाइक सवार घायल किया रेफर

**कांठ।** विरेन्द्र सिंह पुत्र बल्लू सिंह निवासी पट्टीमौढा का कहना था कि 31मई की रात करीब 08 बजे उसका भाई विजय पाल सिंह घर से अपनी पुत्र वधु को लेने के लिए करनपुर थाना डिलारी जा रहे थे।

रामगंगा पुल पर भाई की बाईक हीरो होण्डा स्प्लेन्डर रजि० न0 यूपी 21 सीडब्लू 5666 को एक सफेद रंग की अल्टो रजि० न0 न्ञ017।4079 के चालक कुन्दन सिंह पुत्र इन्द्र सिंह निवासी नौवाडा थाना दोराहा जिला अल्मोडा उत्तराखण्ड ने तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाते हुए सामने से टक्कर मार दी। जिसमें विजयपाल को गम्भीर चोटें आयी उसे सी0एच0सी0 कांठ से जिला अस्पताल रेफर कर दिया पुलिस ने कार चालक के खिलाफ एफ आईआर दर्ज की है।

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र रहीस व पुत्रबधु श्रीमती शकीला को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति व सामाजिक रिश्तों से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमें बाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी अन्य सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **रसीत पुत्र श्री नासिर शाह व श्रीमती नन्ही पत्नी रसीत निवासीगण ग्राम दौलारी थाना मूढापांडे, जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र सिप्ते व श्रीमती चमन को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति व सामाजिक रिश्तों से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **जाबिर पुत्र छिददा निवासी ग्राम गुरेर थाना मैनाठेर, तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मेरा पुत्र जितेंद्र तथा उसकी पत्नी नन्ही गलत संगत तथा गलत आचरण में पड़ गए हैं। मेरे तथा परिवार के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। इस कारण मैंने उन्हें अपनी समस्त चल-चल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब भविष्य में मेरा तथा मेरे परिवार का जितेंद्र तथा उसकी पत्नी नन्ही से कोई संबंध वास्ता नहीं होगा। यदि कोई संबंध रखता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **जोगेंद्र सिंह पुत्र कल्लू सिंह निवासी ग्राम पाडली मांडू थाना व तहसील धामपुर जिला बिजनौर।**

# मक्का के खेत में युवती का मिला शव, क्षेत्र में फैली सनसनी



■ रेप कर हत्या की जताई आशांका





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी/मैनाठेर।** जनपद के थाना क्षेत्र के ग्राम मिलक सलमानियों वाली में उस समय हड़कंप मच गया जब घास काटने के लिए गई युवती का शव मक्का के खेत में पड़ा हुआ मिला। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय ग्रामीण खेत के आसपास जमा हो गए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना मैनाठेर की मिलक की रहने वाली शाफिया ने तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री शनिवार की शाम 5 बजे अपनी चाची के साथ खेत पर घास लेने के लिए गई थी। मगर जब वह वापस नहीं आयी तब परिवार वालो को चिंता हुई तो उसकी तलाश शुरू कर दी मगर सुबह तक कोई पता नहीं चल पाया। जब सुबह ग्यारह बजे दोबारा तलाश की गई तो मक्का के खेत मे युवती का शव पड़ा हुआ मिला। मैनाठेर थाना क्षेत्र में युवती की निर्मम हत्या कर उसका शव मक्का के खेत मे फेक दिया गया। मिली जानकारी के मुताबिक सलमानियो वाली मिलक निवासी आले हसन बेटी सायरा (20) शनिवार की शाम को घर घास लेने के लिए गई थी। लेकिन देर शाम तक घर नही लौटी तब परिवार वालो ने सायरा को काफी तलाशने के प्रयास किया लेकिन उसका कही सुराग नही मिल सका। जानकारी के मुताबिक सुबह सायरा की मां खेतो पर सायरा को तलाशने के गई थी। इस दौरान करीब 12 बजे नरोदा रोड पर मंदिर के पास जब्बर के मक्का के खेत मे सायरा का शव पड़ा मिला। सायरा की निर्मम तरीके हत्या की गई थी। घटना देख सायरा की मां की चीख निकल गई। चीख की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुँच गए। युवती का शव मिलने से गांव में हड़कंप मच गया सैकड़ो की तादात में गांव के लोग मौके पर पहुँच गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुँच गई। बही मौके पर मैनाठेर इंस्पेक्टर किरन पाल सिंह पुलिस फोर्स के घटना स्थल पर पहुंचे। और थोडी देर बाद सीओ बिलारी और एसपी देहात कुंवर सिंह आकाश घटना स्थल पर पहुंचे वही हत्या की सूचना पर एसएसपी सतपाल अंतिल भी मौके पर पहुँच गए। घटना की जानकारी पर फोरेंसिक विभाग की टीम भी मौके पर पहुँच गई। टीम ने घटनास्थल से सेम्पल जमा किये है।

## कंकाल मिलने से मंचा हड़कंप पुलिस ने डीएनए को भेजा, ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस

**कुन्दरकी।** थाना इलाके के नानपुर में उसे समय हड़प्पा मच गया जब अचानक खेत में एक कंकाल पड़ा हुआ मिला जिसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने कंकाल को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पुलिस का कहना है, इस कंकाल की शिनाख्त के लिए इस डीएनए के लिए भेजा जा रहा है। कंकाल काफी समय पुराना बताया जा रहा है

। दरसल गांव के ही रहने वाले राजेश और श्याम सुंदर पुत्र बृज गोपाल का खेत हाईवे से कुछ की दूरी पर है। झाड़ियां की तरफ अचानक ग्रामीणों ने कंकाल पड़ा हुआ देखा तो पुलिस को सूचना दी तत्परता दिखाते हुए पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और कंकाल को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## रोटरी क्लब चन्दौसी अमन ने किया नि:शुल्क भोजन वितरण

**चन्दौसी।** रोटरी क्लब चन्दौसी अमन द्वारा रविवार को स्व. रमा देवी की पुण्य स्मृति में क्लब के पूर्व अध्यक्ष रो. पवन साडीज, रो. विकास मेंथा एवं वर्तमान अध्यक्ष रो अमित अप्पू ने रामबाग रोड स्थित वेणुगोपाल मंदिर पर नि:शुल्क भोजन एवं शरबत वितरण किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष अमित अप्पू, सचिव अतुल गुड्डू, गिरीश हीरो, प्रवीन अग्रवाल, प्रदीप वार्ष्णेय, भूपेन्द्र गुप्ता, पवन साडीज, विकास मेंथा, उमेश वार्ष्णेय, राहुल टनाटन, गिरिश गुप्ता, विनय अग्रवाल, प्रमोद सिंह, कमल किशोर, हैप्पी आर्य, टीटेश काका, प्रमोद गुरु, लोकेश वार्ष्णेय, दीपेश गुप्ता, महिमा जैन, रेखा गुप्ता, कल्पना अप्पू, करुणा गुप्ता, साधना गुप्ता, साक्षी गुप्ता, प्रतिभा सिंह, कनिष्का वार्ष्णेय, मनी पार्थव आदि रहे।

## न्यायालय उठने तक की सजा व 3500 रुपये के अर्थदंड से किया दंडित

**चन्दौसी।** ऑपरेशन कनविक्शन के तहत संभल पुलिस द्वारा अपराधियों को सजा दिलाने के क्रम में शनिवार को मु0अ0सं0 268/2001 धारा 338, 279, 304ए, भादवि थाना गुन्नौर जनपद संभल में अभियुक्त मेहन्दी हसन पुत्र अली हसन नि0 कबूलपुरा थाना कोतवाली बदायूं जिला बदायूं को माननीय न्यायालय जे.एम. गुन्नौर जनपद संभल द्वारा अभियुक्त को न्यायालय उठने तक की सजा व 3500 रु. के अर्थदंड से दंडित किया गया।

# राज्य डांस चैम्पियनशिप में छाए नागपाल स्कूल के बच्चे

■ विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर जताया हर्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद स्थित वसुंधरा गार्डन में 16जी राज्य डांस स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप-2025 में नगर गजरौला के हाइवे स्थित नागपाल इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय की छात्रा आराध्या राजपूत ने सेमी क्लासिकल में प्रथम स्थान के साथ गोल्ड मेडल हासिल किया। स्वरा श्रीवास्तव ने क्लासिकल डांस में प्रथम स्थान के साथ गोल्ड मेडल हासिल किया। अक्षय सिंह ने कंटेंपरेरी डांस में प्रथम स्थान के साथ गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसी के साथ हॉरर डांस में भी नागपाल इंटरनेशनल स्कूल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। उत्तर प्रदेश के सभी प्रतिभागियों में सर्वश्रेष्ठ ओवरऑल के लिए इंटरनेशनल स्कूल को ओवरऑल ट्रॉफी से सम्मानित किया गय। नागपाल इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों को मिली इस उपलब्धि पर विद्यालय की चेयरपर्सन अंशु नागपाल, मार्गदर्शक एवं पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल व प्रधानाचार्या निशि सिंह ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि ये क्षण पूरे विद्यालय परिवार को गौरवांतित करने वाले हैं। कहा कि हमारे विद्यालय में उत्कृष्ट शिक्षण व्यवस्था के साथ साथ छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिये भी पूर्ण लगन के साथ काम किया जाता है।



# शिव पार्वती रसोई परिवार के तत्वाधान में आलू पूरी, हलवा-शर्बत का किया गया वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आज प्रकाश नगर चौराहे पर शिव पार्वती रसोई परिवार की ओर आलू पूरी हलवा शरबत और जल वितरण किया गया आज की रसोई का आयोजन संस्था के अध्यक्ष और संस्थापक पुष्प यादव एडवोकेट द्वारा अपने स्वर्गीय पिताजी श्री शीशपाल सिंह यादव जी की चतुर्थ पुण्यतिथि पर कराया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा सत्येंद्र चौधरी केंद्रीय उपभोक्ता भंडार के अध्यक्ष सुमित चौधरी बाहर के पूर्व महासचिव आनंद मोहन गुप्ता राज्य महिला आयोग के पूर्व सदस्य राजेश कुमारी यादव संरक्षक प्रत्यूष यादव महासचिव आशुतोष त्यागी अंकुर यादव डॉक्टर सत्यवीर चौहान डॉक्टर वर्षा यादव आशीष यादव राहुल शर्मा दुष्यंत यादव सुनीत अग्रवाल प्रमोद यादव बिट्टू कश्यप योगेश भारती ओम प्रकाश सिंह विवेक गुप्ता अभिनव चौधरी प्रमोद यादव अनुज कश्यप पारस त्यागी हरिओम शर्मा मानव चौहान वीरेंद्र सिंह उषा यादव सुषमा चौधरी आदि संस्था के सदस्य उपस्थित रहे। शिव पार्वती रसोई का आयोजन प्रत्येक रविवार को किया जा रहा है जिसमें निशुल्क भर पेट भोजन के साथ साथ फल और मिष्ठान भी वितरण की व्यवस्था रहती है और संस्था द्वारा प्रत्येक रविवार को फ्री मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया जाता है और आने वाले समय में इस संस्था द्वारा अनेक सामाजिक कार्य किए जाएंगे।

संस्था का उद्देश्य व मूल वाक्य है। 'अन्न है सभी के लिए' पुष्प यादव (अध्यक्ष) शिव पार्वती रसोई परिवार।




## श्रीमद् भागवत कथा प्रारम्भ से पूर्व निकाली कलश यात्रा

**सुरजन नगर।** चौकी क्षेत्र के गांव रामपुर घोघर में रविवार को आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हआ। कथा के शुभारंभ से पूर्व गांव की 101 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। रविवार को पुराने शिव मंदिर पर महिलाओं ने कलश पूजन के बाद हरिद्वार से आये गंगाजल को अपने अपने कलश में भरकर व पीले वस्त्र धारण कर अपने सिर पर रखकर कलश यात्रा प्रारंभ की। कलश यात्रा प्राचीन शिव मंदिर से प्रारंभ होकर सैनी धर्मशाला, हनुमान मंदिर, चामुंडा मंदिर, नव निर्मित शिव मंदिर होते हुए कथा स्थल पर पहुंचकर समाप्त हई। कलशयात्रा का ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कथा वाचक पंडित जितेंद्र वशिष्ठ जी ने विधिविधान से कथा स्थल पर कलश स्थापित किये। कलश स्थापित के बाद भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कथा के प्रथम दिन जितेंद्र जी ने बताया प्रत्येक व्यक्ति को भगवान की कथा में जाना चाहिए भगवान की कथा सुनने से मनुष्य को मोक्षकी प्राप्ति होती है। कलयुग में भगवान की कथा ही मनुष्य को मोक्ष का मार्ग दिखाती है। कथा में गांव के महिला व पुरुष उपस्थित रहे कथा के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया।



# मारपीट में दो नामजद सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** मजदूरी करके लौट रहे युवक को लाठी डंडो और धारदार हथियार से मारपीट कर घायल कर दिया। घायल के भाई की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी शाकिर पुत्र इवने हसन ने बताया कि उसका भाई नासिर वाहर मजदूरी करता है। बीती रात समय करीब शाम 10.00 वजे की है कि प्रार्थी का भाई नासिर वाहर मजदूरी से अपने घर आ रहा था। जैसे ही गांव कमालपुरी खालसा की नहर की पुलिया पर पहुँचा तो पीछे से सन्देश पुत्र हरकेश व भास्कर पुत्र सन्देश निवासीगण ग्राम कमालपुरी खालसा व भास्कर की मौसी का लड़का उसके भाई से जबरन शराब पीने से इंकार किया तो उक्त तीनो व्यक्तियों ने गाली गलौज करते हुए लाठी डन्डे व धारदार हथियार से हमला किया और मारपीट कर घायल कर दिया था। जिसमें उसका भाई बेहोश हो गया। घायल को उपचार के लिए नगर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। घायल के भाई की तहरीर पर उक्त तीनों आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पांच वारंटी गिरफ्तार

**डिलारी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देश पर थाना डिलारी पुलिस ने अभियान चलाकर रविवार को पांच वारंटी गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिए,गांव तुमरिया कला निवासी सरफराज, नविया,गांव गकखरपुर निवासी बबन,नगर पंचायत ढकिया निवासी साजिद और बारिश मुकदमे के दौरान कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहे थे।

अदालत की अवहेलना करने पर माननीय न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिए,जिस पर थाना डिलारी पुलिस ने अलग-अलग गांव के पांचो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

**नामपरिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम ABARAR ALI से बदलकर ABRAR ALI पुत्र ISRAR रख लिया है। भविष्य में मुझे ABRAR ALI पुत्र ISRAR के नाम से जाना एवं पहचाना जाए। अबरार अली पुत्र इसरार निवासी मोहल्ला नई बस्ती वार्ड 21 फतेहउल्ला गंज ठाकुरद्वारा मुरादाबाद उ.प्र. 24460

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र अर्पित शर्मा पुत्र स्वर्गीय रजनीश कुमार शर्मा व पुत्रवधू श्रीमती प्रतीक्षा रमन शर्मा पत्नी अर्पित शर्मा को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति व सामा. जिक रिश्तों से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरी बेटी आयुषी शर्मा एवं मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **सुमन शर्मा पत्नी स्वर्गीय रजनीश कुमार शर्मा निवासी मकान नंबर 9 कृष्णा आश्रम मंदिर वाली गली ताड़ीखाना तहसील व जिला मुरादाबाद।**

# करनपुर में संत निरंकारी मिशन के अनुयायियों द्वारा भीषण गर्मी में शरबत वितरण कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डिलारी।** चौराहा करनपुर में संत निरंकारी मिशन के अनुयायियों ने तेज गर्मी में रहागीरों को शरबत का वितरण किया, शरबत वितरण के कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत करनपुर की ग्राम प्रधान श्रीमती रेखा देवी ने फीता काट कर किया, और राहगीरो को शरबत पिलाने में सहयोग किया, ग्राम प्रधान श्रीमती रेखा देवी ने कहा कि आपस में एक दूसरे का सहयोग करना चाहिए, जिससे भाईचारा बना रहता है, संत निरंकारी मिशन का यही उद्देश्य है,कि मानव को मानव हो प्यार एक दूजे का बने सहारा रविवार को सुबह से ही तेज गर्मी को देखते हुए निरंकारी मिशन के अनुयायियों ने कैंप लगाकर राहगीरों के लिए शरबत वितरण की व्यवस्था की, राहगीरो ने शरबत पीकर राहत की सांस ली, यह कार्यक्रम प्रात: 10:00 बजे से लेकर दोपहर 2:00 बजे तक किया गया, इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर बाबू सिंह, त्रिवेणी शंकर ,भजन सिंह, चंद्रपाल सिंह, सुभाष सिंह, राजवीर सिंह, पूरन सिंह ,विपिन कुमार,महेंद्र सिंह, कमल कुमार, रामकुमार सिंह, रेखपाल सिंह, मुकेश कुमार ,पप्पू सिंह, अभिनव ठाकुर ,आस्था, वंशिका आदि। उपस्थित रहे।



# मनुष्य का तन ईश्वर भक्ति करने के लिए ही मिला है: संजीव कुमार शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** ब्रांच करनपुर चौराहा पर क्षेत्रीय निरंकारी संत समागम संत निरंकारी मिशन की ब्रांच करनपुर चौराहा में एक विशाल क्षेत्रीय निरंकारी संत समागम समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्टेज पर विराजमान प्रचारक महात्मा संजीव कुमार शर्मा ने अपने प्रवचनों में ईश्वर भक्ति की महत्ता को समझाते हुए कहा कि ईश्वर की भक्ति करना प्रत्येक मनुष्य का कर्म होता है जो मनुष्य ईश्वर भक्ति में तल्लीन रहकर के अपना नाता सत्संग सेवा सिमरन के साथ जोड़ता है वह इस लोक में तो सुख भोगता ही है परलोक में भी वह सुख का भागीदार होता है। प्रत्येक मनुष्य का कर्म है कि वह ईश्वर का स्मरण सच्चे मन से करें प्रभु का सिमरन करें मनुष्य को अपना अधिकतर समय प्रभु सिमरन में लगाना चाहिए मनुष्य का तन ईश्वर भक्ति करने के लिए ही मिला है उन्होंने कहा की ष्माता-पिता मिल जाएंगे लख चौरासी माही हरि का सिमरन गुरु की भक्ति फिर मिलेगी नाहीष् मनुष्य जन्म में ही हरि का सिमरन और गुरु की भक्ति करने का सौभाग्य प्राप्त हो सकता है बाकी योनियों में तो इंसान को माता-पिता बीवी बच्चे अन्य प्रकार के भोग भोगने को मिल जाएंगे लेकिन मनुष्य योनि ही कर्म योनि है प्रत्येक मनुष्य का कर्म है कि वह सतगुरु के चरणों में जाकर ईश्वर की पहचान करके ईश्वर भक्ति करें तभी मानव जन्म की सार्थकता सिद्ध होती है सत्संग कार्यक्रम का संचालन पूरन सिंह ने किया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ बाबू सिंह, त्रिवेणी शंकर, कमल कुमार, भजन सिंह ,महेंद्र सिंह, चंद्रपाल सिंह ,सुभाष सिंह, कोमल सिंह, विपिन कुमार, राजव. ीर सिंह, रोशन सिंह, रेख पाल सिंह ,अमन सिंह, ग्राम प्रधान रेखा देवी ,नीतू देवी, सीमा देवी, पूनम, मो. निका, अनीता देवी, कमलेश देवी ,सविता देवी, चंद्रावती, आस्था, वंशिका आदि उपस्थित रहे सत्संग के पश्चात श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद बड़े श्रद्धा पूर्वक ग्रहण किया।



## एक नजर

### बकरीद शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को अमन कमेटी की बैठक हुई आयोजित

**भोजपुर।** आगामी ईद-उल-अजहा का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वक्ताओं ने सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने का आह्वान किया। रविवार को थाना परिसर में आयोजित अमन कमेटी की बैठक में उपस्थित क्षेत्र के संभ्रांत लोगों को संबोधित करते हुए से डिप्टी एसपी रूद्र कुमार सिंह ने पूर्व की भांति इस बार भी ईद-उल-अजहा पर शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने का आह्वान किया। शहर इमाम मौलाना मोहम्मद हनीफ ने लोगों से परंपरागत तरीके से त्योहार मनाने,नई परंपरा शुरू नहीं करने और एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने का आह्वान किया। थाना प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने खुले में कुर्बानी नहीं करने, प्रधानों से कुर्बानी के पशुओं के अवशेषों को चिंहित स्थानों पर पहुंचाकर गड्ढों में दबाने, सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा।ष उन्होंने कहीं पर कोई समस्या आए तो मुझे या बीट प्रभारियों को सूचना देने को कहा ताकि उसका समय पर निस्तारण किया जा सके। बैठक में एसएसआई महेश पाल मलिक, कस्बा चौकी इंचार्ज बृजपाल सिंह, उपनिरीक्षक अनिल गोस्वामी, उपनिरीक्षक कपिल कुमार, सिरसवां दोराहा चौकी इंचार्ज पंकज राठी, अर्शमान अंसारी , सभासद मौ यासीन सैफी, सभासद तौकीर कुरैशी, सभासद गयासुद्दीन, सभासद ताहिर, सभासद कल्लू,तहसीम पूर्व सभासद हाजी जाकिर व अशफाक खां, मौहम्मद हसन, प्रधान कमाल मुस्तफा मौहम्मद रिजवान,शकील प्रधान, सभासद हाजी मौ रफी आदि मौजूद रहे।



### युवती की जिद के आगे झुके प्रेमी और उसके परिजन, मंदिर में लिए सात फेरे

**भोजपुर।** दो दिनों की जद्दोजहद के बाद प्रेमी युगल प्राचीन शिव मंदिर में धार्मिक रीति-रिवाज से सात फेरे लेकर एक दूसरे के गले में वरमाला पहना कर विवाह के बंधन में बंध गए। शुक्रवार की शाम को थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने विवाह करने की जिद को लेकर कस्बे के एक मोहल्ला निवासी प्रेमी के घर आकर डेरा डाल दिया था। प्रेमी किसी भी कीमत पर विवाह करने को तैयार नहीं था। वहीं प्रेमिका विवाह नहीं होने पर प्रेमी के घर पर ही जान देने की धमकी दे रही थी। दो दिनों की जद्दोजहद के बाद युवती ने प्रेमी,उसकी भाभी और बड़े भाई के खिलाफ गंभीर आरोपों में पुलिस को तहरीर दी। पुलिस का कड़ा रुख और युवती की जिद के आगे बेबस प्रेमी और उसके रिश्तेदारों ने विवाह करने में ही भलाई समझी। रविवार की देर शाम को बड़ी मंडी में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में युवक के परिजनों और युवती के पिता की मौजूदगी में मंदिर के पुजारी ने सनातन धर्म के रीति-रिवाज अनुसार दोनों का विवाह संपन्न कराया। विवाह की धार्मिक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद प्रेमी अपनी पत्नी को अपने घर लेकर चला गया।



### शिविर में आंखों की जांच व संचारी रोग से बचाव की दवा वितरण की

**मुरादाबाद।** भारत विकास परिषद (शिवाजी शाखा) व आरिशी एडवांस आई केयर एवं सर्जिकल सेंटर मुरादाबाद के संयुक्त तत्वाधान में एक नि:शुल्क आंखों की जांच, एक्यूप्रेशर एवं संचारी रोग बचाव दवा वितरण के शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ राजकुमार शर्मा ने लोगों को स्वस्थ रहने के गुरु बताएं साथ ही कहा कि वह अपने घर व आसपास सफाई का विशेष ध्यान दें क्योंकि जहां सफाई होती है वहां स्वास्थ्य निवास करता है। जिसमें डॉ प्रवीण कुमार सिंह ने 50 रोगियों के आंखों की जांच कर उचित परामर्श दिया व डॉ रीमा सिंह का सक्रिय सहयोग रहा शिविर में एक्यूप्रेशर चिकित्सा हेतु संस्था के अध्यक्ष डॉ आर के शर्मा व डॉ अंशुमान गौड़ रोगियो का परीक्षण किया एवं एक्यूप्रेशर विशेषज्ञों पुष्कर राम ,अमन पांडे ,दीपा ,अभिनय आर्य ,चरण सिंह , अंजली वर्मा,ने एक्यूप्रेशर चिकित्सा कर तुरंत लाभ दिलवाया। संस्था की ओर से पीके अग्रवाल डॉ नूतन आर्य ,सत्येंद्र दीक्षित, दीपक अग्रवाल अनुष बंसल, अवधेश कुमार गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।



### लखनऊ में होगा एआईएमआईएम पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन

**मुरादाबाद।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तहादुल मुस्लिमीन पार्टी के गागन कुंदरकी रोड मुरादाबाद स्थित कार्यालय पर मासिक बैठक का आयोजन किया गया ।जिसमें कुंदरकी विधानसभा अध्यक्ष मुफ्ती असद नईमी को जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं जब आलमगी को विधानसभा अध्यक्ष कुंदरकी एवं भोलू प्रधान को ब्लॉक अध्यक्ष मुंडा पांडे मनोनीत किया गया । 14 जून को लखनऊ में ए आई एम आई एम पार्टी के प्रथम कार्यकर्ता सम्मेलन को कामयाब बनाने पर चर्चा हुई एवं आगामी जिला पंचायत चुनाव में पार्टी कामयाब हो इसको लेकर चर्चा हुई एवं आगामी माह में विधानसभा वार कार्यकर्ता सम्मेलन करने पर सहमति बनी मीटिंग में जिला अध्यक्ष मोहिद फरगानी एडवोकेट ने अध्यक्षता की एवं वकी रशीद एडवोकेट महानगर अध्यक्ष मुरादाबाद,जकी राइनी, कुंदरकी विधानसभा पूर्व प्रत्याशी हाफिज मोहम्मद वारिस,हाजी सलीम पूर्व जिला अध्यक्ष ,नईम कुरैशी जिला महासचिव, सरफराज एडवोकेट विधानसभा अध्यक्ष ठाकुरद्वारा, मोहम्मद शाकिर विधानसभा अध्यक्ष बिलारी,शान ए मोहम्मद नगर अध्यक्ष नगर पंचायत महमूदपुर माफी, मोहम्मद आमिल एडवोकेट,जिला महासचिव तारिक अनवर,फहीम बेग, अतिकुर रहमान अशफाक चौधरी भोलू प्रधान,अबू बकर अंसारी,जिला महासचिव अरशद अली सैफी,वार्ड मेंबर पाकबडा शारिक ला,सूफी आकिल सैफी,बब्बू मलिक,मोहम्मद शादाब अंसारी संयुक्त सचिव मुरादाबाद व सलीम नगर अध्यक्ष ठाकुरद्वारा आदि उपस्थित रहे।



### रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष बाबू सुरेंद्र भूषण का निधन

**कुन्दरकी।** नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी पूर्व रामलीला कमेटी और मेला कमेटी के अध्यक्ष बाबू सुरेंद्र भूषण का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया उनके निधन से पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई। और उनके घर पर उनके मिलने वाले रिश्तेदारों का तांता लग गया सुरेंद्र भूषण सरल स्वभाव के धनी थे और वह समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे नगर में तमाम सामाजिक कार्यों में उनकी भूमिका सराहनीय थी देर रात्रि नगर के हरियाना मार्ग स्थित श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन के अपरांत उनके घर पर सामाजिक राजनीतिक और प्रशासनिक लोगों ने घर पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की उनके परिवार में उनके बेटे पदम भूषण प्रवीण भूषण, और भतीजे रमन भूषण देवेश भूषण हैं। जो अब उनकी सामाजिक विरासत को आगे बढ़ाएंगे।



# वनडे में 34 ओवर के बाद एक बॉल का इस्तेमाल होगा




**आईसीसी अगले महीने से नए नियम लागू करेगी, पांच कन्कशन रिप्लेशमेंट बताने होंगे**

**दुबई, वार्ता।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) टेस्ट और वनडे के कुछ नियमों में बदलाव करने जा रहा है। आईसीसी ने अपने मेंबर्स को भेजे गए मैसेज में कहा कि नए प्लेइंग-कंडीशन्स टेस्ट मैचों में जून से और व्हाइट बाल क्रिकेट में जुलाई से लागू होंगे।

नए नियमों में वनडे क्रिकेट में एक बाल का इस्तेमाल, बाउंड्री पर कैच और कन्कशन रिप्लेसमेंट शामिल है। वनडे क्रिकेट में एक बाल का इस्तेमाल अक्टूबर 2011 से वनडे में दो नई बाल का नियम लागू है। अभी वनडे में दो नई बाल का दोनों साइड से इस्तेमाल किया जाता है। आईसीसी के नए नियम के मुताबिक, 1 से 34 ओवर के लिए दो नई गेंदें होंगी। यानी एक पारी में पहले 34 ओवर तक दोनों गेंदें चलेंगी। फिर 35वें ओवर से सिर्फ एक गेंद पारी के अंत तक दोनों एंड से इस्तेमाल की जाएंगी (जब तक कि इसे बदलने की जरूरत न हो)। 34 ओवर पूरे होने के बाद और 35 ओवर की शुरुआत से पहले फील्डिंग टीम उन दो गेंदों में से एक का सिलेक्शन करेगी। कन्कशन रिप्लेसमेंट नियमों में भी कुछ बदलाव किए जाएंगे।

टीमों को मैच शुरू होने से पहले मैच रेफरी को पांच कन्कशन रिप्लेसमेंट खिलाड़ियों के नाम देने होंगे। जिसमें एक विकेटकीपर, एक बल्लेबाज, एक पेसर, एक स्पिनर और एक आलराउंडर रहेगा। अगर रिप्लेस किया गया खिलाड़ी भी चोटिल हो जाता है, तो मैच रेफरी नया आप्शन चुन सकता है। दो नियम के बारे में बाद में सूचित किया जाएगा आईसीसी विज्ञप्ति में कहा गया है कि बाउंड्री लाइन कैच और डीआरएस प्रोटोकाल में नियमों में बदलाव के बारे में बाद में सूचित किया जाएगा। टेस्ट में जून और वनडे में जुलाई से लागू होंगे नियम टेस्ट क्रिकेट में नए नियम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के अगले साइकिल (2025-27) से लागू होंगे। यह श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गाल में 17 जून से होने वाले पहले टेस्ट के जरिए लागू होंगे।

# पीकेएल-12 की नीलामी में 10 खिलाड़ी बने करोड़पति

**● गुजरात जायंट्स ने दो बाद के चैंपियन मोहम्मदरेजा शादलू को सबसे बड़ी बोली लगाकर 2.23 करोड़ में खरीदा**

**मुंबई, वार्ता।** प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 की रविवार को समाप्त हुई खिलाड़ियों की नीलामी में 10 खिलाड़ी करोड़पति बने। गुजरात जायंट्स ने दो बार के चैंपियन मोहम्मदरेजा शादलू को सबसे बड़ी बोली लगाकर 2-23 करोड़ रूपये में खरीदा। प्रो कबड्डी के 12वें सत्र के 12 प्रफेंचाइजियों ने दो दिन बोली गई।

इसके अलावा दो करोड़ क्लब में देवांक दलाल शामिल रहे, जिन्हें बंगाल वॉरियर्ज ने 2-205 करोड़ रूपये में साइन किया। दो दिनों तक चली नीलामी में इस बार एक नई फाइनल बिड मैच (एफबीएम) नीति को भी लागू किया गया, जिसके तहत टीमें अपने रिलीज किए गए खिलाड़ियों को नीलामी में लगी अंतिम बोली से मैच करके एक या दो सीजन के लिए दोबारा साइन कर सकती थीं। इस नियम के तहत पांच खिलाड़ी दो सत्र के लिए और नौ खिलाड़ी एक सत्र के लिए रिटेन किए गए। कैटेगरी सी ऑलराउंडर्स के लिए शानदार मौका साबित हुई, जहां नितिन रावल, गुरदीप और धीरेज को बड़ी बोलियाँ मिलीं। नितिन को जयपुर पिंक पैंथर्स ने 50 लाख रूपये में साइन किया, गुरदीप को पुनेरी पलटन ने 47-10 लाख रुपये में खरीदा और धीरेज बेंगलुरु बुल्स की जर्सी पहनेंगे, जिन्हें 40-20 लाख रूपये की बोली मिली। हालांकि इस श्रेणी की सबसे ऊंची बोली रेडर आकाश लशदे के नाम रही, जो 53-10 लाख रूपये में बेंगलुरु बुल्स में शामिल हुए। खिलाड़ियों नीलामी की सबसे चौंकाने वाली बोली कैटेगरी डी में देखने को मिली, जब यू मुंबा ने हिमाचल प्रदेश के ऑलराउंडर अनिल मोहन को 78 लाख रूपये की रिकॉर्ड तोड़ बोली में साइन किया। खास बात यह है कि पीकेएल इतिहास में कैटेगरी डी की यह सबसे बड़ी बोली है। अनिल मोहन ने नीलामी के दूसरे दिन दोनों कैटेगरी में सबसे बड़ी बोली पाई। उनके बाद कैटेगरी डी में दूसरी सबसे बड़ी बोली उदय पार्टे को मिली, जिन्हें जयपुर पिंक पैंथर्स ने 50-10 लाख रूपये में खरीदा। नीलामी को लेकर मशाल स्पोर्ट्स के बिजनेस प्रमुख और प्रो कबड्डी लीग के लीग कमिश्नर अनुपम गोस्वामी ने कहा, ह्यह बहुत सकारात्मक है कि पीकेएल 12 की नीलामी के पहले दिन की गति दूसरे दिन भी बरकरार रही। टीमों ने कैटेगरी सी और डी में गहरी रुचि दिखाई है, विशेष रूप से पीकेएल डेब्यूटेंट आनिल मोहन के लिए 78 लाख की बोली से, जो कैटेगरी डी के लिए हमारी लीग के इतिहास की सबसे ऊंची बोली है। ऐसे नए खिलाड़ी अक्सर टीम की रीढ़ बनते हैं, और उनके विकास में निवेश करना प्रतिस्पर्धी टीमों के निर्माण के लिए आवश्यक है। निश्चित रूप से, इस सीज़न में 10 'करोड़पति' खिलाड़ियों का उभरना एक संतुलित बाजार को दर्शाता है।

## कैटेगरी ए के शीर्ष पांच खिलाड़ी

मोहम्मदरेज़ा शादलू चियानेह (ईरान) 2-23 करोड़ रूपये गुजरात जायंट्स, देवांक दलाल (भारत) – 2-203 करोड़ रूपये बंगाल वॉरियर्ज, आशु मलिक (भारत) 1-90 करोड़ रूपये दबंग दिल्ली, अर्जुन देशवाल (भारत) 1-405 करोड़ रूपये तमिल थलाइवाज, योगेश विजेंद्र दहिया (भारत) 1-125 करोड़ रूपये बेंगलुरु बुल्स।

## कैटेगरी बी के शीर्ष पांच खिलाड़ी

अंकित जगलान (भारत) 1-573 करोड़ रूपये पटना पाइरेट्स, नवीन संसार सिंह कुमार (भारत)1-20 करोड़ रूपये हरियाणा स्टीलर्स, गुमान सिंह (भारत) 1-073 करोड़ रूपये यूपी योद्धाज सचिन तंवर (भारत) 1-058 करोड़ रूपये पुनेरी पलटन, नितिन कुमार धनखड़ (भारत) 1-002 करोड़ रूपये जयपुर पिंक पैंथर्स।

## कैटेगरी सी के शीर्ष पांच खिलाड़ी

आकाश संतोष शिंदे (भारत) 53-10 लाख रूपये बेंगलुरु बुल्स, नितिन रावल (भारत) 50 लाख रूपये जयपुर पिंक पैंथर्स, संदीप कुमार (भारत) 49 लाख रूपये यू मुंबा, गुरदीप (भारत) 47-10 लाख रूपये पुनेरी पलटन, धीरेज (भारत) 40-20 लाख रूपये बेंगलुरु बुल्स

## कैटेगरी डी के शीर्ष खिलाड़ी

अनिल मोहन (भारत) 78 लाख रूपये यू मुंबा, उदय पार्टे (भारत) 50-10 लाख रूपये जयपुर पिंक पैंथर्स, शुभम बिटाके (भारत) 9-10 लाख रूपये बेंगलुरु बुल्स।



# मनीष-सृष्टि की टीम ने मिश्रित एयर पिस्टल में जीता स्वर्ण पदक

**■ रुद्रांश और सुमेधा की टीम ने कांस्य पदक हासिल किया**

**दक्षिण कोरिया, वार्ता।** डब्ल्यूएसपीएस वर्ल्ड कप के दूसरे दिन रविवार को मनीष नरवाल और सृष्टि अरोड़ की मिश्रित एयर पिस्टल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। यहां प्रतियोगिता के दूसरे दिन मनीष नरवाल और सृष्टि अरोड़ा की मिक्स्ड एयर पिस्टल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण और रुद्रांश खंडेलवाल और सुमेधा पाठक की टीम ने कांस्य पदक जीता। वहीं अवनी लेखरा और इशांक आहूजा की आर 10 मिश्रित टीम ने 10 मीटर राइफल एसएच 1 स्पर्धा में कांस्य पदक जाता। दिन के आखिर तक कुल तीन स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक जीते।

# रीतिका हुड्डा ने फ्रीस्टाइल श्रेणी में जीता सोना

**■ रितिका ने नॉर्डिक सिस्टम में 3-0 के परफेक्ट रिकॉर्ड के साथ जीत हासिल की**




**उलानबटार, वार्ता।** उलानबटार ओपन 2025 रेसलिंग रैंकिंग सीरीज में भारत की रीतिका हुड्डा ने महिलाओं की 76 किग्रा फ्रीस्टाइल श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता। पेरिस 2024 ओलंपिक में हिस्सा लेने वाली 22 वर्षीय भारतीय पहलवान रीतिका हुड्डा ने शनिवार को नॉर्डिक सिस्टम में 3-0 के परफेक्ट रिकॉर्ड के साथ जीत हासिल की, जिसका समापन अंतिम पूल मैच में घरेलू पसंदीदा और एनख-अमरिन दावानासन के खिलाफ 5-2 से जीत के साथ हुआ। इस दिन भारत ने अपने खाते में चार और पदक जोड़े। दीपक पुनिया ने (पुरुषों की 92 किग्रा), शिक्षा ने (महिलाओं की 65 किग्रा) और पुष्पा ने (महिलाओं की 55 किग्रा) में एक-एक रजत और जयदीप ने (पुरुषों की 74 किग्रा) में कांस्य पदक जीता। दीपक पुनिया ने लगातार तीन जीत के साथ धमाकेदार शुरुआत की, जिसमें मंगोलिया के डेमचिगदोर तुमुरबाटर पर 10-0 की तकनीकी श्रेष्ठता और बैट-एर्डीन ब्याम्बासुरेन पर 4-1 के कड़े मुकाबले में जीत शामिल है। हालांकि, चोट के कारण उन्हें अस्काब सादुलाएव के खिलाफ अपने अंतिम मैच से हटाने के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा। 74 किग्रा में प्रतिस्पर्धा कर रहे जयदीप सेमीफाइनल में ईरान के योनेस इमामी से 5-3 से हार गए। कांस्य पदक के मुकाबले में मंगोलिया के तुग्सजार्गल एर्डेनेबैट को हराया। इस बीच, शिक्षा और पुष्पा दोनों ने अपने-अपने भार वर्ग में रजत पदक जीता। पुष्पा ने शुरुआती हार से उबरते हुए मंगोलिया की दुलगुन बोलोरमा को मात दी और ओटगोंटुया बयानमुंख को हराया। लेकिन आखिर में स्वर्ण पदक से चूक गईं। शिक्षा ने महिलाओं की 65 किग्रा नॉर्डिक सिस्टम में चार मुकाबलों में तीन जीत हासिल की और दूसरे स्थान पर रहीं। एशियन चैंपियन मनीषा भानवाला महिलाओं के 62 किग्रा वर्ग में ग्रुप स्टेज में बाहर हो गईं। उन्होंने अलीना कासाबीवा के खिलाफ एक प्रभावशाली शुरुआती जीत दर्ज की, लेकिन मंगोलिया की पूर्व विश्व चैंपियन ओरखोन पुरेवदोरज से हार का सामना करना पड़ा। कुश्ती टूर्नामेंट में अब भारत के पदकों की संख्या 17 हो गई। भारत

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने उरुग्वे को हराया

**अर्जेंटीना, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट के अपने पांचवें मुक.ाबले में नियमित समय में 2-2 से ड्रा के बाद हुए शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराया। यहां खेले गए मुक.ाबले में भारतीय टीम की उपकप्तान हिना ने (10वें) व लालरिनपुई ने (24वें) मिनट में मैच की शुरुआत में गोल दागे। गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने शूटआउट में गोल. कर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। भारत ने 10वें मिनट हिना के गोल से शानदार शुरु की, इसके बाद लालरिनपुई ने 24वें मिनट में गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। हाफटाइम तक भारत के पास 2-0 की बढ़त थी। उरुग्वे ने अंतिम क्वार्टर में इनेस डी पोसादास ने 54वें मिनट और इसके बाद मिलग्रोस सीगल ने 57वें मिनट बाद गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद मुक.ाबला शुटआउट में चला गया। शूटआउट में गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने भारत के लिए लगातार तीन गोल किए।

**खेल विशेष**

## पाओलिनी को हराकर स्वितोलिना फ्रेंच ओपन के क्वार्टरफाइनल में

**पेरिस, वार्ता।** यूक्रेन की टेनिस खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना ने रविवार को चौथी वरीयता प्राप्त और पिछले साल की उपविजेता जैस्मीन पाओलिनी को हराकर फ्रेंच ओपन के महिला एकल के चौथे दौर में जगह बना ली है। यहां खेले गए मुकाबले में यूक्रेन की 30 वर्षीय खिलाड़ी स्वितोलिना ने जैस्मीन पोओलिनी को 6-4 6-7 (6) 6-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मैच के बाद स्वितोलिना ने कहा कि मुझे कभी विश्वास नहीं था कि यह मैच मेरे पक्ष में जाएगा। यह वास्तव में एक कठिन मैच था, जैस्मीन वास्तव में बहुत अच्छा खेल रही थी। मुझे आखिरी पॉइंट तक लड़ना पड़ा और मैं अगले दौर में पहुंचकर बहुत खुश हूं।

## इंटर को 5-0 से रौंदकर पीएसजी ने जीता चैंपियंस लीग का खिताब

**म्यूनिख, वार्ता।** पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने यूईएफए चैंपियंस लीग के फाइनल में मुकाबले में इंटर मिलान को 5-0 से रौंद कर पहली बार यूरोपीय चैंपियंस लीग का खिताब अपने नाम किया। शनिवार रात एलियांज एरिना में खेले गए मुकाबले में लुइस एनरिक की युवा टीम ने मैच में शुरुआत से ही इंटर मिलान पर दबदबा बनाए रखा। पीएसजी के लिए पहला गोल 12वें मिनट में अशरफ हकीमी ने किया। इसके बाद डेजायर डोऊ ने 20वें और 63वें मिनट में गोल दागे। मैच का चौथा गोल ख्विचा क्वारात्सखेलिया ने 73वें मिनट में किया। अन्य खिलाड़ी के स्थान पर खेलने मैदान में उतरे सेनी मायुलु ने 86वें मिनट में गोल दागकर टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। इस जीत के साथ ही पीएसजी यूरोपीय कप जीतने वाला 24वां क्लब बन गया।

# अनऑफिशियल टेस्ट में करुण नायर का दोहरा शतक

**■ इंग्लैंड लायंस के खिलाफ इंडिया-ए 557 रन बनाकर ऑलआउट**

**कैंटरबरी, वार्ता।** अनआफिशियल टेस्ट के दूसरे दिन इंडिया-ए टीम इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 557 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। नंबर-3 पर उतरे करुण नायर 204 रन बनाकर आउट हुए। सरफराज खान ने 92 और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने 94 रन बनाए।

भारत ने 125.1 ओवर बैटिंग की कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस ने टास जीतकर बालिंग चुनी थी। भारत ने पहले दिन 3 ही विकेट के नुकसान पर 409 रन बना लिए थे। करुण नायर 186 और जुरेल 82 रन बनाकर नाटआउट लौटे थे। दूसरे दिन नायर ने दोहरा शतक लगा दिया, लेकिन जुरेल सेंचुरी पूरी नहीं कर सके। शार्दूल ठाकुर ने 27, हर्ष दुबे ने 32, अंशुल कम्बोज ने 23 और हर्षित राणा ने 16 रन बनाकर टीम का स्कोर 557 रन तक पहुंचाया। इंडिया-ए ने 125.1 ओवर बैटिंग की और पहली पारी में 557 रन का स्कोर खड़ा कर दिया। हल और अख्तर को 3-3 विकेट इंग्लैंड लायंस से जोश हल और जमान अख्तर ने 3-3 विकेट लिए।

एडी जैक को 2 विकेट मिले। रेहान और अजीत ने 1-1 विकेट लिया। डैन और टाम हैंन्स को कोई विकेट नहीं मिला। कम्बोज ने पहला विकेट लिया दूसरे दिन ही इंग्लैंड लायंस ने अपनी पहली पारी शुरू कर दी। बेन मैकिनी 16 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें अंशुल ने बोल्ड कर दिया। दूसरा सेशन खत्म होने तक लायंस ने 1 विकेट के नुकसान पर 75 रन बना लिए। टाम हैंस 25 व एमिलियो गे 28 रन बनाकर नाटआउट रहे।

# तिरंगा रैली में सशस्त्र बलों को दी श्रद्धांजलि

**■ फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 25वें संस्करण में पाच हजार से अधिक स्थानों पर आयोजन**

**नई दिल्ली, वार्ता।** फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 25वें संस्करण में रविवार को हुई तिरंगा रैली में सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी गई। सुबह देश भर में पांच हजार से अधिक स्थानों पर आयोजित हुए कार्यक्रम में 15 हजार से अधिक साइकिल चालकों ने ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में खेल जगत की हस्तियाँ, ओलंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त, क्रिकेटर सबा करीम, पहलवान सरिता मोर, बॉलीवुड अभिनेत्री शारवरी और भारतीय साइकिलिंग टीम के साथ 1500 से अधिक साइकिल चालकों की तिरंगा रैली की अगुवाई की। खेलो इंडिया सेंटर (केआईसी), खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (केआईएससीई) और साई ट्रेनिंग सेंटर (एसटीसी) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के तहत जम्मू और कश्मीर के कई क्षेत्रों जम्मू, पुंछ, किश्तवाड़, कुलगाम, बांदीपोरा, शोपियां, बारामुल्ला, बडगाम, सांबा में साइकिल चालक तिरंगा रैली में शामिल हुए। इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर डा. मांडविया कहा कि यह तिरंगा रैली हमारे जवानों और उनके बलिदान को सलाम है।

फिटनेस और देशभक्ति एक साथ चलते हैं। इस ऐतिहासिक संस्करण में दो प्रमुख पहलों का शुभारंभ हुआ - फिट इंडिया न्यूजलैटर और फिट इंडिया मोबा. इल ऐप पर कार्बन क्रेडिट फीचर, जहाँ साइकिल चालक अब नियमित रूप से साइकिल चलाकर बचाए गए कार्बन क्रेडिट को ट्रैक कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐप का एक बार डाउनलोड करने पर आप फिट इंडिया अभियान का हिस्सा बन जाएंगे।




# फ्रेंच ओपन के क्वार्टरफाइनल में जोकोविच

**पेरिस, वार्ता।** सार्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रिया के फिलिप मिसोलिच को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन के प्री क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है।

24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच ने टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए तीसरे दौर के मुकाबले में ऑस्ट्रिया के फिलिप मिसोलिच को 6-3, 6-4, 6-2 से हराया। फ्रेंच ओपन में यह जो. कोविच की 99वीं जीत है। वह ऑस्ट्रेलिया ओपन में 99 मैच जीत चुके है। जोकोवि का प्री-क्वार्टर फाइनल में ब्रिटेन के कैम नोरी से मुकाबला होगा।

# रिंकु सिंह और सांसद प्रिया सरोज 18 नवम्बर को करेंगे शादी




**■ रिंग सेरेमनी 8 जून को लखनऊ में होगी**

**वाराणसी, वार्ता।** जौनपुर की मछलीशहर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी सांसद प्रिया सरोज की रिंग सेरेमनी 8 जून को लखनऊ में होगी। उनकी शादी भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते सितारे रिंकू सिंह के साथ होनी है।

शादी 18 नवम्बर 2025 को वाराणसी के होटल ताज से होगी। इसमें क्रिकेट के सितारे, फिल्म जगत की हस्तियों और उद्योगपतियों का जमवाड़ा रहेगा। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से खेलने वाले अलीगढ़ के रिंकू सिंह की शादी प्रिया से तय है। इसकी पुष्टि पहली बार सांसद बनीं प्रिया सरोज के पिता व केराकत विधानसभा सीट से सपा विधायक तूफानी सरोज ने की थी।

विधायक ने कहा था कि अलीगढ़ में रिंकू के परिजनों से मुलाकात हुई थी। परिजन शादी के लिए राजी हैं। आईपीएल के बाद दोनों की शादी होगी। अब रिंग सेरेमनी और शादी की तारीख तय हो गई है। सपा विधायक के करीबियों के मुताबिक, शादी पारंपरिक रीति-रिवाज से होगी। इसमें देशभर प्रमुख राजनेता, क्रिकेटर, फिल्मी सितारे और समाजसेवी शामिल होंगे। यह रिश्ता दोनों परिवारों की सहमति और स्नेह से तय हुआ है। दोनों ने एक-दूसरे को समझने के लिए वक्त दिया और अब एक नई शुरुआत के लिए तैयार हैं। प्रिया सरोज पेशे से अधिवक्ता हैं।

# एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सचिन ने जीता सिल्वर

**● जेवलिन इवेंट में 85.16 मीटर का पर्सनल बेस्ट थ्रो किया, पाकिस्तान के अरशद नदीम के नाम गोल्ड**




**साउथ कोरिया, वार्ता।** एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भारत के सचिन यादव ने जेवलिन थ्रो में सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। शनिवार को जेवलिन इवेंट में पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 86.40 मीटर का आखिरी थ्रो फेंककर गोल्ड जीता।

साउथ कोरिया के गुमी में हो रहे टूर्नामेंट में भारत पाइंट्स टेबल के दूसरे स्थान पर हैं। देश के 8 गोल्ड, 10 सिल्वर और 6 ब्रान्ज सहित 24 मेडल हो गए हैं। शुरुआत में भारत के सचिन यादव मेडल की दौड़ से बाहर रहे, लेकिन उन्होंने अंतिम 2 थ्रो में 83.03 मीटर और 85.16 मीटर के साथ सिल्वर मेडल जीता।

सचिन के अलावा, यशवीर सिंह 82.57 मीटर के अपने पर्सनल बेस्ट थ्रो के साथ 5वें स्थान पर रहे। सचिन यादव और यशवीर सिंह अपने पर्सनल बेस्ट थ्रो के बावजूद वर्ल्ड चैंपियनशिप क्वालीफिकेशन मार्क तक नहीं पहुंच पाए। इसके लिए एथलीट को मिनिमम 85.50 मीटर थ्रो की आवश्यकता होती है।

पेरिस ओलिंपिक 2024 में गोल्ड जीतने के बाद अरशद नदीम की यह पहली प्रतियोगिता थी। उन्होंने 86.34 मीटर के थ्रो के साथ हीट में टाप स्थान हासिल करके इस स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। फाइनल में, अरशद के पहले दो थ्रो निराशा. जनक रहे, लेकिन उन्होंने दिन के अपने तीसरे थ्रो के साथ 85 मीटर का आंकड़ा पार कर लिया। इसके बाद से, वे बढ़त में बने रहे और गोल्ड जीता। वहीं नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग इवेंट के लिए इस टूर्नामेंट को छोड़ने का फैसला किया। नीरज ने हाल ही में दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर का आंकड़ा पार किया था। भारत के अनिमेष कुजूर ने शनिवार को 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मेंस 200 मीटर के फाइनल में ब्रान्ज मेडल जीता। वहीं, विथ्या रामराज ने महिलाओं की 400 मीटर हर्डल रेस में ब्रान्ज अपने नाम किया। कुजूर ने पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए 20.32 सेकेंड का नया नेशनल रिकार्ड बनाया। इस 21 साल के प्लेयर ने 20.40 सेकेंड का अपना पिछला रिकार्ड बेहतर किया, जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में राष्ट्रीय फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था। जापान के तोवा ने 20.12 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक, जबकि सऊदी के अब्दुल अजीज अताफी (20.31 सेकेंड) ने सिल्वर जीता।

# अपर कृषि निदेशक ने विकसित कृषि संकल्प अभियान का लिया जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जगदीश कुमार, अपर कृषि निदेशक ( गेहूं एवं मोटा अनाज) उत्तर ने विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 दिनांक 01-06-2025 को जनपद मुरादाबाद के विकास खंड ठाकुरद्वारा के ग्राम पंचायत - रामनगर खागूवाला मे अभियान मे उपस्थित होकर अभियान का जायजा लिये तथा कृषकों की समस्याएं सुने एवं कृषकों को भूमि एवं जल संरक्षण,एकीकृत कृषि प्रणाली के संबंध मे विस्तार से चर्चा करते हुए धान के स्थान पर मक्का,दलहनी एवं तिलहनी, श्री अन्न की फसलों के क्षेत्रफल मे वृद्धि करने एवं वैज्ञानिक विधि से खेती किये जाने तथा उपस्थित वैज्ञानिकों से जानकारी प्राप्त कर लाभ लिये जाने हेतु कृषकों को प्रेरित किये । मक्का की खेती के संबंध मे कृषकों को विस्तृत रुप से जानकारियां प्रदान किये। सन्तोष कुमार द्विवेदी, उप कृषि निदेशक, मुरादाबाद ने कृषि विभाग की योजनाओं के विषय मे जानकारी प्रदान किये तथा भूमि एवं जल संरक्षण हेतु अपने अपने खेतों की मेड़ों को मजबूत किये जाने , पराली न जलाये जाने तथा पराली को सड़ाकर खाद बनाने से होने वाले लाभ एवं मृदा की जांच करवाकर , उसके अनुसार उर्वरक की मात्रा देने, प्राकृतिक खेती किये जाने, श्री अन्न ( ज्वार ,बाजरा,सालाना, कोदो , मडुवा, रागी, राम दाना इत्यादि) से होने वाले लाभ तथा दलहनी एवं तिलहनी फसलों तथा एकीकृत कृषि प्रणाली ,फसल बीमा के संबंध मे विस्तार से चर्चा किया गया। उप कृषि निदेशक ने फार्मर रजिस्ट्री के संबंध मे कृषकों को विस्तार से बताते हुए शीघ्र पूर्ण कराये जाने हेतु अनुरोध किये तथा अवगत कराये कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पाने के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य है। कृषि विज्ञान केन्द्र ठाकुरद्वारा के प्रभारी डा.रविन्द्र सिह ने धान की




डीएसआर विधि से खेती , श्री अन्न की खेती उर्द, मूंग , तिल इत्यादि फसलों से संबंधित जानकारियां प्रदान किये। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. दीपक कुमार ने खरीफ की फसलों मे लगने वाले रोग एवं उनके नियंत्रण के संबंध मे जानकारी प्रदान किये। भारतीय आलू अनुसंधान केन्द्र मेरठ के मुख्य वैज्ञानिक डा. योगेश कुमार गुप्ता ने आलू के संबंध मे विस्तार से चर्चा किये। उक्त कार्यक्रम मे पशुपालन, उद्यान एवं गन्ना की फसलो के विषय मे विस्तार से कृषकों को बताया गया। विकास खंड ठाकुरद्वारा के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डा. वीर सिंह सैनी ने कृषकों को वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग तथा अन्य विभाग से जानकारी प्राप्त कर वैज्ञानिक विधि से खेती किये जाने तथा योजनाओं का लाभ लेने हेतु आहवान किया गया तथा प्रत्येक परिस्थितियों मे कृषकों के साथ होने का आश्वासन दिया गया। उक्त कार्यक्रम मे विकास खंड ठाकुरद्वारा के कृषि विभाग के कर्मचारीगण तथा अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण, कई ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम पंचायत सदस्य तथा भारी संख्या मे कृषक गण मौजूद रहे। उक्त अभियान मे कृषकों को ड्रोन का प्रदर्शन भी दिखाया गया।

## एक नजर

### कार सवारों ने युवक के साथ की मारपीट, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**कांठ।** रवि कुमार पुत्र संतराम सिंह निवासी तेलीपुरा खालसा थाना छजलैट का पुत्र तुषार 31मई की सुबह करीब 10 बजे गन्ना सेन्टर से थोड़ा आगे पहुंचा तो पीछे से बुलैनो कार जिसकी नंबर प्लेट मिट्टी से ढकी गई थी ने स्कूटी के आगे गाडी लगाकर तुषार को रोक लिया । गाड़ी मे से जमशेदपुर थाना डिलारी का दीप पुत्र मनोज कुमार अपने साथ 3 अज्ञात लोगो के साथ उतरा और तुषार को पकडकर मारने पीटने लगे । तुषार ने शोर मचाया तो गांव के जितेन्द्र सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र सिंह पुत्र चन्द्रपाल सिंह आदि को आता देख दीप ने तमंचे से फायर किया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गये।

मारपीट में तुषार के काफी चोट आई पुलिस ने तहरीर के आधार पर मारपीट करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### थीम 'योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' के अंतर्गत हुआ कार्यक्रम आयोजित

**मुरादाबाद।** गोकुल दास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में कुलपति के आदेश में आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्धारित थीम ष्योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' के अंतर्गत क्रीडा विभाग द्वारा महाविद्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रो चारु मेहरोत्रा द्वारा छात्राओं और महाविद्यालय की प्रवक्ताओं को जीवन में योग अपनाने और लोगों को योग अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने की शपथ के साथ किया गया। प्राचार्या प्रो चारु मेहरोत्रा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि योग शरीर, मन और दिमाग को संतुलित करने की एक प्रक्रिया है। प्राचार्या प्रो चारु मेहरोत्रा ने इस बार की योग दिवस की थीम ष्योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थष व्यक्तिगत कल्याण और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने पर बल देता है, योग अभ्यास स्वयं और समाज दोनों के लिए लाभ प्रदान करता है योग तनाव, चिंता और अवसाद को कम करके मानसिक स्वास्थ्य को ठीक करता है तथा शरीर को लचीला, शक्ति और संतुलन में सुधार कर शारीरिक स्वास्थ्य को भी सही रखना है, इसलिए सभी योग को अपने दैनिक जीवन में अवश्य अपनाना चाहिए।इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रवक्ताएं ने सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी आदि भी किया।कार्यक्रम का संयोजन व संचालन क्रीडा विभाग प्रभारी श्री मति शिवानी गुप्ता ने किया। इस अवसर पर प्रो किरण साहू, प्रो मीनाक्षी शर्मा, प्रो किरण त्रिपाठी,प्रो अनुराधा सिंह, प्रो सुदेश, प्रो करुणा आनंद, प्रो प्रवीन सैनी, डॉ रेनू शर्मा, डॉ शैफाली अग्रवाल तथा डॉ सविता अग्रवाल आदि उपस्थित रही।



### अगवानपुर में भाकियू कार्यकर्ताओं ने असली का दामन छोड़कर थामा टिकैत का दामन

**कांठ।** भारतीय किसान यूनियन की बैठक का आयोजन अगवानपुर में किया गया जिसमें किसान यूनियन असली के कार्यकर्ता और पदाधिकारियो ने असली को छोड़कर टिकैत का दामन थाम लिया जिला अध्यक्ष घनेंद्र शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। इस मौके पर चौधरी ऋषिपाल सिंह, जिलाध्यक्ष घनेंद्र शर्मा, हरदीप सिंह, दर्शन सिंह, सियाराम जी, सतवीर सिंह मान, रामकला गुर्जर, अंश ढिल्लो, प्रिंस चौधरी नितिन अहलावत,अजय चौधरी तथा असली यूनियन से टिकैत में आए इब्राहिम अहमद, मोमिन खा, पुत्तन हाजी जी, रफकत, बब्बू ठेकेदार , सरताज अहमद, जाफर भाई, इशरॉर खा। आदि उपस्थित रहे।



### विकासखंड बनियाखेड़ा में हुआ आधार सुविधा केन्द्र का लोकार्पण

**चन्दौसी।** रविवार को विकासखंड बनियाखेड़ा परिसर में राज्यमंत्री गुलाब देवी द्वारा विकासखंड मदों द्वारा स्थापित किये आधार सुविधा केन्द्र का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में एमएलसी भाजपा नेता डा0 जयपाल सिंह व्यस्त, विकासखंड बनियाखेड़ा प्रमुख सुगंधा सिंह के क्षेत्र में किये गये विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाबदेवी ने कहा कि प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने विकासखंड के कायाकल्प का कार्य किया है। वहीं आपकी ब्लाक प्रमुख द्वारा ब्लॉक बनियाखेड़ा क्षेत्र में कितना विकास किया गया है, आपके सामने है। सबसे अधिक व्यवस्था यातायात संचालन, गांवा में सड़कें डलवाकर उनको



आपस में जोड़ा गया है। आज विकासखंड परिसर में आधार सुविधा केन्द्र का लोकार्पण किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। सभी पदाधिकारियों की मौजूदगी में ब्लाक बनियाखेड़ा के चलायी जा रही योजनाओं का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में सत्येन्द्र सिसौदिया, राज्यमंत्री गुलाब देवी, जयपाल सिंह व्यस्त, गोपाल अंजान, जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू, ब्लाक प्रमुख डा0 सुगंधा सिंह, रामपाल सिंह, चेतना सिंह, डा0 अनामिका यादव, परमेश्वरलाल सैनी, पूर्व एमएलसी पप्पू चौधरी, कुंवर शोभित राजा, कुंवर शिवेन्द्र सिंह, पदमेन्द्र सिंह, पुष्पलता पाल, डा0 टी.एस. पाल, मनोज कठैरिया, मनोज दिवाकर आदि मौजूद रहे।

# पत्रकार समाज की आवाज: डॉ पवन जैन

■ **नारद जी की पत्रकारिता निष्पक्ष और समाज हित में**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विश्व संवाद केन्द्र के तत्वाधान में रामपुर में नारद जयंती एवं हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर 'समकालीन पत्रकारिता-राष्ट्र सरोकार गोष्ठी का आयोजन शिवांश होटल, ज्वालानगर में किया गया। मुख्य वक्ता विभाग प्रचार प्रमुख डॉ० पवन जैन ने हिंदी पत्रकारिता दिवस पर प्रकाश डालते हुये बताया कि वर्तमान भारत मे लगभग 200 वर्ष पुर्व प्रथम हिंदी समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड 30 मई 1826 को देवऋषि नारद जी की जयंती पर प्रथम बार कोलकाता मे प्रकाशित किया गया जिससे ये सिद्ध होता है कि प्राचीनकाल से ही नारद जी को सृष्टि का आदि पत्रकार माना जाता है और उनकी जयंती को पत्रकार दिवस मनाया जाता। उन्होंने बताया कि भारत मे प्राचीन काल से ही पत्रकारिता एवं एक समृद्ध संस्कृति के सभी आयाम प्रतिस्थापित थे। समाज में पत्रकारिता का उच्चतम स्थान है और ये स्थान पत्रकार जगत को उनकी मेहनत, लगन, कार्य के प्रति ईमानदारी से मिला है। पत्रकार जगत के इस महत्वपूर्ण योगदान के कारण ही आज मीडिया या पत्रकारिता को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रुप में जाना जाता है। नारद जी आदि पत्रकार थे।

उन्होंने सदैव राक्षसी प्रवृत्तियों के विनाश का कार्य करने मे सवाहक होने का दायित्व इमानदारी से निभाया। पत्रकारों को राष्ट्रवाद का शंखनाद करना चाहिए। वर्तमान सरोकार विषय पर उन्होंने कहा कि पत्रकारिता का कार्य कांटो भरा है बत्तीस दांतों के बीच में जिस प्रकार जिव्हा रहती उसी प्रकार समाज में पत्रकार की स्थिति है अपने आपको सुरक्षित रखते लोकहित में कार्य करना का बीड़ा आपने स्वयं उठाया है जिसमें उसका पालन समाज हित में करने की आपकी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के संयोजक अंकुर कुमार एडवोकेट रहे संचालन विभाग सोशल मीडिया प्रमुख प्रशान्त मिश्रा ने किया अध्यक्षता जिला प्रचार प्रमुख गोपीचंद ने की। इस अवसर पर रामपुर जिले के प्रमुख सम्मानित प्रिन्ट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, फ्रीलांसर पत्रकार, यूट्यूबर, विश्व संवाद केंद्र के प्रतीक अग्रवाल, मनोज कुमार, नीलेश कुमार आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# घर की फाइल में रिश्तों के पन्ने बेतरतीब

## हिन्दी साहित्य संगम ने किया काव्य गोष्ठी का आयोजन

**मुरादाबाद।** साहित्यिक संस्था हिन्दी साहित्य संगम के तत्वावधान में मिलन विहार मुरादाबाद स्थित मिलन धर्मशाला में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ ज्ञान की देवी माॅ शारदे के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। उसके पश्चात अशोक विद्रोही ने माॅ शारदे की वन्दना प्रस्तुत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामदत्त द्विवेदी ने की, मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. महेश दिवाकर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में रघुराज सिंह निश्चल और डॉ. मनोज रस्तोगी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्था के संगठन मंत्री डॉ. प्रशांत मिश्र द्वारा किया गया। काव्य पाठ करते हुए जितेन्द्र कुमार जौली ने कहा-तम्बाकू का सेवन करके, बहुत लोग मर जाते हैं। तम्बाकू से दूर रहेंगे, चलो कसम ये खाते हैं।। योगेन्द्र वर्मा व्योम ने सुनाया- सुख-दुख कैसे बँट पायें, जब बातचीत तक मौन। मोबाइल में बन्द हुए सब साँकल खोले कौन।। दिखता नई सदी में घर-घर कैसा दृश्य अजीब। घर की फाइल में रिश्तों के पन्ने बेतरतीब। अमर सक्सेना ने सुनाया-सत्ता के लोभ में गुमान हों जाता है अक्सर, याद रहे सत्ता बिना जनता के आती नहीं है। मंगू सिंह ने सुनाया- जाति अपनी रहो बनाके, पर सबका सम्मान तो हो। मानव से मानव का कल्याण तो हो। प्रशान्त मिश्र ने सुनाया-जिन्दगी एक शाम बन जाती है, जो सवेरा होने के, इन्तजार में ढलती जाती है। अशोक विद्रोही ने कहा- जैसे जली स्वर्ण की लंका, रावण का अभिमान जला। तहस नहस आतंकी अड्डे धूधू पाकिस्तान जला। डॉ. मनोज रस्तोगी ने सुनाया- बीत गए कितने ही वर्ष, हाथों में लिए डिग्रियां/कितनी ही बार जलीं आशाओं की अर्थियां/आवेदन पत्र अब लगते तेज कटारों से। रघुराज सिंह निश्चल ने सुनाया- वापिस मिलना है नहीं, पी ओ के आसान। राजी से देगा नहीं, यह तो पाकिस्तान।। डॉ. महेश दिवाकर ने कहा- मुझसे मेरा जीवन ले लो, पर मेरा सम्मान न छीनों। वरना मेरे स्वाभिमान की, अग्नि तुम्हें ही झुलसा देगी। रामदत्त द्विवेदी ने कहा- ख्वाब देखा है मैंने रात खुदा खैर करे, देश के शुभ नहीं हालात खुदा खैर करे। पदम सिंह बेचौन ने सुनाया- मैं खो जाता हूँ, इस कस्बे के प्यार में इतना, मुझसे मत पूछो मेरा कॉठ कैसे लगता है। कार्यक्रम के अंत में संस्था के महासचिव जितेन्द्र कुमार जौली द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।




# भारत विकास परिषद् ने मनाई लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** भारत विकास परिषद शाखा के द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी अभियान के अंतर्गत जयंती समारोह और विश्व तंबाकू निषेध दिवस संयुक्त रूप से मनाया गया। इस अवसर पर शाखा सचिव विपिन कुमार ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर महिला सशक्तिकरण की प्रतीक और लोकहितकारी व न्यायप्रिय शासक थीं। उन्होंने अनेक मंदिरों का निर्माण और जीर्णोद्धार कराया। डा0 सुमन गुप्ता ने उन्हें एक महान कुशल शासक बताया और कहा कि उनका जीवन समाज के लिए बहुत ही प्रेरणादायक है। भावना गुप्ता ने राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन और उनके महत्वपूर्ण कार्यों पर प्रकाश डाला। राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर सचिव विपिन कुमार द्वारा कक्षा 10 की एक जरूरतमंद छात्रा सोनम दुबे को उसकी शिक्षा के प्रोत्साहन के लिए कॉपी किताब सहित संपूर्ण पाठ्यक्रम व एक अन्य सदस्य द्वारा शिक्षा के लिये 1100 रु. प्रदान किए गए। विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर भी उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किये। तंबाकू के सेवन को स्वयं व परिवार के लिए बहुत ही घातक बताया। उन्होंने तंबाकू के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला और कहा कि इसके प्रयोग से लोग गंभीर बीमारियों जैसे कैंसर, हार्ट अटैक, अस्थमा, सीओपीडी आदि के शिकार हो जाते हैं जो कि अपने साथ-साथ पूरे परिवार को प्रभावित करती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभात कृष्णा व संचालन विपिन कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ सुमन गुप्ता, डॉ दुर्गा टंडन, नगेश गुप्ता, सोनम दुबे, संजीव शर्मा, प्रवीण गुप्ता एड., दिनेश गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, जयशंकर दुबे आदि उपस्थित रहे।




# बकरीद के नाम पर हिंसा, क्रूरता व अवैध गतिविधियों पर लगे विराम: विहिप नेता डॉ. राजकमल गुप्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विश्व हिंदू परिषद केंद्रीय प्रबंधन समिति के सदस्य डॉ राजकमल गुप्ता ने बकरीद के नाम पर होने वाली हिंसा, क्रूरता व अवैध गतिविधियों पर विराम लगाने की मांग करते हुए कथित पर्यावरण प्रेमियों के साथ उसके पूरे ईको सिस्टम की इस मामले में चुप्पी पर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं। मजहबी आधार पर लाखों पशुओं की निर्मम तरीके से तड़फा तड़फा कर नृशंस हत्या को जस्टिफाई करने वालों से भी आज पूछा कि आखिर कौनसी कुरान में बकरीद पर बकरे की बलि का हवाला दिया गया है। यदि यह सिर्फ प्रतीकात्मक है तो इसके अन्य सात्विक व मानवीय विकल्प भी तो हैं, जिन्हें कुछ मुस्लिम लोगों के समूहों ने अपनाना प्रारंभ भी कर दिया है। इसके लिए आखिर लाखों निरीह जानवरों की जान क्यों ली जाती है और सात्विक समाज के मन मस्तिष्क को खराब क्यों किया जाता है। ईन्होंने आज कहा कि दिल्ली से लेकर मुंबई तक संपूर्ण देश में बकरीद की बर्बर परंपराओं को लेकर एक बेचौनी महसूस की जा रही है। संपूर्ण देश में दो करोड़ से अधिक मासूम प्राणियों के कत्ल होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। इस अमानवीय प्रथा को लेकर पूरा देश गुस्से में है। इस दिन का दृश्यांकन करते हुए उन्होंने कहा कि हर बकरीद पर



जहां-तहां खून बिखरा होता है, कई सड़कें खून से सनी होती है, कई जगह के सीवर खून और मांस बहाने की वजह से जाम हो जाते हैं, कई जगह नदियों में इतना खून बहता है कि उनका रंग ही बदल जाता है। शाकाहारी और संवेदनशील समाज त्राहि त्राहि करने लग जाता है। डॉ गुप्ता ने कहा कि दिवाली, होली आदि हिंदू त्योहारों पर तथाकथित पर्यावरण प्रेमी पत्रकार, बुद्धिजीवी हिंदुओं को सांकेतिक रूप में या इको फ्रेंडली होली दिवाली मनाने का आह्वान करते हैं। कुछ जगह न्यायपालिका का एक वर्ग भी स्वतः संज्ञान लेकर उपदेशात्मक आदेश भी देता देखा गया है। किंतु, एक ही दिन में करोड़ों मासूम बकरों की क्रूर हत्या पर ये सभी कथित पर्यावरण विद् चुप्पी क्यों साध लेते हैं? इसके कारण पूरे देश का शाकाहारी और संवेदनशील समाज गुस्से में है। उन्होंने पूछा कि हिंदुओं को होली, दिवाली पर उपदेश देने वाले भला अभी तक इको फ्रेंडली बकरीद या अहिंसक सांकेतिक बकरीद का आह्वान क्यों नहीं कर पा रहे हैं? ऐसा लगता है कि ये सभी लोग हिंदू विरोधी इको सिस्टम का हिस्सा हैं ! पर्यावरण की रक्षा केवल इनका एक बहाना है, इनका असली उद्देश्य तो सिर्फ हिंदुओं को अपमानित करना ही है। डॉ गुप्ता ने चुनौती भरे लहजे में कहा कि बकरों की हत्या को कुछ लोग अपना कानूनी व धार्मिक अधिकार बताते हैं। मैं उनको चुनौती देता हूं कि वह बताएं कि कुरान के किस हिस्से में मासूम बकरों की कुर्बानी देने का आदेश दिया गया है। धार्मिक अधिकार के नाम पर मानवता को कैसे आतंकित किया जा सकता है? उन्होंने यह भी कहा कि यह भारत के कानूनी और संवैधानिक प्रावधानों का भी उल्लंघन है। बाकी सब धर्म की परंपराओं में मानवीय जीवन मूल्यों को ध्यान में रखकर सुधार किए गए हैं। सभी सभ्य समाज कुर्बानी जैसी बर्बर परंपरा को छोड़ रहे हैं। जिस तरह की चुनौतियां कुछ मुस्लिम नेताओं द्वारा दी जा रही है ऐसा लगता है कि वे संवेदनशील समाजों को आतंकित करना चाहते हैं। हिंदू समाज इन गीदड़ भभकियों से डरेगा नहीं और किसी भी सार्वजनिक स्थल पर मासूम जीवों की अवैध रूप से क्रूर हत्या नहीं होने देगा। हिंदू समाज अपनी भावनाओं व संविधान के प्रावधानों की सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहा है।

वह उम्मीद करता है कि मुस्लिम नेता और तथाकथित पर्यावरण प्रेमी भी सभ्य समाजों की भावनाओं का सम्मान करेंगे और सांकेतिक एवं अहिंसक ईद मनाने का आह्वान कर इस दिशा में आगे बढ़ेंगे।

# जिला स्तरीय शिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी में बड़ी संख्या में भर्ती नये पार्टी सदस्यों का जिला स्तरीय शिक्षण शिविर गुलजारीमल की धर्मशाला में जिला सचिव कामरेड थान सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। शिक्षण शिविर में भाग ले रहे पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य कामरेड डी पी सिंह ने कहा कि समाज दो वर्गों में बंटा हुआ है। एक ओर लाखों करोड़ों मेहनतकश जनता है, जिनकी मेहनत और कमाई से यह दुनिया गुलजार है, क्योंकि सुई से लेकर परमाणु बम तक यहीं मेहनतकश तबका बनाता है।

बहुमंजिला इमारतें व वेशकीमती दवाएं, सुन्दर व मजबूत पुल और सुरंगों सहित दुनिया की सारी रचनात्मक एवं क्रियात्मक चीजों की रचना इसी मेहनतकश वर्ग की मेहनत का नतीजा है। लेकिन विडम्बना यह है कि यही मेहनतकश वर्ग भूख गरीबी बीमारी और प्राकृतिक आपदाओं का शिकार है। दूसरी ओर शोषक और लुटेरा वर्ग है जो संख्या में कम है, लेकिन समाज की 90% संपत्ति पर इसी लुटेरे वर्ग का कब्जा है, जो गरीब जनता को जातिवाद और धार्मिक उन्माद में फंसा कर अपने मुनाफे के दायरे को दिन प्रतिदिन बढ़ाता चला जाता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को इन लुटेरों के जुल्मों और अत्याचारों के खिलाफ आम जनता को संगठित कर आंदोलन का रास्ता अपनाकर समता मूलक समाजवादी समाज की स्थापना में लग जाने का आवाहन किया। शिक्षण शिविर की व्यवस्था पार्टी मंत्रिपरिषद के सदस्य कामरेड विक्रम सिंह एडवोकेट, कामरेड चन्द्रपाल सिंह आजाद, कामरेड कासिम अली तथा जिला कमेटी सदस्य याकूब अहमद सैफी के अलावा महावीर यादव, अब्दुल अजीज शर्मा जी, जुल्फिकार सैफी, अम्मन खां, एस पी सिंह और जावेद मियां पत्रकार रामपुर की देखरेख में संपन्न हुई।




# नातिया मुशायरे में शायरों ने कलाम पेश कर खूब वाह-वाही लूटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** नगर के सामाजसेवी व वरिष्ट पत्रकार एम के भारती सैफी के आवास पर तरही नातिया मुशायरा मुनाकिद किया गया जिसमें मकामी शोअरा हजरात ने अपने अपने कलाम पेश कर खघ्ूब वाह वाही लूटी मुशायरे का आगाज कुरआन शरीफ की तिलावत से मोलाना गय्यूर अहमद आफाकी ने किया और गुलाम नबी अत्तारी ने हघ्म्द व नातिया कलाम पेश किया इनके बाद उस्ताद शायर शकील साबरी सम्भली ने कहा, हैं मेरे ख्वाजा पिया जेसे हिन्द के राजा, अब एसा हिन्द का राजा कभी नहीं होगा मेराजुल हसन कुन्दरकीवी ने कहा, कलाम ए रब को बदलने की बात करते हो। इधर उधर कोई नुकता कभी नहीं होगा, डॉ नाजिम कुन्दरकीवी ने कहा, सलामे शोक जो पढ़ते हैं नूरे अहमद पर लहद में उनकी अंधेरा कभी नहीं होगा , इकरार इमरतपुरी ने कहा,अयां है शाहे मदीना के कौल से इकरार कफन गुलाम का मेला कभी नहीं होगा कघ्मर कुन्दरकीवी ने कहा रसूले पाक का गुस्ताखघ् है कघ्मर जो भी मेरी निगाह में अच्छा कभी नहीं होगा, अब्दुल वकील कुन्दरकीवी ने कहा बिलाल कहते थे एसा कभी नहीं होगा नबी का छोड़ दूं कलमा कभी नहीं होगा। गुलाम नबी कघदरी ने कहा, पकड़ लो दामने असहाबो अहले बैते रसूल, मेरा यकीन है गुमराह कभी नहीं होगा इनके साथ साथ अरमान कघदरी ने भी अपना कलाम पेश किया इस अवसर पर कौसर सैफी, डॉक्टर वसीम सैफी, फरमान सैफी, नाजिम सैफी, राहतजान खां,रफी अहमद सैफी,अकील सैफी, नईमुद्दीन सैफी, आमिर सैफी, मतलूब सैफी,रईस सैफी, राहत जान मुंशी जी, हनीफ मलिक, गय्यूर, इब्राहिम सैफी, जाहिद सैफी, शराफत हुसैन सैफी, उवैस सैफी, जुनैद सैफी, मौहम्मद साहिल हुसैन सैफी, हसनैन सैफी आदि मौजूद रहे।



# सम्पादकीय

सोमवार, 2 जून 2025

## ट्रम्प का शगूफा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को एक बार फिर भारत-पाक के बीच सीजफायर को लेकर श्रेय लेने का शगूफा छोड़ दिया। ऐसा उन्होंने एक बार नहीं एक दिन में दो बार किया। कुल मिलाकर बात करें, तो यह 11वां मौका था जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सार्वजनिक रूप से यह कहते दिखाई दिए कि उन्होंने ही दस मई को भारत-पाक के बीच सीजफायर कराया था। वह यहीं नहीं रुकते, जो सबसे बड़ी बात वह कहते हैं वह यह कि अमेरिका से ट्रेड की धमकी देकर वह संभावित युद्ध को रोकने में सफल रहे। मतलब साफ है कि इस बात से वह यह कहना चाह रहे हैं कि युद्ध रोकने के लिए न भारत तैयार था न पाक। अमेरिका से व्यापार करने की धमकी ही दोनों देशों को सीजफायर करने के लिए विवश होने पर मजबूर कर गई। जहां तक बात भारत की है, भारत अपनी तरफ से कई बार यह सफाई दे चुका है कि सीजफायर का फैसला भारत और पाक के बीच ही वार्ता में तय हो पाया था और तीसरे देश की इसमें किसी तरह की कोई भूमिका नहीं थी, लेकिन डोनाल्ड ट्रम्प हैं कि चुप होने का नाम नहीं ले रहे हैं। वह अमेरिका में ही नहीं बल्कि अमेरिका से बाहर जाकर अपने दौरे में भी वह इस तरह की बातें कर रहे हैं। पिछले दिनों जब वह कतर व सऊदी की यात्रा पर आए थे तब भी उन्होंने यह राग अलापा था। निश्चित रूप से यह भारत सरकार के लिए बड़ी असहज स्थिति है। देश का सबसे बड़ा विपक्षी दल कांग्रेस ट्रम्प की इन बयानबाजियों को लेकर सरकार पर निशाना साध रहा है, जोकि स्वाभाविक ही है। जयराम रमेश व पवन खेड़ा जैसे कांग्रेसी नेता खुलकर प्रधानमंत्री मोदी को इस मामले में घेर रहे हैं। वह इस पूरे प्रकरण पर सरकार की चुप्पी विशेषकर पीएम मोदी की चुप्पी पर सवाल उठा रहे हैं। निश्चित रूप से यह एक गंभीर मुद्दा बन गया है। सरकार इस मामले में खुलकर अपनी राय नहीं रख पा रही है। विपक्ष मांग कर रहा है कि सरकार बताए कि अमेरिकी राष्ट्रपति को मध्यस्थता के लिए किसने कहा था और यदि वह अपनी ओर से कह रहे हैं तो सरकार को बाकायदा अपना विरोध दर्ज कराना चाहिए और ट्रम्प से कहना चाहिए कि वह इस तरह की बयानबाजी से बाज आएं, लेकिन सरकार ऐसा नहीं कर पा रही है। यह समझना भी बेहद कठिन है कि आखिर ट्रम्प भारत के साथ इस तरह का व्यवहार क्यों कर रहे हैं और बार-बार उनको यह कहने की जरूरत क्यों पड़ रही है। जाहिर है वह कोई भी ऐसा मौका नहीं गवा रहे हैं, जिससे भारत की परेशानी बढ़े। विशेषकर मोदी को लेकर वह ज्यादा ही विमुख होते दिखाई दे रहे हैं। एक तरफ वह उनको अपना दोस्त भी बताते हैं, उनकी प्रशंसा भी करते हैं लेकिन दूसरी तरफ इस तरह की बातें भी करते हैं, जिससे पीएम मोदी के सामने असहजता की स्थिति उत्पन्न हो। जाहिर है, अमेरिकी राष्ट्रपति दोहरा गेम खेल रहे हैं। वह भारत-पाक के बीच सीजफायर का श्रेय लेने की बात तो कह ही रहे हैं, साथ ही भारत व पाक को एक ही नजरिये से देख रहे हैं। ऐसे में भारत को बहुत सतर्कता के साथ पूरे मामले से निपटने की जरूरत है।

## कश्मीर को दोस्ती और समझ का पुल बनाएं



जम्मू-कश्मीर को भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध का मैदान नहीं, बल्कि दोस्ती और समझ का पुल बनना चाहिए, जम्मू-कश्मीर हमेशा युद्ध और हिंसा का सबसे ज्यादा नुकसान झेलता रहा है, हमारी हालत दो हाथियों की लड़ाई में कुचले जाने वाले घास जैसी हो गई है, पीडीपी हमेशा शांति की बात करती रही है और लोगों की भावनाओं को आवाज देती रही है, हमें युद्ध के डर को खत्म करना होगा, ताकि लोग अपनी जिंदगी की प्लानिंग कर सकें और अर्थव्यवस्था को फिर से खड़ा किया जा सके, जब भारत सरकार ने सिंधु जल संधि को सस्पेंड किया था, तब मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इसका स्वागत किया था और पाकिस्तान को पानी की सप्लाई तुरंत बंद करने की मांग की थी, हमारी पाकिस्तान सरकार से राजनीतिक असहमति हो सकती है, पर वहां के लोगों से नहीं।

**-महबूबा मुफ्ती, अध्यक्ष पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी**

## नीचता, गलीचता से महानता तक

घटिया, नीच और गलीच की भी अपनी महानता के उच्च मापदंड हुआ करते हैं जब दौर ही सोच से गलीचों व नीचों का चल रहा हो तो उसमें भाषा में प्रेम और तर्क खोजे तो खोजे कौन? मूर्खता की प्रचंडता के इस स्वर्णिम बेला में हर एक सीवेज चिंतन वाला जब भी मुंह खोलेगा तो आपको ऐसा एहसास होगा मानो किसी सफाईकर्मी ने बहुत दिनों से मानव मल-मूत्र से जाम सीवेज का ढक्कन प्रेम के शुक्ल पक्ष में खोल दिया हो। ऐसा प्रेममई मुंह और उससे रिसती मवादीय भाषा ताजा मानवीय मल की तरह चैनलों के स्टूडियो से निकल कर पूरे वातावरण में लगभग हर रोज शाम को एक निश्चित एजेंडा के तरह फैलाई जा रही है।

प्राइम टाइम के वक्त लश्कर-ए-मीडिया के भाषाई सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बंद रहते हैं। समूचे गोबरपट्टी या गोबरालैंड को रोज ऐसे ही भाषाई लंपटों की लंपटई के हवाले कर दिया जाता है। इस लंपटई, उठाईगिरी और उठाईगिरों की फौज को खड़ा करने में कई सालों की मेहनत और अथाह पैसा लगा है। लंपटई में किया गया यह निवेश अब जाकर फल दे रहा है। पूरे गोबरालैंड के समाज के भीतर फर्जी राष्ट्रवाद, फर्जी ऐतिहासिक तथ्यों और धार्मिक नफरतों का ऐसा सैलाब आया हुआ है कि जैसे ही तथ्यान्वेषण होना आरंभ होता है तुरंत प्रेममई भाषा में जवाब आ जाता है। हमने सत्ता के लिए जाने-अनजाने, समाज के भीतर इतना विष घोल दिया है कि वह अब भयावह रूप में प्रगट हो रहा है। कहीं किसी न्यायालय परिसर में मूर्तियों की स्थापना को लेकर दो धड़े आमने-सामने आते हैं तो कहीं घोड़े से दलित को उतार कर उसकी पिटाई कर दी जा रही है। कहीं निम्न वर्ग द्वारा डीजे बजाने को लेकर हमले हो रहे हैं तो कहीं सत्ता प्रशासन मात्र इसलिए बुल्डोजर न्याय कर रहा है क्योंकि वहां एक धर्म विशेष के लोग ज्यादा हैं। कोई सवाल नहीं कि सालों-साल इन तथाकथित अवैध बस्तियों को बिजली व पानी कनेक्शन कैसे मिलता रहा? राशन कार्ड कैसे बनते रहे? हाउस टैक्स क्यों लिए जाते रहे? कांधे पर स्टार बढ़वाने, मलाईदार पोस्टिंग पाने और प्रमोशन की लालसा इतनी प्रेममई भाषा की तरह हो जाएगी कि न्याय, मानवीय संवेदनाओं और सरोकारों का भी कोई हिस्सा जीवित न रह पाएगा? जैसे ही सत्ता समर्थित छिछलेदार चीकट प्रेममई किसी व्यक्ति से आप तार्किकता पर आते हैं, वह असहज और असहाय सा हो उठता है, क्योंकि जब बर्तन में कुछ नहीं होता तो वह आवाज बहुत करता है। विगत दो दशकों में भाषाई फूहड़ आतंकवादियों का एक पूरा गिरोह तैयार किया गया है और यह पूरा का पूरा गिरोह विशुद्ध रूप से अनपढ़ों और गंवारों का है, चूंकि इनके पास तथ्यात्मक रूप से कुछ होता नहीं है इसलिए जैसे ही फंसते हैं यह गटर खोलते हैं। इनके पास इसका कोई जवाब नहीं है कि इनके एक खास गैर राजनीतिक संगठन ने आजादी की लड़ाई क्यों नहीं लड़ी? ये संगठन हिन्दू हित की बात तो खूब करता है, लेकिन उसकी वेशभूषा आज तक विदेशी क्यों है? सुभाषचन्द्र बोस जब आजाद हिन्द सेना का गठन कर रहे थे, तब इस संगठन ने भारतीय युवाओं को सेना में शामिल होने से क्यों रोका? इनके एक बहादुरकर ने अंग्रेजों को 6 माफीनामे क्यों लिखे? जबकि उसी जेल में 436 लोग और थे। सिर्फ इन्होंने ही क्यों माफीनामे लिखे? ऐसी क्या आफत थी?

प्रेमभाषा से अगर यह सवाल किया जाए कि 1925 में प्रथम अधिवेशन में द्विराष्ट्रवाद के सिद्धान्त हिन्दू राष्ट्र मुस्लिम राष्ट्र का प्रस्ताव क्यों पारित किया गया, जबकि इनका मानस संघटन आज अखंड भारत की बात करता है। वर्ष 1942 में असहयोग आंदोलन का मानस संघटन ने बहिष्कार क्यों किया? मानस संगठन का यह पत्र सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा है जिससे आज की पीढ़ी इनके सच को जान सके। गांधी जी इतना क्यों चुभते थे कि उनकी हत्या के पांच असफल प्रयास किए गए? मानस संगठन के प्रथम अगुवा ने हिंदुओं से यह अपील क्यों की कि वे अपनी ताकत का इस्तेमाल अंगेजों के खिलाफ न करते हुए देश में मुस्लिम, क्रिश्चियन और दलितों के खिलाफ करें? 15 अगस्त, 1947 को जब देश आजाद हुआ तब मानस संगठन के लोगों ने राष्ट्रध्वज तिरंगे को अपने पैरों तले क्यों कुचला? क्रान्तिकारी लीलाधर वाजपेई के खिलाफ गवाही किसने दी? जिससे उन्हें 2 साल का कठोर कारावास हुआ। मानस संगठन और इससे उपजे दल ने पिछड़े, दलित, आदवासियों के नासिक स्थित काला राम मंदिर में प्रवेश मुद्दे पर डॉ. आंबेडकर का जबरदस्त विरोध क्यों किया? साल, 1925 से 1947 के बीच वन्देमातरम का नारा लगाने से परहेज क्यों रहा? मानस संगठन के प्रमुख कभी दलित, आदिवासी या पिछड़ा वर्ग से क्यों नहीं बने? यह हिंदू हैं भी या काम चलाऊ हैं? नागपुर में तिरंगा फहराने पर तीन युवाओं के खिलाफ एफआईआर क्यों? इन सवालों के जवाब जाहिर है प्रेमो टाइप्स चेपुओं के पास नहीं हैं। आइए वर्तमान में ही आ जाएं तर्कों के साथ। यहां भी कोई सार्थक जवाब नहीं है सिवाय तेरी मां। तेरी चाची। तेरी बहन जी के अलावा। भारत के व्यापार को चीन खा गया क्या किया सरकार ने? चीन एक ऐसा देश है जो भारत से अरबों डॉलर का व्यवहार करता है लेकिन पालता-पोसता पाकिस्तान को है। आश्चर्य है कि भारत की चीन से ऐसी क्या एंडी फंसी है कि सब कुछ लुटा के भी होश में न आया जा रहा है। यह कौन सी मोहब्बत है जो लुट रही है, लेकिन उफ तक न कर रही है। चीन से भारत का आयात लगातार बढ़ रहा है, एक रिपोर्ट के अनुसार, जिसमें 2023-24 में 101.73 बिलियन डॉलर का आयात हुआ था, जो 2022-23 के मुकाबले 3.28 प्रतिशत अधिक है। भारत ने 2024-25 में रिकॉर्ड 113.45 बिलियन डॉलर का आयात किया, जो कि पिछले साल की तुलना में 11.52 प्रतिशत अधिक है। है कोई जवाब या वही एक प्रेमामई शब्द है तेरी। चाल, चरित्र और चिंतन के सड़क छाप टपोरी प्रवक्ताओं के पास दरअसल न तथ्य हैं न कथ्य हैं। सिवाय नफरत और झूठ के खांचों के सिवाए। पिछले एक दशक से भारत के पोर्ट मादक पदार्थों की तस्करी का खुला खेल, खेल रहे हैं कौन हैं इनके पीछे? नोट बंदी के पीछे का सच क्या है? 30 प्रतिशत से अधिक 500 के नकली नोट बाजार में कैसे? रेल दुर्घटनाओं में अभूतपूर्व वृद्धि रेलवे संरक्षा में लाखों पद खाली क्यों? राफेल महंगा क्यों खरीदा गया? फ्रांस से टेक्नोलॉजी ट्रांसफर क्यों नहीं की? गोरखाओं की चीन सेना में भर्ती कर रहा है। यह बहुत बड़ा खतरा है। इस पर खामोशी क्यों? सेना में चार साल की नौकरी क्यों? जबकि एक पूर्ण प्रशिक्षित सैनिक कम से कम छह साल में तैयार होता है? एक पेड़ मां के नाम का फ्राड और हजारों हेक्टेयर जंगल साफ? बेरोजगारी चरम पर क्यों? 4 ट्रिलियन डॉलर की रौनक बाजारों में क्यों नहीं? महंगाई पर लगाम क्यों नहीं? शिक्षा और चिकित्सा को तबाह क्यों किया जा रहा है? हर ओर निजीकरण क्यों? 32 गुजराती देश की बैंकों का अरबों-खरबों लेकर आराम से कैसे भागे? सरदार पटेल और भगत सिंह के भाषणों को तोड़कर, उसमें मिलावट कर झूठ परोसने वाले सच से असहज होकर सीधे तेरी मां, तेरी चाची। तेरी बहन... की प्रेमकथा वाचन करने वाले बौद्धिक स्तर पर कितने खोखले हैं कि जब भी मुंह खोलते हैं कोयल और कौवे का फर्क समझ आ जाता है।

### सवाल

- एक दशक से भारत के पोर्ट मादक पदार्थों की तस्करी का खुला खेल, खेल रहे हैं कौन हैं इनके पीछे?
- नोट बंदी के पीछे का सच क्या है? 30 प्रतिशत से अधिक 500 के नकली नोट बाजार में कैसे?
- रेल दुर्घटनाओं में अभूतपूर्व वृद्धि रेलवे संरक्षा में लाखों पद खाली क्यों?
- राफेल महंगा क्यों खरीदा गया?
- France से टेक्नोलॉजी ट्रांसफर क्यों नहीं की?
- गोरखाओं की चीन सेना में भर्ती कर रहा है। यह बहुत बड़ा खतरा है। इस पर खामोशी क्यों?
- सेना में चार साल की नौकरी क्यों? जबकि एक पूर्ण प्रशिक्षित सैनिक कम से कम छह साल में तैयार होता है?
- एक पेड़ मां के नाम का धोखा और हजारों हेक्टेयर जंगल साफ?
- बेरोजगारी चरम पर क्यों?
- 4 ट्रिलियन डॉलर की रौनक बाजारों में क्यों नहीं?
- महंगाई पर लगाम क्यों नहीं?
- शिक्षा और चिकित्सा को तबाह क्यों किया जा रहा है?
- हर ओर निजीकरण क्यों?





पवन सिंह

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## देश की रक्षा परियोजनाओं में देरी क्यों

**एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह के बयान ने रक्षा क्षेत्र में सुधार की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया है। रक्षा कॉन्ट्रैक्ट्स में यथार्थवादी समय सीमाएं निर्धारित की जानी चाहिए। सिंह ने सुझाव दिया कि हमें वही वादा करना चाहिए जो हम हासिल कर सकते हैं। इसके लिए कॉन्ट्रैक्ट साइन करने से पहले गहन तकनीकी और लॉजिस्टिकल मूल्यांकन की आवश्यकता है। AMCA प्रोजेक्ट में निजी क्षेत्र की भागीदारी एक सकारात्मक कदम है। निजी कंपनियों को रक्षा उत्पादन में और अधिक शामिल करने से HAL और क्त्क्र पर निर्भरता कम होगी और प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। HAL और अन्य सार्वजनिक उपक्रमों को 'मिशन मोड' में काम करने के लिए संगठनात्मक सुधार करने चाहिए। इसके लिए समन्वय, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और कर्मचारी प्रशिक्षण में सुधार की आवश्यकता है।**



विनीत नारायण

भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने 29 मई 2025 को नई दिल्ली में आयोजित एक सभा में रक्षा परियोजनाओं में देरी को लेकर एक महत्वपूर्ण बयान दिया। उन्होंने कहा, टाइमलाइन एक बड़ा मुद्दा है। मेरे विचार में एक भी परियोजना ऐसी नहीं है जो समय पर पूरी हुई हो। कई बार हम कॉन्ट्रैक्ट साइन करते समय जानते हैं कि यह सिस्टम समय पर नहीं आएगा। फिर भी हम कॉन्ट्रैक्ट साइन कर लेते हैं। यह बयान न केवल रक्षा क्षेत्र में मौजूदा चुनौतियों को उजागर करता है, बल्कि भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में चल रही प्रक्रिया पर भी सवाल उठाता है। एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने अपने बयान में विशेष रूप से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा तेजस Mk1A फाइटर जेट की डिलीवरी में देरी का उल्लेख किया। यह देरी 2021 में हस्ताक्षरित 48,000 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रैक्ट का हिस्सा है, जिसमें 83 तेजस Mk1A जेट्स की डिलीवरी मार्च 2024 से शुरू होनी थी, लेकिन अभी तक एक भी विमान डिलीवर नहीं हुआ है। इसके अलावा, उन्होंने तेजस Mk2 और उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान AMCA जैसे अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स में भी प्रोटोटाइप की कमी और देरी का जिक्र किया। यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ रहा है, विशेष रूप से 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद, जिसे उन्होंने राष्ट्रीय जीत करार दिया। उनके बयान का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि यह रक्षा क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही की आवश्यकता को रेखांकित करता है। यह पहली बार नहीं है जब HAL की आलोचना हुई है। फरवरी 2025 में, एयरो इंडिया 2025 के दौरान, एयर चीफ मार्शल सिंह ने HAL के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा था, मुझे HAL पर भरोसा नहीं है, जो बहुत गलत बात है।

यह बयान एक अनौपचारिक बातचीत में रिकॉर्ड हुआ था, लेकिन इसने रक्षा उद्योग में गहरे मुद्दों को उजागर किया। रक्षा परियोजनाओं में देरी के कई कारण हैं, जिनमें से कुछ संरचनात्मक और कुछ प्रबंधन से संबंधित हैं। तेजस Mk1A की डिलीवरी में देरी का एक प्रमुख कारण जनरल इलेक्ट्रिक से इंजनों की धीमी आपूर्ति है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में समस्याएं, विशेष रूप से 1998 के परमाणु परीक्षणों के बाद भारत पर लगे प्रतिबंधों ने HAL की उत्पादन क्षमता को प्रभावित किया है। सिंह ने HAL को मिशन मोड में न होने के लिए आलोचना की। उन्होंने कहा कि HAL के भीतर लोग अपने-अपने साइलो में काम करते हैं, जिससे समग्र तस्वीर पर ध्यान नहीं दिया जाता। यह संगठनात्मक अक्षमता और समन्वय की कमी का संकेत है। सिंह ने इस बात पर भी जोर दिया कि कई बार कॉन्ट्रैक्ट साइन करते समय ही यह स्पष्ट होता है कि समय सीमा अवास्तविक है। फिर भी, कॉन्ट्रैक्ट साइन कर लिए जाते हैं, जिससे प्रक्रिया शुरू से ही खराब हो जाती है। यह एक गहरी सांस्कृतिक समस्या को दर्शाता है, जहां जवाबदेही की कमी है। हालांकि सरकार ने AMCA जैसे प्रोजेक्ट्स में निजी क्षेत्र की भागीदारी को मंजूरी दी है, लेकिन अभी तक रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र की भूमिका सीमित रही है। इससे HAL और DRDO जैसे सार्वजनिक उपक्रमों पर अत्यधिक निर्भरता बढ़ती है, जो अक्सर समय सीमा पूरी करने में विफल रहते हैं। भारत की रक्षा खरीद प्रक्रिया जटिल और समय लेने वाली है। इसके अलावा, डिजाइन और विकास में देरी, जैसे कि तेजस Mk 2 और AMCA के प्रोटोटाइप की कमी, परियोजनाओं को और पीछे धकेलती है। रक्षा परियोजनाओं में देरी का भारतीय वायुसेना की परिचालन तत्परता पर गहरा प्रभाव पड़ता है। वर्तमान में, भारतीय वायु सेना के पास 42।5 स्क्वाड्रनों की स्वीकृत ताकत के मुकाबले केवल 30 फाइटर स्क्वाड्रन हैं। तेजस Mk1A जैसे स्वदेशी विमानों की देरी और पुराने मिग-21 स्क्वाड्रनों का डीकमीशनिंग इस कमी को और गंभीर बनाता है। इसके अलावा, देरी से रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की प्रगति भी प्रभावित होती है। सिंह ने कहा, हमें केवल भारत में उत्पादन की बात नहीं करनी चाहिए, बल्कि डिजाइन और विकास भी भारत में करना चाहिए। देरी न केवल भारतीय वायुसेना की युद्ध क्षमता को कमजोर करती है, बल्कि रक्षा उद्योग में विश्वास को भी प्रभावित करती है। 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे हालिया सैन्य अभियानों ने यह स्पष्ट किया है कि आधुनिक युद्ध में हवाई शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है, और इसके लिए समय पर डिलीवरी और तकनीकी उन्नति अनिवार्य है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## घातक साबित हो सकती है सैन्य पराक्रम को लेकर की जाने वाली राजनीति





तनवीर जाफरी

पहलगाम में हुए पाक प्रायोजित हमले के बाद भारतीय सेना की ओर से किए गए ऑप्रेशन सिन्दूर के बाद सत्ताधारी दल भारतीय सेना के शौर्य को भुनाने में लग गया है। निश्चित रूप से हमारे सैनिकों खासकर भारतीय वायु सेना ने जिस बहादुरी के साथ पाक अधिकृत कश्मीर सहित पाकिस्तान के कई आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया उससे भारतीय जनता का मनोबल भी ऊंचा हुआ है साथ ही पाकिस्तान भी अपनी औकात को समझ चुका है, परन्तु जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस सैन्य शौर्य का राजनीतिकरण करने की कोशिश की जा रही है इस पर सवाल जरूर उठाए जा रहे हैं। खासकर प्रधानमंत्री के उस चित्र को लेकर जिसमें वे सैन्य वर्दी में एक लड़ाके की भूमिका में, पृष्ठभूमि में वायुसेना के लड़ाकू विमान के साथ प्रचारित किए जा रहे हैं। उधर भारत की तरफ से कई रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व कई अन्य जिम्मेदार नेताओं द्वारा पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में पुन: शामिल करने को लेकर सार्वजनिक रूप से बातें की जा रही हैं और इसी बीच भारतीय वायुसेना प्रमुख ने सरकार की आंखें खोलने वाले कुछ बयान भी दिए हैं। साथ ही सरकार द्वारा शुरू की गई अग्निवीर योजना पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

पिछले दिनों सीआईआई वार्षिक बिजनेस समिट में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने खास तौर पर स्वदेशी सैन्य परियोजनाओं की ओर इशारा करते हुए रक्षा सौदों में देरी के मामलों की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि तेजस Mk1A फाइटर जेट की डिलीवरी रुकी हुई है। जो फरवरी 2021 में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ 48,000 करोड़ रूपए में हुई थी। उन्होंने कहा कि ऑर्डर किए गए 83 विमानों में से अब तक एक भी विमान हमें नहीं दिया गया है, जबकि इसकी डिलिवरी मार्च 2024 में ही शुरू होने वाली थी। तेजस Mk2 का प्रोटोटाइप अभी तक रोल आउट नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि तेजस सहित कई बड़ी डील हुई, पर अभी तक डिलीवरी का पता नहीं। प्रमुख एयर चीफ मार्शल ने रक्षा खरीद परियोजनाओं में देरी पर गंभीर चिंता जताते हुए स्वदेशी प्रोजेक्ट्स का जिक्र किया और साफ तौर से यह कहा कि हमें जो चीज आज चाहिए, वो आज ही चाहिए। युद्ध, सेनाओं को सशक्त बनाकर जीते जाते हैं। इसी तरह स्टील्थ AMCA फाइटर का भी अभी तक कोई प्रोटोटाइप नहीं है। उन्होंने कहा कि कई बार डील के कॉन्ट्रैक्ट पर दस्तखत करते वक्त ही हमें पता होता है कि यह सिस्टम कभी भी समय पर नहीं मिलेंगे। उन्होंने कहा कि-मैं कोई एक भी ऐसी योजना नहीं बता सकता हूं जो समय पर पूरी हुई हो। प्रमुख एयर चीफ मार्शल की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब वायुसेना मोदी सरकार की आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत तेजी से स्वदेशीकरण और घरेलू क्षमता पर जोर दे रही है। दूसरी तरफ सरकार द्वारा चलाई गई अग्निवीर योजना को लेकर भी तरह तरह के सवाल उठने लगे हैं। विपक्ष तो इस योजना को लेकर शुरू से ही आक्रामक था, जबकि सरकार तरह तरह के तर्क देकर इस योजना के फायदे गिनाने में लगी है, परन्तु अग्निवीर को लेकर अब जो सच्चाइयां सामने आ रही हैं वह भी भारतीय सेना के लिए चिंता बढ़ाने वाली हैं। इस समय सेना में अधिकारी रैंक के 16.71 % पद रिक्त हैं। क्योंकि हर साल 60 हजार सैन्यकर्मी सेवानवृत्त भी हो रहे हैं। जबकि भर्ती का अनुपात इसके विपरीत है। कोरोना काल के दौरान ही 2 वर्ष तक सेना में भर्ती पूरी तरह बंद थी। रक्षा मंत्रालय द्वारा हाल ही में संसद की स्थाई समिति को दी गई जानकारी के अनुसार इस समय भारतीय सेना में एक लाख से ज्यादा सैनिकों की कमी है। इस समय सेना की कुल संख्या 12.48 लाख है, जबकि एक लाख से अधिक पद खाली हैं। इसकी एक वजह अग्निवीर योजना से घटा युवाओं का रुझान माना जा रहा है। दरअसल अग्निवीर सैन्य भर्ती योजना अथवा अग्निपथ योजना 2022 में लागू की गई थी। इसके अंतर्गत भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में युवाओं को चार साल की अवधि के लिए अग्निवीर के रूप में भर्ती किया जाना है। इन्हीं चार वर्षों के सेवाकाल में ही 6 महीने की प्रशिक्षण अवधि भी शामिल है। 4 वर्ष की सैन्य सेवा के बाद 25 प्रतिशत अग्नि वीरों को तो नियमित सैन्य सेवा में स्थाई रूप से शामिल किया जा सकता है परन्तु शेष अग्निवीरों को सेवा निधि पैकेज के रूप में लगभग 11-12 लाख रुपए और अनुभव प्रमाणपत्र के साथ विदा किए जाने का प्रावधान है। इस सेवा निधि पैकेज में अग्निवीर और सरकार दोनों का ही योगदान है।

इसके बावजूद अग्निवीर योजना के प्रति युवाओं के घटते रुझान का मुख्य कारण यह है कि यह योजना छोटी अवधि, लागत-प्रभावी और युवा-केंद्रित सैन्य सेवा पर जोर देती है, जबकि सामान्य सैनिकों की भर्ती लंबी अवधि की स्थाई सेवा और दीर्घकालिक लाभों पर आधारित है। अग्निवीर योजना को आधुनिक सैन्य जरूरतों और बजट प्रबंधन के लिए डिजाइन किया गया है, लेकिन यह स्थाई नौकरी की चाह रखने वाले युवाओं के बीच विवादास्पद रही है। इस योजना के अनुसार 4 साल का छोटा कार्यकाल और सीमित प्रशिक्षण सैनिकों को पूर्ण रूप से युद्ध के लिए तैयार नहीं करता, जिससे युवा इसे जोखिम भरा मानते हैं। इसके अलावा, 4 साल बाद नागरिक जीवन में पुनर्स्थापन के लिए पर्याप्त समर्थन की कमी भी एक बड़ी चिंता का विषय है। यही कारण है कि अग्निवीर भर्ती के प्रति युवाओं का रुझान विशेष रूप से उन राज्यों में कम हुआ है, जहां सेना में भर्ती पारंपरिक रूप से लोकप्रिय थी। इसका मुख्य कारण नौकरी की अनिश्चितता, पेंशन की कमी, और दीर्घकालिक भविष्य है। हालांकि, सरकार ने हरियाणा जैसे राज्यों में अग्निवीरों के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण और अन्य प्रोत्साहन देने की कोशिश की है, लेकिन यह अभी भी युवाओं के असंतोष को पूरी तरह दूर नहीं कर पाया है। यही वजह है कि हरियाणा जैसे राज्यों में, जहां पहले प्रत्एक वर्ष लगभग 5,000 युवा सेना में भर्ती होते थे, अग्निवीर योजना के बाद यह संख्या घटकर केवल 250 तक रह गई है। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में भी, 2022-23 में 73,000 युवाओं ने भर्ती के लिए पंजीकरण कराया, लेकिन अग्निवीर योजना लागू होने के बाद मैदान में तैयारी करने वाले युवाओं की संख्या में 80 प्रतिशत की कमी देखी गई।

लिहाजा ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय लेने और इसका चुनावी लाभ उठाने बजाए सैन्य विशेषज्ञों की सलाह पर तत्काल अमल किया जाए और सैन्य क्षमता को लेकर उठ रही उनकी चिंताओं का यथाशीघ्र समाधान किया जाए क्योंकि दुर्भाग्यवश भारत इस समय चारों ओर से असुरक्षित है। ऐसे में सैन्य पराक्रम को लेकर की जाने वाली राजनीति घातक साबित हो सकती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)


# यूक्रेन पर रूसी प्रहार, गाजा में इजरायली बर्बरता, दुनिया हैरान

## चीन-सऊदी नहीं चाहते हम वहां भीख मांगने जाए

**पाक के प्रधानमंत्री ने कहा: आसिम मुनीर और मैं आखिरी इंसान जो यह बोझ उठाना चाहते हैं**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान के दोस्त मुल्क नहीं चाहते हैं कि हम उनसे भीख मांगने जाए। यह बात उन्होंने क्वेटा में कमांड एंड स्टाफ कालेज में सैनिकों संबोधित करते हुए कही। शरीफ ने कहा: चीन, सऊदी अरब, तुर्की, कतर, यूएई सब पाकिस्तान के भरोसेमंद दोस्त हैं।

वे हमसे उम्मीद करते हैं कि हम उनके साथ ट्रेड, कामर्स, इनोवेशन, डेवलपमेंट, शिक्षा, स्वास्थ्य, और इन्वेस्टमेंट में शामिल हों। उन्होंने जोर देकर कहा: वे अब और नहीं चाहते कि हम उनके यहां भीख का कटोरा लेकर जाएं। शरीफ ने आगे कहा: आर्मी चीफ आसिम मुनीर के साथ मैं आखिरी इंसान हूं जो इस बोझ को अपने कंधों पर उठाना चाहता है। आखिर में बोझ इस देश के कंधों पर आता है। शरीफ ने कहा कि हमें नेचुरल रिसोर्सेज का पूरा इस्तेमाल करना चाहिए और उन्हें सही कामों में लगाना चाहिए। क्वेटा में ही एक अन्य कार्यक्रम में शरीफ ने कहा कि बलूचिस्तान में आतंकवादियों ने जिन लोगों को भटकाया है उन्हें सही रास्ते पर लाना जरूरी है। आतंकवादियों को न तो जनता, न सरकार और न ही सेना बर्दाश्त करेगी। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान की दिक्कतों को बातचीत के जरिए हल करने की जरूरत है। अगर कोई चिंता है, तो भाइयों को एक साथ बैठकर उसे हल करना चाहिए। पाकिस्तान सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने भी क्वेटा कमांड एंड स्टाफ कालेज में भाषण दिया था। इस दौरान उन्होंने कश्मीर विवाद के शांतिपूर्ण समाधान की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कश्मीर में भारत की तरफ से बनाए जा रहे हाइड्रो-पावर प्रोजेक्ट पर आपत्ति जताई थी। मुनीर ने कहा था कि पाकिस्तान को कभी भी दबाया नहीं जा सकता। सेना प्रमुख ने भारत के साथ संघर्ष के दौरान मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि अपने देश की रक्षा के लिए पाकिस्तानी लोग लोहे की दीवार बन गए।



## रूस ने किया तीन वर्षों में सबसे बड़ा अटैक

**कीव।** यूक्रेन की वायु सेना ने रविवार को बताया कि रूस ने पिछले तीन वर्षों में शुरू हुए युद्ध के बाद से अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया है। वायु सेना के मुताबिक, रूस ने यूक्रेन पर 472 ड्रोन दागे। यूक्रेनी वायु सेना के संचार प्रमुख यूरी इगनात ने बताया कि इस ड्रोन हमले के साथ-साथ रूस ने सात मिसाइलें भी दागीं। उधर, यूक्रेनी सेना ने बताया कि रूसी मिसाइल हमले में उसकी एक प्रशिक्षण इकाई को निशाना बनाया गया है, जिसमें 12 सैनिक मारे गए और 60 से अधिक घायल हो गए।

यह हमला दोपहर 12.50 बजे हुआ। बयान में गया कि हमले के समय वहां किसी प्रकार की सैन्य परेड नहीं हो रही थी या कोई समूह एकत्र नहीं था। बयान में कहा गया है कि एक जांच समिति बनाई गई है, जो यह पता लगाएगी कि इस हमले में इतनी बड़ी संख्या में जवानों की जान कैसे गई।यह प्रशिक्षण इकाई 1,000 किलोमीटर लंबी सक्रिय युद्ध रेखा के पीछे स्थित है, लेकिन रूसी जासूसी और हमले वाले ड्रोन इतनी दूरी तक भी हमला करने में सक्षम हैं। यूक्रेन की सेना कर्मियों की कमी से जूझ रही है और रूसी ड्रोन हमलों से बचने के लिए बड़े समूह के रूप में एकत्र होने से बचने जैसे कदम उठा रही है, क्योंकि रूसी ड्रोन लगातार अपने लक्ष्य खोजते रहते हैं। बयान में कहा गया, अगर यह साबित होता है कि किसी अधिकारी की कार्रवाई या लापरवाही की वजह से सैनिकों की मौत हुई है या वे घायल हुए हैं, तो जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय ने रदावा किया कि उसकी सेना ने यूक्रेन के उत्तरी सुमी क्षेत्र में स्थित ओलेक्सीवका गांव पर नियंत्रण पा लिया है।



**यूक्रेन पर 472 ड्रोन दागे सात मिसाइलें भी दागी मिसाइल अटैक में 12 यूक्रेनी सैनिकों की मौत**

## गाजा में खाना बांटते समय फिर गोलीबारी, 32 मौतें

232 लोग घायल, अस्पतालों में जगह कम पड़ी, इजरायली सेना ने पल्ला झाड़ा, बोली-जानकारी नहीं-

गाजा। रविवार को दक्षिणी गाजा में खाना बांटने के दौरान फिर से गोलीबारी हुई जिसमें कम से कम 32 फलस्तीनी लोगों की मौत हो गई है। गाजा के सरकारी मीडिया आफिस ने कहा है कि दक्षिणी गाजा के राफा शहर में रविवार को एक सहायता वितरण केंद्र के पास इजरायली सेना ने गोलीबारी की। इसमें 31 लोगों की मौत हो गई वहीं, 200 लोग घायल हुए हैं।

इसके अलावा मध्य गाजा के नेत्जारिम कारिडोर में भी एक सहायता केंद्र पर गोलीबारी की गई। इसमें 1 फलस्तीनी शख्स की मौत हो गई है जबकि 32 लोग घायल हैं। गाजा में खाना बांटने का काम एक अमेरिकी एजेंसी जीएचएफ चला रही है। अल-जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक गाजा में 27 मई से 1 जून तक खाना बांटने के दौरान हुई गोलीबारी में 49 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 300 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। फलस्तीन रेड क्रिसेंट के एक स्वास्थ्यकर्मी ने बताया कि जब गोलीबारी हुई, उस वक्त बड़ी संख्या में लोग राफा इलाके में खाने की मदद लेने के लिए जमा हुए थे। वहीं, गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि अस्पतालों में कुल 179 लोग हताहत हुए हैं, जिनमें 30 की हालत गंभीर है। इतने लोगों के घायल होने से अस्पतालों में भारी भीड़ हो गई है और इमरजेंसी वार्ड, आपरेशन थिएटर और आईसीयू में जगह की कमी हो गई है। इजरायली सेना ने जवाब में कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि सहायता वितरण केंद्र के पास उनके सैनिकों की गोलीबारी से कोई घायल हुआ हो।



**232 लोग घायल, अस्पतालों में जगह कम पड़ी, इजरायली सेना ने पल्ला झाड़ा, बोली: जानकारी नहीं**

## शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध का मुकदमा शुरू

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध से जुड़े आरोपों में ट्रायल शुरू हो गया है। बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल (आईसीटी) में रविवार को इन आरोपों को औपचारिक तौर पर दर्ज किया गया। चीफ प्रासिक्यूटर ताजुल इस्लाम ने ट्रिब्यूनल में ये आरोप दर्ज कराए हैं।

आईसीटी के प्रासिक्यूटर गाजी मनोवार हुसैन तमीम ने डेली स्टार को यह जानकारी दी है। 12 मई को ट्रिब्यूनल की जांच एजेंसी ने हसीना के खिलाफ अपनी जांच रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें जुलाई 2024 में आंदोलन के दौरान मानवता के खिलाफ अपराधों के पांच आरोप लगाए गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक आंदोलन के दौरान 1500 से अधिक लोग मारे गए जबकि 25 हजार से ज्यादा घायल हुए थे।

इस कार्यवाही को बांग्लादेश के सरकारी न्यूज चैनल बीटीडब्ल्यू पर लाइव टेलीकास्ट किया जा रहा है। 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के प्रतिबंधित संगठन जमात-उद-दावा (जेयूडी) के कुछ आतंकियों ने दावा किया है कि उन्होंने पिछले साल बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों में भूमिका निभाई थी। इसकी वजह से प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से हटना पड़ा था। पीटीआई के अनुसार, ये बयान जेयूडी आतंकी सैफुल्लाह कसूरी और मुजम्मिल हाशमी ने अपने भाषणों के दौरान दिए। लाहौर में समर्थकों को संबोधित करते हुए कसूरी ने कहा मैं चार साल का था जब 1971 में पाकिस्तान का बंटवारा हुआ था। तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने घोषणा की थी कि उन्होंने खलीज (बंगाल की खाड़ी) में दो-राष्ट्र सिद्धांत को डुबो दिया है। 10 मई को हमने 1971 का बदला ले लिया है। बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद बनी यूनुस सरकार ने हसीना पर हत्या, अपहरण से लेकर देशद्रोह के 225 से ज्यादा मामले दर्ज किए हैं। बांग्लादेश सरकार ने जुलाई में हुई हत्याओं की वजह से शेख हसीना का पासपोर्ट भी रद्द कर दिया है। वहीं बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। ट्रिब्यूनल ने हसीना को 12 फरवरी तक पेश होने का निर्देश दिया था।



**बांग्लादेश में ट्रायल TV पर लाइव दिखा रहे तख्तापलट के बाद से भारत में हैं हसीना**

## जेल में रहकर बाप बना आतंकी लखवी: ओवैसी

### आईएमआईएम चीफ ने अल्जीरिया में कहा: आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा पाक

**अल्जीरिया।** आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कुख्यात आतंकी जकीउर रहमान लखवी का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे वह पाकिस्तान की जेल में कैद रहकर भी एक बच्चे का बाप बन गया। उन्होंने अल्जीरिया में कहा: एक आतंकवादी पाकिस्तान में कैद रहते हुए बाप बन गया। दुनिया का कोई भी देश आतंकवाद के आरोप का सामना कर रहे आतंकवादी को जेल से बाहर आने की अनुमति नहीं देगा, लेकिन वह जेल में बैठे-बैठे ही एक बेटे का बाप बन गया। ओवैसी ने कहा कि जब पाकिस्तान फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में आया, तभी लखवी के खिलाफ मुकदमा आगे बढ़ा। उन्होंने विश्व समुदाय और एफएटीएफ से पाकिस्तान को दोबारा ग्रे लिस्ट में डालने की अपील की, ताकि उसकी गतिविधियों पर लगाम लगाई जा सके। बता दें कि ओवैसी मोदी सरकार के आतंकवाद-विरोधी सर्वदलीय विदेशी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं। फिलहाल वे अल्जीरिया के दौरे पर हैं। ओवैसी ने पाकिस्तान पर आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप लगाते हुए कहा कि निर्दोष लोगों को मारना तो इस्लाम की शिक्षा के भी खिलाफ है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान 'तकफीरवाद (इस्लाम का दुश्मन)' का केंद्र बन चुका है। वहां के आतंकी संगठनों की विचारधारा में और आईएसआईएस, अल-कायदा की विचारधारा में कोई फर्क नहीं है। वे मानते हैं कि उनके पास धार्मिक वैधता है, जो पूरी तरह गलत है। इस्लाम किसी की हत्या की अनुमति नहीं देता, लेकिन उनकी विचारधारा बन गई है। ओवैसी ने कहा कि भारत और अल्जीरिया ने नवम्बर 2024 में एक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। मुझे यकीन है कि इससे हमारे रिश्ते मजबूत होंगे। उम्मीद है कि हमारे प्रधानमंत्री बहुत जल्द अल्जीरिया आएंगे और अल्जीरिया के राष्ट्रपति भारत आएंगे। ओवैसी ने बताया कि भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में 7 मई की रात आपरेशन सिंदूर के तहत लश्कर और जैश के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। ओवैसी ने कहा कि जो कोई भी हथियार उठाएगा, वो आतंकवादी है। आतंकवाद पूरी दुनिया का मसला है। किसी भी आतंकवादी को कहीं कोई जगह नहीं दी जा सकती। ओवैसी वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बीजेपी सांसद बैजयंत पांडा कर रहे हैं। इनके अलावा निशिकांत दुबे, फांगनोन कोन्याक, रेखा शर्मा, सतनाम सिंह संधू, गुलाम नबी आजाद और पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन शृंगला भी इसमें शामिल हैं। यह प्रतिनिधिमंडल सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया जैसे देशों के दौरे पर था।



**एफएटीएफ इसे फिर ग्रे लिस्ट में डाले**

## ट्रम्प जल्द करेंगे नासा प्रमुख के नाम की घोषणा: व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जल्द ही नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के नए प्रमुख के नाम की घोषणा करेंगे। यह जानकारी व्हाइट हाउस दी है। इससे पहले ट्रम्प ने टेक अरबपति जेरेड इसाकमैन को नासा के प्रमुख के रूप में नामित किया था, जो प्रसिद्ध उद्यमी एलन मस्क के करीबी सहयोगी हैं। एजेंस फ्रांस-प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार व्हाइट हाउस ने कहा कि यह जरूरी है कि नासा का अगला प्रमुख ऐसा व्यक्ति हो जो राष्ट्रपति ट्रम्प के अमेरिका फर्स्ट एजेंडे के साथ पूरी तरह से ठीक बैठता हो। राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा जल्द ही इसके बारे में घोषणा की जाएगी। इससे पहले अमेरिकी मीडिया ने सूत्रों का हवाला से अपनी रिपोर्ट में बताया था कि ट्रम्प इसाकमैन के नामांकन को वापस लेना चाहते हैं।



**नई दिल्ली। अदालत के ध्वस्तीकरण के आदेश के बाद भारी सुरक्षा तैनाती के बीच जंगपुरा के मद्रासी कैंप में झुग्गी बस्तियों को ध्वस्त करते बुलडोजर।**

## कामिल इदरीस ने ली सूडान के पीएम पद की शपथ

**जनवरी 2022 में अब्दुल्ला हमदोक के इस्तीफे के बाद से पीएम का पद खाली था**

**खार्तूम।** कामिल इदरीस ने सूडान के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ले ली है। इदरीश ने सत्तारूढ़ संक्रमणकालीन संप्रभु परिषद के प्रमुख अब्देल फत्ताह अल-बुरहान के समक्ष शपथ ली। परिषद ने एक बयान में कहा कि शपथ ग्रहण समारोह के बाद बुरहान और परिषद अन्य सदस्यों ने इदरीस से मुलाकात की और सरकार की प्राथमिकताओं पर चर्चा की, जिसमें अर्थव्यवस्था को स्थिर करना, नागरिक आजीविका की रक्षा करना और राज्यों में व्यवस्था बहाल करना शामिल है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री के रूप में इदरीस की नियुक्ति 19 मई को बुरहान द्वारा जारी एक संवैधानिक डिक्री के माध्यम से औपचारिक रूप से की गई थी। बुरहान सूडानी सशस्त्र बलों के कमांडर के रूप में भी कार्य करते हैं। इस निर्णय का संयुक्त राष्ट्र, अफ्रीकी संघ आयोग एवं विकास पर अंतर-सरकारी प्राधिकरण (आईजीएडी) ने स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2021 में बुरहान के नेतृत्व में सैन्य तख्तापलट करने और जनवरी 2022 में अब्दुल्ला हमदोक के इस्तीफे के बाद से प्रधानमंत्री का पद खाली था। हमदोक और अन्य नागरिक नेताओं को कुछ समय के लिए हिरासत में लिया गया था। इसके कुछ बाद उन्होंने पद छोड़ दिया था और कहा था कि सूडान एक 'खतरनाक मोड़' पर है क्योंकि सैन्य शासन के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय कानून में डॉक्टरेट की डिग्री रखने वाले इदरीस ने पहले विश्व बौद्धिक संपदा संगठन के महानिदेशक और पौधों की नई किस्मों के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय संघ के महासचिव के रूप में कार्य किया है।

## रूस में पुल ढहने से सात की मौत, 69 घायल

**मास्को।** रूस के ब्रांस्क क्षेत्र में पुल ढहने की घटना में घायल हुए लोगों की संख्या बढ़कर 69 हो गई है, जिनमें तीन बच्चे शामिल हैं। इस हादसे में सात लोगों की मौत हुई है। क्षेत्र के गवर्नर अलेक्जेंडर बोगोमाज़ ने यह जानकारी दी है।

उन्होंने टेलीग्राम पर लिखा कि विगोनिचस्की जिले में पीड़ितों के बारे में जानकारी। इस घंटे तक पीड़ितों की संख्या 69 है, जिसमें तीन बच्चे शामिल हैं। पीड़ितों में से तीन की हालत गंभीर है, जिसमें एक बच्चा भी शामिल है। 44 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 22 लोगों का अस्पताल से बाहर इलाज किया जा रहा है। इससे पहले उन्होंने कहा था कि ब्रांस्क क्षेत्र के विगोनिचस्की जिले में एक पुल ढह गया है। इस हादसे में सात लोगों की मौत हुई है और 30 लोग घायल हुए हैं। मास्को रेलवे की रिपोर्ट के अनुसार क्लिमोव-मास्को मार्ग पर यात्री ट्रेन नंबर 86 के लोकोमोटिव और डिब्बे परिवहन संचालन में अवैध हस्तक्षेप के कारण यह हादसा हुआ।

## म्यांमार ने की अस्थायी युद्धविराम बढ़ाने की घोषणा

**यांगून।** म्यांमार के रक्षा सेवाओं के कमांडर-इन-चीफ के कार्यालय ने शनिवार को अस्थाई युद्धविराम को 30 जून तक बढ़ाने की घोषणा की।

सरकारी स्वामित्व वाले दैनिक 'द मिरर' ने रविवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक जून से शुरू होने वाले इस विस्तार का उद्देश्य भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास प्रयासों का समर्थन करना, देश और उसके लोगों के हितों की सेवा करना और शांति एवं स्थिरता को बढ़ावा देना है। इससे पहले म्यांमार सशस्त्र बलों ने 7.9 तीव्रता के भूकंप के बाद बचाव और राहत कार्य में मदद के लिए छह से 31 मई तक अस्थायी युद्धविराम की घोषणा की थी। रिपोर्ट केव अनुसार, युद्धविराम के दौरान जातीय सशस्त्र संगठनों और अन्य सशस्त्र समूहों से आग्रह किया गया है कि वे जनता द्वारा उपयोग किए जाने वाले संचार मार्गों को बाधित या उनपर हमला न करें, नागरिकों के जीवन और संपत्ति को नुकसान न पहुंचाएं या नष्ट न करें, सुरक्षा कर्मियों और उनके शिविरों पर हमला न करें, सैन्य कमांड को निशाना न बनाएं, शांति को कमजोर करने वाले बलों की भर्ती या लामबंदी न करें और क्षेत्रों का विस्तार न करें। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि ऐसी कोई कार्रवाई होती है तो म्यांमार सशस्त्र बल जनता की सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रतिक्रियात्मक कदम उठाएंगे।

## ईरान एटम बम बनाने के बेहद करीब पहुंचा

### मिलिट्री ग्रेड यूरेनियम का स्टाक बढ़ाया, यूएस की निगरानी एजेंसी का दावा

**तेहरान/न्यूयार्क।** ईरान एटमी हथियार बनाने के बेहद करीब पहुंच गया है। संयुक्त राष्ट्र की एटमी निगरानी संस्था, अंतर्राष्ट्रीय एटमी ऊर्जा एजेंसी आईएईए ने एक गोपनीय रिपोर्ट में दावा किया है कि ईरान ने मिलिट्री ग्रेड यानी 60 प्रतिशत तक शुद्ध यूरेनियम का स्टाक बढ़ा दिया है। यह यूरेनियम एटमी हथियार बनाने के बेहद करीब माना जाता है।

एजेंसी ने ईरान से सहयोग बढ़ाने और अपनी नीति में बदलाव की अपील की है। यह रिपोर्ट ऐसे समय आई है जब अमेरिका और ईरान के बीच एटमी समझौते को फिर से शुरू करने की कोशिशें चल रही हैं। इसे लेकर दोनों पक्षों के बीच बातचीत हो रही है, लेकिन अभी कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है। वहीं इजरायल ने कहा कि आईएईए की रिपोर्ट दिखाती है कि ईरान एटमी हथियार बनाने की पूरी तैयारी कर चुका है। इजरायल ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से इसे तुरंत रोकने की अपील की है। अगर ईरान एटमी हथियार बना लेता है तो वह ऐसा करने वाला 10वां देश होगा। दुनिया में सबसे ज्यादा एटमी हथियार रूस के पास हैं। आईएईए (अंतर्राष्ट्रीय एटमी ऊर्जा एजेंसी) ने कहा है कि 17 मई तक ईरान के पास 60 प्रतिशत शुद्धता वाला करीब 408.6 किलो यूरेनियम था। यह मात्रा फरवरी की तुलना में 50 प्रतिशत ज्यादा है। यूरेनियम को जब ज्यादा शुद्ध किया जाता है, तो वह हथियार बनाने के लायक बन जाता है। 90 प्रतिशत शुद्ध यूरेनियम को हथियार-ग्रेड यानी एटमी बम बनाने लायक माना जाता है। 60 प्रतिशत पर पहुंच जाने का मतलब यह है कि ईरान अब उस स्तर से सिर्फ एक कदम पीछे है। आईएईए ने यह भी बताया कि अगर ईरान 60 प्रतिशत वाले करीब 42 किलो यूरेनियम को और ज्यादा शुद्ध कर दे, तो उससे एक एटमी बम बनाया जा सकता है। फिलहाल ईरान के पास कुल मिलाकर 9247.6 किलो समृद्ध यूरेनियम है। हालांकि ईरान का कहना है कि उसका एटमी कार्यक्रम बम बनाने के लिए नहीं बल्कि शांतिपूर्ण उद्देश्यों, जैसे बिजली बनाने या चिकित्सा के लिए है। ईरान के विदेश मंत्रालय और एटमी ऊर्जा संगठन ने इस रिपोर्ट को गलत और पक्षपातपूर्ण बताया।



**इसे लेकर दोनों पक्षों के बीच बातचीत हो रही है, लेकिन अभी कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है**

## युद्ध विराम वार्ता को कमजोर कर रहा हमास: इजरायल

**हमने अमेरिका समर्थित योजना पर 'सकारात्मक' प्रतिक्रिया दी है: हमास**

**यरूशलम।** इजरायल ने बंधकों की रिहाई के लिए अमेरिका की मध्यस्थता में तैयार किए गए नए प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है, लेकिन हमास इसे अस्वीकार करके वार्ता को बाधित कर रहा है।

यह जानकारी इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने दी। नेतन्याहू के कार्यालय ने हमास पर रूपरेखा को अस्वीकार करके प्रगति को बाधित करने का आरोप लगाया है। अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ का हवाला देते हुए बयान में कहा गया कि हमास की प्रतिक्रिया अस्वीकार्य है और स्थिति को पीछे ले जाती है। इजरायल हमारे बंधकों की वापसी और हमास की हार के लिए अपनी कार्रवाई जारी रखेगा। हमास ने हालांकि कहा कि उसने अमेरिका समर्थित योजना पर 'सकारात्मक' प्रतिक्रिया दी है, लेकिन लंबे समय तक युद्ध विराम की मांग सहित इसमें संशोधन की मांग भी की है। विटकॉफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हमास के जवाब को 'पूरी तरह से अस्वीकार्य' बताया और समूह से आगे की वार्ता का मार्ग प्रशस्त करने के लिए रूपरेखा को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यही एकमात्र तरीका है जिससे हम आने वाले दिनों में 60-दिवसीय युद्ध विराम समझौते को अंतिम रूप दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह समझौता शेष बंधकों में से आधे की रिहाई की सुविधा प्रदान करेगा, जिसमें मृत व्यक्ति भी शामिल हैं और स्थायी युद्ध विराम पर बातचीत का द्वार खोलेगा। अमेरिका द्वारा समर्थित प्रस्ताव में लड़ाई में 60-दिवसीय विराम, गाजा में अभी भी बंद 58 बंधकों में से 28 की रिहाई, 1200 से अधिक फलस्तीनी कैदियों का आदान-प्रदान और एन्क्लेव में मानवीय सहायता में वृद्धि शामिल है। उधर, हमास के वरिष्ठ अधिकारी बासम नैम ने इस दावे को खारिज कर दिया कि समूह ने प्रस्ताव को ठुकरा दिया है।

## शांति के बजाय हम पर दबाव बढ़ा रहा फ्रांस: रूस

**मॉस्को/पेरिस।** रूस ने कहा है कि फ्रांस शांति की कोशिश नहीं कर रहा है बल्कि उसके ऊपर दबाव बढ़ा रहा है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने रूसी पत्रकार पावेल ज़ारुबिन से कहा कि फ्रांस शांति की राह पर नहीं है। फ्रांस रूस पर दबाव बढ़ाने की राह पर है। उन्होंने कहा कि यह खेदजनक है कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों वास्तविक स्थिति को नहीं समझ पाए और उनका मानना था कि दबाव उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि केवल इस बात पर खेद व्यक्त किया जा सकता है कि फ्रांसीसी राष्ट्र के प्रमुख वास्तविक स्थिति को नहीं समझते हैं। इमैनुएल मैक्रों ने बार-बार रूस विरोधी बयान और प्रस्ताव दिए हैं।